सुप्रभात
रांची, सोमवार
11.12.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net अगहन, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 148



12 भूल-भुलैया-3 में सारा अली खान के साथ नजर आ सकते हैं कार्तिक आर्यन

## न्यूज डायरी

### बड़े भाई और भाभी को टांगी से काट डाला

**लोहरदगा।** भंडरा थाना क्षेत्र के खवास खिजरी तेतर चुआ गांव में जीतू उरांव ने अपने सगे बड़े भाई सुकरा उरांव (50) और उसकी पत्नी गायत्री देवी (45) की हत्या रविवार को दिनदहाड़े उसके घर में घुसकर टांगी से काट कर दी। हत्या का कारण आपसी बंटवारा को बताया जा रहा है।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत, एक गंभीर

**खूंटी।** खूंटी-रांची मुख्य मार्ग पर बिरसा मृग विहार के पास रविवार को हुई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी, जबकि बाइक सवार दूसरा युवक गंभीर है। मृतक पानी टंकी पिपराटोली खूंटी का राजा चौधरी (20) और घायल युवक आर्या मुंडा (मुरहू) का है।

### साइबर ठगी के छह आरोपित गिरफ्तार

**गिरिडीह।** साइबर अपराधियों के खिलाफ अभियान में गिरिडीह पुलिस छह आरोपितों को पकड़ा है। इनके पास ठगी के आठ लाख 29 हजार 600 रुपये के साथ एक दर्जन मोबाइल, 21 एटीएम, पासबुक, छह पासबुक, चार पैनकार्ड और दो आधार कार्ड भी जब्त किया है।

### सड़क हादसे में दूल्हा-दुल्हन समेत 5 की मौत

**छत्तीसगढ़।** जांजगीर-चांपा जिले में रविवार को एक ट्रक की चपेट में आकर कार सवार नवविवाहित जोड़े समेत पांच लोगों की मौत हो गयी। जिले के बलौदा निवासी शुभम सोनी की बारात लौटने के क्रम में सामने से आ रहे एक ट्रक से उनकी टक्कर हो गयी थी।

### टैंकर में घुसी कार आठ लोग जिंदा जले

**बरेली।** उत्तर प्रदेश में बरेली-नैनीताल हाइवे पर डंपर से टक्कराने से कार में आग लग गयी, जिससे कार सवार सभी आठ लोग जिंदा जलकर मर गये। बरेली में भोजीपुरा थाना क्षेत्र में नैनीताल हाईवे पर शनिवार देर रात यहा भीषण हादसा हो गया था।

### गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों शूटर गिरफ्तार

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में हुए श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों शूटरों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में शूटर रोहित राठौड़ और नितिन फौजी के साथ उनका सहयोगी उधम सिंह को चंडीगढ़ से शनिवार देर रात पकड़ा है।

### केंद्र बकाया दे, बंगाल को होगा लाभ : ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दावा किया कि यदि केंद्र राज्य की बकाया राशि दे देता तो बंगाल की कल्याणकारी योजनाओं बढ़ती, जिसका फायदा यहां के लोगों को होता। कहा, भाजपा के विपरीत मैं हमेशा अपना वादा निभाती हूं।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 58,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 75,000 रु./प्रति किलो |

## तीसरी आंख




## पहली बार झारखंड आये उपराष्ट्रपति का राज्यपाल और सीएम ने किया जोरदार स्वागत

# विकसित राष्ट्र बनाने में आर्थिक राष्ट्रवाद अहम : धनखड़

- आज तेज गति से विकास यात्रा पर आगे बढ़ रहा है भारत
- हमने यूके को पीछे छोड़ा है और अब जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ने वाले हैं

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ रविवार को अपने पहले दौरे पर झारखंड दौरे पर पहुंचे। रांची एयरपोर्ट पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन और सीएम हेमंत सोरेन ने उनका स्वागत किया। रांची पहुंचने के बाद उपराष्ट्रपति सेना के हेलीकॉप्टर से जमशेदपुर में जेवियर स्कूल ऑफ मैनेजमेंट (एक्सएलआरआइ) के प्लेटिनम जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहां से धनबाद के आइआइटी-आइएसएम के 43वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

**आर्थिक राष्ट्रवाद अपनाने का आग्रह :** उन्होंने छात्रों से आर्थिक राष्ट्रवाद को अपनाने का आग्रह करते हुए कहा कि आर्थिक राष्ट्रवाद विकसित भारत की यात्रा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि भारत आज तेज गात से विकास यात्रा पर आगे बढ़ रहा है और यह अब बढ़त अजेय है। भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। अब हम दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था सबसे





बड़ी बनने की राह पर हैं। हमने यूके को पीछे छोड़ा है और अब जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ने वाले हैं।

**दीक्षांत समारोह :** जमशेदपुर से उपराष्ट्रपति धनबाद के आइआइटी-आइएसएम के 43वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने 43 मेधावी बच्चों को गोल्ड मेडल से किया सम्मानित किया। उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर रांची, जमशेदपुर और धनबाद में कड़ी सुरक्षा की व्यवस्था थी।

### एक्सएलआरआइ की सराहना

उपराष्ट्रपति ने संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी संस्थान के लिए सफलता पूर्वक 75 साल पूरे करना बड़ी बात होती है, लेकिन किसी संस्थान के 75 साल होने के बाद भी जब उसके प्रति लोगों में सम्मान का भाव रहे तो यह वाकई में गौरवान्वित करने वाली बात होती है। उन्होंने एक्सएलआरआई को उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण के 75 वर्ष पूरे करने पर बधाई दी। इससे पूर्व उन्होंने टाटा स्टील के ग्लोबल सीइओ सह एमडी टीवी नरेंद्रन, एक्सएलआरआइ के डायरेक्टर फादर एस जॉर्ज, डीन एडमिन फादर डोनाल्ड डिसिल्वा, डीन एकेडमिक प्रो. संजय पात्रो के साथ संयुक्त रूप से दीप जला कर कार्यक्रम की शुरुआत की।

## सांसद के ठिकानों पर आइटी छापा जारी, दो प्रबंधकों से पूछताछ

# नोटों की गिनती जारी, 800-1000 करोड़ रुपये तक कैश का अनुमान

- चार दिनों में अबतक 500 करोड़ से अधिक बरामद

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची, भुवनेश्वर।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू से संबंधित बौध डिस्टिलरीज कंपनी के ठिकाने पर रविवार को पांचवें दिन भी आयकर विभाग (आईटी) की छापेमारी हुई। कंपनी के दोनों मैनेजर राजेश साहू और बंटी साहू से पूछताछ की जा रही है। जब्त नोटों की गिनती एसबीआइ के बोलांगीर स्थित मुख्य ब्रांच में जारी है। नोटों की गिनती पूरी की जा सके इसके लिए अधिक काउंटिंग मशीनें और मैनपावर लगाये गये हैं।

अबतक करीब 500 करोड़ की गिनती हो चुकी है। ओड़िशा एसबीआइ के अनुसार पूरी गिनती होने तक यह आंकड़ा 800 से



1000 करोड़ तक जा सकता है। पहले दो-तीन दिनों की छापेमारी में 300 करोड़ से अधिक बरामद हुए थे। चौथे दिन ओड़िशा में धीरज साहू के मैनेजर के घर से 200 करोड़ से अधिक की बरामदगी की बात सामने आयी है। कुल मिलाकर चार दिनों की छापेमारी में 500 से भी अधिक कैश मिले हैं।

**राशि काफी अधिक होने का अनुमान :** ओड़िशा एसबीआइ के क्षेत्रीय प्रबंधक भगत बेहरा ने बताया कि हमें 176 बैग मिले और उनमें से 140 की गिनती हो चुकी है। बाकी की गिनती जारी है। उन्होंने बताया कि सांसद के ठिकानों से जितनी नकदी मिल रही है, पूरी गिनती होने पर आंकड़ा 800-1000 करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है। गिनती में तीन बैंकों के सौ से अधिक कर्मचारी कैश गिनने में शामिल हैं। हमारे 50 अधिकारी इसमें शामिल हैं। नोट गिनने में 40 मशीनें यहां लायी गयी हैं। 25 उपयोग में हैं और 15 बैकअप के रूप में हैं।

उल्लेखनीय है कि सांसद धीरज साहू के ठिकानों पर छह दिसंबर से छापेमारी चल रही है। फिलहाल जांच में क्या बरामद क्या-क्या बरामद हुआ है इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। जांच टीम रांची, लोहरदगा और ओड़िशा के ठिकानों से मिले बही खातों और कागजातों की छानबीन कर रही है। रांची आवास में रविवार को भी ओड़िशा से रजिस्टर्ड नबंर की गाड़ियां लगी हुई थीं। पुलिस भी तैनात थी।

## छत्तीसगढ़ में दो डिप्टी सीएम होंगे, रमन सिंह बनेंगे स्पीकर

# आदिवासी नेता विष्णु देव साय नये सीएम

- राज्यपाल से मिल सरकार बनाने का दावा पेश किया



**एजेंसी**

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री के लिए भाजपा की तरफ से रविवार को विष्णु देव साय (बीडीएस) के नाम पर मुहर लगने के बाद उन्होंने राज्यपाल से मुलाकात की और राज्य में सरकार बनाने का दावा पेश कर दिया। इसके साथ ही राज्य में दो उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा बनाये जा रहे हैं। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह विधानसभा के अध्यक्ष बनाये जायेंगे। रविवार को पार्टी पर्यवेक्षकों केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, सर्बानंद सोनोवाल तथा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम की उपस्थिति में पार्टी के नव निर्वाचित विधायकों के दल ने श्री साय को अपना नेता चुना। पूर्व सीएम रमन सिंह ने श्री साय के नाम का प्रस्ताव किया। प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव और वरिष्ठ नेता बृजमोहन अग्रवाल ने उनका समर्थन किया। बैठक में प्रदेश प्रभारी ओम माथुर, केंद्रीय मंत्री और चुनाव सह प्रभारी डॉक्टर मनसुख मांडविया, भाजपा संगठन सह प्रभारी नितिन नबीन भी मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से साय के नाम की घोषणा होने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने साय का स्वागत किया। वह राज्य के बड़े आदिवासी चेहरा माने जाते हैं। (शेष पेज 11 पर)

### मोदी की गारंटी पूरा करने का संकल्प

सीएम चुने जाने के बाद साय ने संवाददाताओं से कहा, एक मुख्यमंत्री के रूप में, मैं सरकार के माध्यम से मोदी की गारंटी को पूरा करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि राज्य में पीएम आवास योजना के तहत 18 लाख घरों को मंजूरी उनकी सरकार का पहला काम होगा। पूर्व केंद्रीय मंत्री साय सरगुजा संभाग की कुनकुरी सीट से विधायक के रूप में चुने गये हैं। भाजपा ने इस संभाग के सभी 14 सीट जीती हैं। चुनाव में जाने के दौरान भाजपा ने किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने और महिलाओं को प्रति वर्ष 12 हजार रुपये देने समेत कई वादे किये हैं, उसे पूरा करूंगा। श्री साय ने पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत सभी के प्रति एक छोटे से कार्यकर्ता पर विश्वास जताने के लिए आभार जताया।

# धीरज साहू को शो कॉज, पैसे से कोई लेनादेना नहीं : कांग्रेस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आइटी रेड में नकद बरामदगी के बाद कांग्रेस ने राज्यसभा सांसद धीरज साहू को शो कॉज जारी किया है। स्पष्टीकरण में उनसे पूछा गया है कि उनके पास इतना पैसा कहां से आया और ये पैसे किसके हैं। प्रदेश कांग्रेस प्रभारी और एआइसीसी सदस्य अविनाश पांडे ने रविवार को रांची में यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि धीरज साहू के पास से मिले पैसे से कांग्रेस पार्टी का कोई लेना-देना नहीं है। आयकर विभाग ने इस मामले में अभी तक कुछ भी स्पष्ट नहीं किया है। जब तक आधिकारिक रूप से आईटी की टीम कोई जानकारी नहीं देती और खुद धीरज साहू के परिवार वाले अपना पक्ष नहीं रखते हैं, तब तक पार्टी इस पर कोई भी टिप्पणी नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि समय आने पर पार्टी भाजपा के हर सवालों का जवाब उनके अंदाज में देगी।

**बचाव भी किया :** अविनाश पांडे ने धीरज साहू का बचाव करते हुए कहा कि सभी को पता है कि साहू परिवार झारखंड और राष्ट्रीय स्तर पर एक बड़े व्यावसायिक घराने की श्रेणी में आता है। उनके संयुक्त परिवार का सामूहिक कारोबार है। वह परिवार 100 वर्षों से अधिक समय से व्यवसाय में है। इतनी बड़ी मात्रा में पैसा उनके पास कहां से आया, इसकी जानकारी तो वही दे सकते हैं लेकिन चूंकि वह कांग्रेस से जुड़े हैं और राज्यसभा सदस्य हैं, इसलिए कांग्रेस ने उन्हें शो कॉज किया है।

### भ्रष्टाचार कांग्रेस के स्वभाव में है : अमित शाह



अमित शाह और अविनाश पांडेय (दायें)।

उधर नयी दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस सांसद धीरज साहू प्रकरण पर विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधा है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के यहां से बड़ी संख्या में कैश रिकवरी के बाद उन्होंने कहा कि मैं बहुत हैरान हूं, आजादी के बाद किसी सांसद के घर से इतनी बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई है। करोड़ों रुपये की वसूली हुई है लेकिन पूरा इंडी गठबंधन इस भ्रष्टाचार पर चुप है। मैं समझता हूं कि कांग्रेस चुप है क्योंकि भ्रष्टाचार उनके स्वभाव में है। लेकिन जदयू, राजद, द्रमुक और सपा सभी चुप बैठे हैं...। अब मुझे समझ में आया कि पीएम मोदी के खिलाफ अभियान क्यों चलाया गया कि एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। यह इसलिए चलाया गया क्योंकि उनके मन में डर था कि उनके भ्रष्टाचार के सारे राज खुल जायेंगे। इससे पहले पीएम मोदी ने भी कांग्रेस सांसद धीरज प्रसाद साहू प्रकरण में एक्स पर एक पोस्ट में लिखा था देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के 'भाषणों' को सुनें...। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस सांसद के यहां से 'बेहिसाब' नकदी की बरामदगी पर कहा भ्रष्टाचार का यह एटीएम गांधी परिवार में किसका है, इस सवाल के जवाब का इंतजार रहेगा।

### राजस्थान में बैठक टली मध्य प्रदेश में आज

**नयी दिल्ली।** राजस्थान में नये सीएम का मामला लंबा खींचता जा रहा है। विधायक दल की बैठक अब मंगलवार को होगी। पहले सोमवार को बैठक प्रस्तावित थी। जानकारों का कहना है कि वसुंधरा राजे जिद पर अड़ी हुई है। ऐसे में सहमति नहीं बन पाने की वजह से पर्यवेक्षकों का जयपुर आने का दौरा टल गया है। राजनीति विश्लेषकों का कहना है कि वसुंधरा राजे मोदी-शाह को मैडम चुनौती दे रही है।

**एमपी में विधायक दल की बैठक आज :** भाजपा के नवनिर्वाचित विधायकों की बैठक सोमवार को भोपाल में होगी, जिसमें विधायक दल का नेता चुना जायेगा। बैठक में केंद्रीय संगठन की ओर से नियुक्त तीनों पर्यवेक्षक मौजूद रहेंगे।

# कोहरे को लेकर पांच राज्यों में अलर्ट जारी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पांच राज्यों के अलग-अलग इलाकों में कोहरे का अलर्ट जारी किया है। आइएमडी के बयान में कहा गया है कि 12 दिसंबर को उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में अलग-अलग स्थानों पर ओलावृष्टि की भी संभावना है। पिछले कुछ दिनों में तमिलनाडु और आंध्र प्रदेश राज्यों को तबाह करने वाला चक्रवाती परिसंचरण मिचौंग अब कमजोर हो गया है। यह झारखंड में कम दबाव वाले क्षेत्र में बदल गया है। इससे राज्य भर में कई दिनों तक बारिश हुई और हल्की से मध्यम बारिश के आसार अब भी बने हुए हैं। आइएमडी के अनुसार 11 दिसंबर को उत्तरी मध्य प्रदेश, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल, सिक्किम, असम और मेघालय के अलग-अलग हिस्सों में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहेगा। 11 से एक ताजा कमजोर पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार उपहिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम तथा असम और मेघालय के अलग-अलग हिस्सों में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहेगा।

# 19 को दिल्ली में इंडी गठबंधन की बैठक, सीट बंटवारे पर चर्चा

- नेताओं के नहीं आने से छह दिसंबर की बैठक टल गयी थी

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** आइएनडीआइए गठबंधन की अगली बैठक 19 दिसंबर को नयी दिल्ली में बुलायी गयी है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। जयराम ने एक्स पर लिखा, गठबंधन की सभी पार्टियों के नेताओं की चौथी बैठक मंगलवार 19 को दोपहर 3 बजे से होगी।

दरअसल, कांग्रेस ने पांच राज्यों के चुनाव नतीजे आने के बाद 6 दिसंबर को गठबंधन की बैठक बुलाई थी। उस बैठक में कई नेताओं ने आने से इनकार से आनन-फानन में बैठक को अगली तारीख तक के लिए टाल दिया गया था। बैठक के एजंडे में अगले लोकसभा चुनाव के लिए घटक दलों के बीच सीटों के तालमेल का मुद्दा शीर्ष पर होगा।

कई घटक विभिन्न राज्यों में सीट बंटवारे पर तेजी से निर्णय लेने के लिए दबाव डाल रहे हैं ताकि उम्मीदवारों को प्रचार के लिए पर्याप्त समय मिल सके और जमीनी स्तर पर स्थिति का आकलन किया जा सके। लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का मुकाबला करने के लिए 26 विपक्षी दलों ने इंडिया गठबंधन बनाया है।

## अमित शाह के समक्ष पूर्वी परिषद की बैठक में झारखंड ने अपनी मांगें उठायी

# कोल इंडिया से 78270 करोड़ बकाया दिलवायें : डॉ उरांव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बिहार की राजधानी पटना में केंद्रीय गृह मंत्री अमित साह की अध्यक्षा में हुई 26वीं पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में झारखंड ने राज्य के बकाये का मुद्दा उठाया। केंद्र से शीघ्र उक्त राशि के भुगतान की मांग की। झारखंड की ओर से वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने प्रतिनिधित्व किया। बैठक में बिहार के सीएम नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव समेत कई मौदूद थे। पश्चिम बंगाल और ओड़िशा सीएम के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।

क्षेत्रीय परिषद द्विपक्षीय, बहुपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों को बातचीत के माध्यम से सुलझाने का एक महत्वपूर्ण मंच हैं। रविवार की बैठक में संसाधनों के वितरण, करों में हिस्सेदारी, राज्यों के पारस्परिक विवादों, उग्रवाद, कानून और व्यवस्था पर चर्चा की गयी। (शेष पेज 11 पर)

### उग्रवाद नियंत्रण में मदद मांगी

डा उरांव ने उग्रवाद प्रभावित राज्य में झारखंड में उग्रवाद की समस्या से निपटने के लिए केंद्र से सहयोग मांगा। साथ ही केंद्रीय बलों की प्रतिनियुक्ति पर राज्य सरकार की ओर से किये जा रहे भुगतान पर राहत मांगी। उन्होंने कहा कि केंद्र के सहयोग से ही राज्य में उग्रवाद को खत्म किया जा सकता है। वित्त मंत्री ने राज्य में कुपोषण उन्मूलन और एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय समेत एमआरएस विद्यालयों की स्थापना की भी मांग की। वित्त मंत्री ने गृह मंत्री से कहा कि राज्य के विकास में बैंकों की अहम भूमिका होती है, पर झारखंड में बैंकों का अपेक्षित सहयोग



नहीं मिल रहा है। उन्होंने सभी बैंकों को राज्य को अपेक्षित सहयोग देने के लिए गृह मंत्री को निर्देशित करने की मांग की।

### पहली बार तीन-तीन राज्यों के सीएम नहीं पहुंचे

ऐसा पहली बार ऐसा हुआ जब पूर्वी राज्यों की परिषद की बैठक में तीन राज्यों के सीएम नहीं पहुंच सके। अमित शाह का स्वागत करते नीतीश कुमार बिहार को विशेष राज्य के दर्जे की मांग करने की बात कही। साथ ही नदी जोड़ो अभियान के तहत बिहार में एक बड़ा डैम निर्माण कर करने की मांग भी की। झारखंड में पेंशन को लेकर पुराने विवाद पर भी बैठक में चर्चा की।

भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांत वाजपेई पहुंचे रांची, कांग्रेस पार्टी पर साधा निशाना, कहा

# आदित्य साहू के ठिकानों से बरामद हो रहे अरबों रुपये जनता के लूटे हुए पैसे

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने रविवार को कांग्रेस पार्टी पर बड़ा निशाना साधा। डॉ वाजपेई रविवार को एक दिवसीय प्रवास पर रांची आये। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सांसद आदित्य साहू के ठिकानों से बरामद हो रहे अरबों नकद रुपये मुहब्बत की दुकान के काउंटर से मिलने वाले पैसे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की चुप्पी यह साबित कर रही है ये पैसे उनके हैं, उनकी सरकारों के हैं। उन्हीं के नेताओं के हैं। ये जनता की गाढ़ी कमाई के लूटे हुए पैसे हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार मुक्त भारत मोदी की गारंटी है। जांच एजेंसियां अपना काम कर रही है। सारा दूध का दूध पानी का पानी साफ हो जायेगा। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी विश्वास के जेनरेटर हैं। जनता मोदी जी पर विश्वास करती है। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में जनता तीसरी बार मोदी सरकार के लिए संकल्पित है। झारखंड के हालात पर कहा कि हेमंत सरकार ने जल जंगल जमीन को लूटा और लुटवाया। युवाओं को धोखा दिया। किसानों को निराश किया। उन्होंने कहा कि विधि व्यवस्था ध्वस्त है। महिलाओं की स्थिति भयावह है। लव जिहाद, धर्मांतरण चरम पर है।

## सांसद धीरज साहू के ठिकानों से करोड़ों कैश बरामद मामले की ईडी करे जांच : सीपी सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** भाजपा विधायक सीपी सिंह ने कहा है कि कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों से बरामद नकदी को लेकर ईडी जांच शुरू करे। श्री सिंह रविवार को राजभवन के समक्ष धरना को संबोधित कर रहे थे। यह धरना भाजपा महानगर एवं ग्रामीण की ओर से आयोजित किया गया था। कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी है। कांग्रेस पार्टी का इतिहास दागदार रहा है। इसके पहले भी कांग्रेस के सहयोग से चल रही मधु कोड़ा के नेतृत्व में चली सरकार ने भरपूर लूटा था। इससे पूरे देश में झारखंड की छवि धूमिल हुई थी। इस बार फिर वही कांग्रेस सांसद ने लोगों की गाढ़ी कमाई को लूट कर अलमीरा का अलमीरा नोटो से भर दिया। अब कांग्रेस के लोग सांसद धीरज साहु को बचाने एवं सही ठहराने में थोथी दलीले दे रहें है।

मौके पर भाजपा के ग्रामीण जिलाध्यक्ष सुरेंद्र महतो, बलराम सिंह, नरेन्द्र सिंह, गंगोत्री कुजूर, प्रतुल शाहदेव, रामकुमार पाहन, रमेश सिंह, कमाल खान, राजश्री जयंती, राजू सिंह, जितेन्द्र सिंह पटेल, मानकी राजेंद्र शाही, मनोज वाजपेई, जितेन्द्र वर्मा, ललिता ओझा, रामलगन राम, रोमित नारायण सिंह, गोपाल सोनी, सुजीत शर्मा, सुवेश पाण्डे, विनोद महतो, सुभाष अग्रवाल, मुनेश्वर साहु, उमेश यादव, राकेश शर्मा, पायल सोनी आदि उपस्थित थे।

## झारखंड का सत्ताधारी दल जनता का विश्वास जीतने में असफल : सुदेश



### आजसू के मिलन समारोह में झामुमो और कांग्रेस के कार्यकर्ता और नेताओं ने थामा पार्टी का दामन

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अखिल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) का कुनबा बढ़ रहा है। प्रदेश मुख्यालय में रविवार को आयोजित मिलन समारोह के दौरान झामुमो और कांग्रेस के सैकड़ों पदाधिकारियों ने पार्टी का दामन थामा। मौके पर पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा कि राज्य की मौजूदा व्यवस्था से आम जनता नाखुश है। राज्य सरकार की गलत नीतियों का असर आम आदमी के जीवन पर पड़ रहा है। गैर जवाबदेह शासन प्रदेश को पीछे धकेल रहा है। जिन्हें जनता ने सत्ता संभालने की जिम्मेदारी दी, वे जनता का विश्वास जीतने में विफल रहे हैं।

**2024 में झारखंड को विकास के पटरी पर लाना लक्ष्य** : गौरतलब हो कि लोहरदगा, जमशेदपुर और रांची से झामुमो-कांग्रेस के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, समाज सेवी, शिक्षाविद और बुद्धिजिवियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सभी को सदस्यता ग्रहण करने के बाद सुदेश ने कहा कि अच्छे विचार के साथ प्रदेश में काम करने का समय आ गया है। वर्ष 2024 में हम सभी को मिलकर झारखंड को विकास के पटरी पर लाना है।

**झारखंड तो बना लेकिन सपने पूरे नहीं हुए** : झामुमो में 30 साल तक रहने के बाद पार्टी में शामिल हुए लोहरदगा जिला सचिव रंतु उरांव ने कहा कि जिस आशा और उम्मीद से झारखंड का निर्माण वह पूरा नहीं हुआ। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार बनी लेकिन वो झारखंड को संवारने में विफल रही, इसलिए आजसू पार्टी में शामिल हो रहा हूं। मौके पर देवशरण भगत, हसन अंसारी, लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत, मुकुंद चंद्र मेहता, लाल गुड्डू नाथ शाहदेव मौजूद रहे।

खबर एक नजर में

### रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिलीं आशा लकड़ा

रांची। भाजपा की राष्ट्रीय सचिव डा आशा लकड़ा रविवार को दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से शिष्टाचार भेंट की।इस दौरान उन्होंने रक्षा मंत्री से झारखंड की स्थिति पर विशेष चर्चा की ।

### अदाणी लिमिटेड के निदेशक विनय प्रकाश को मिली पीएचडी डिग्री



**रांची।** आईआईटी-आईएसएम धनबाद के दीक्षांत समारोह में रविवार को अदाणी इंटरप्राइजेज लिमिटेड के निदेशक और नेचुरल रिसोर्सेस के सीईओ विनय प्रकाश को आईआईटी-आईएसएम के निदेशक प्रो जेके पटनायक ने पीएचडी की डिग्री प्रदान कर सम्मानित किया।

### भाजपा ने छत्तीसगढ़ के नवनियुक्त मुख्यमंत्री विष्णुदेव सोय को दी बधाई

**स्पीकर के लिए मनोनित रमन सिंह को भी दी बधाई**



विष्णुदेव सोय
छत्तीसगढ़ के नए सीएम

**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने छत्तीसगढ़ के नव मनोनित मुख्यमंत्री विष्णुदेव सोय, स्पीकर डॉ रमन सिंह, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। श्री मरांडी ने कहा कि श्री साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की सरकार जनता के लिए मोदी की गारंटी को धरातल पर तीव्र गति से उतारेगी। उन्होंने कहा कि जनजाति समाज को भाजपा केंद्रीय नेतृत्व ने फिर एकबार बड़ा सम्मान दिया है। उन्होंने कहा कि साय मंत्रीमंडल सबका साथ, सबका विकास के लिए समर्पित रहेगी।

### झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत पांच किलो चावल वितरण का बना नियम



**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के कार्यान्वयन के लिए नये सिरे से नियम तय किए हैं। इसके तहत अब राज्य के किसानों से धान की खरीद योजना से तैयार कस्टमड मिल्ड राइस से खाद्य सुरक्षा के लाभुकों को हर माह पांच-पांच किलो चावल का वितरण किया जायेगा। वहीं अगर सीएमआर के जरिये चावल उपलब्ध नहीं होता है तो भारतीय खाद्य निगम या किसी अन्य राज्यों से चावल की खरीद कर लाभुकों को वितरित की जायेगी। वहीं, इससे भी चावल की आपूति नहीं हो पाती है तो कृषि विभाग के नियमों के आधार पर टेंडर का चावल खरीदा जायेगा। इसमें आपूर्तिकर्ता को गोदाम तक पांच किलो के बंद पैकेट में चावल पहुंचाना होगा। खाद्य आपूर्ति विभाग इसके लिए अलग से कोई परिवहन शुल्क नहीं देगी। इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया गया है।

## बासुकीनाथ नगर पंचायत में 105 करोड़ से शुरू होगी सॉलिड वेस्ट परियोजना

**नगर विकास विभाग ने तैयार की इसे धरातल पर उतारने की योजना**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** बासुकीनाथ नगर पंचायत में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन योजना पर 105.515 करोड़ रुपये खर्च किए जायेंगे। नगर विकास विभाग ने इसकी योजना तैयार की है। इसे अब धरातल पर उतारने पर तेजी से काम हो रहा है। राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण द्वारा भी एमएसवी रूल्स 2016 के अनुसार ठोस अपशिष्ट का आधुनिक एवं वैज्ञानिक तकनीक द्वारा प्रबंधन पर जोर दिया गया है। इसी के आलोक में यह योजना बनी है।

**प्लांट के लिए उपलब्ध है करीब 4.5 एकड़ जमीन** : अधिकारियों ने बताया कि टीएसपी प्रक्षेत्र में बासुकीनाथ नगर पंचायत में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट के लिए करीब 4.5 एकड़ जमीन उपलब्ध है। ऐसे में उक्त स्थल पर इसे स्थापित किया जायेगा। पीपीपी मोड पर प्राइवेट कंपनी का चयन कर पूरे निकाय क्षेत्र से डोर टू डोर कचरा उठाव, परिवहन, कचरे को बांट कर उसका प्रोसेसिंग किया जायेगा। अगामी 20 वर्षो तक के लिए यह योजना तैयार की गयी है, जिसमें साइंटीफिक सैनीटरी लैंड फिलिंग कार्य सहित अन्य काम भी किए जायेंगे।

**अलग से रखा गया है तीन करोड़ का प्रावधान** : सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट योजना के लिए उपयोग में लाये जाने वाहनों का भी क्रय जेम पोर्टल के द्वारा किया जायेगा। इसके लिए तीन करोड़ का अलग से प्रावधान रखा गया है। प्रस्ताव पर राज्य सरकार के सभी स्तर से स्वीकृति ली गयी है। राज्य शहरी विकास अभि करण के द्वारा इसकी निविदा जारी की जायेगी।

बिहार के सीएम नीतीश कुमार का 21 दिसंबर को रामगढ़ में रैली कार्यक्रम

# अपने पुराने जनाधार को वापस लाने में जुटा जदयू, झारखंड में हुआ एक्टिव

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में जनता दल यूनाइटेड (जदयू) अपने पुराने जनाधार को फिर से वापस लाने में जुट गया है। रणनीति बननी शुरू हो गयी है। पार्टी के सारे शीर्ष नेता का झारखंड दौरा शुरू हो चुका है। पार्टी झारखंड में पूरी तरह से एक्टिव दिख रही है। कुछ दिनों पहले पार्टी प्रभारी अशोक चौधरी झारखंड पहुंचे और पार्टी नेताओं के साथ बैठक की। आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव कैसे लड़ना है, चुनाव को लेकर क्या रणनीति अपनाया जाये इस पर मंथन शुरू हो चुका है। पार्टी अपने कार्यकर्ताओं को कई जिम्मेदारियां भी दे रही हैं। जनता दल यूनाइटेड अपने वोट बैंक को मजबूत करने के लिए झारखंड में भी कास्ट इक्वेशन समीकरण पर विचार कर रही है।

### झारखंड में 23 फीसदी कुर्मी मतदाता

गौरतलब हो कि झारखंड में करीब 23 फीसदी कुर्मी मतदाता हैं, जिनमें 32 विधानसभा सीटों और छह लोकसभा सीटों पर उनकी निर्णायक भूमिका है। गौरतलब है कि झारखंड में जेडीयू के सबसे बड़े नेता खीरू महतो हैं जो कुर्मी समुदाय से आते हैं। अगर भाजपा से सांसद रहे रामटहल चौधरी जदयू में शामिल होते हैं तो ये पार्टी के लिए कोरामिन की दवा बन सकते हैं। हालांकि पार्टी यहां न सिर्फ ओबीसी बल्कि अनुसूचित जनजाति और अनुसूचित जाति के बीच भी जायेगी और हर वर्ग तक अपनी पार्टी को पहुंचाने का काम करने का मन बनाया है। बता दें कि झारखंड में सुधा चौधरी, राजा पीटर, रमेश सिंह मुंडा, जलेश्वर महतो, खीरू महतो, मधु सिंह व रामचंद्र केशरी समेत कई बड़े नेता हुआ करते थे जो सदन के अंदर जेडीयू की मौजूदगी सुनिश्चित करते थे। झारखंड में पार्टी की मजबूती के लिए जदयू की फिर से वैसी ही कोशिश है।

### झारखंड के रामगढ़ में होगी सीएम नीतीश की पहली रैली

वहीं, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पहली रैली झारखंड के रामगढ़ में होंगी। 21 दिसंबर को नीतीश जोहार के नाम से प्रदेश जदयू झारखंड में उनकी विशाल जनसभा आयोजित कराएगी। पार्टी की तरफ से बताया गया है कि आने वाले दिनों में हमारी कोशिश होगी कि झारखंड के सभी प्रमंडलों में उनकी सभा होगी।

## कारगिल युद्ध में शामिल सूबेदार और रिटायर्ड अफसर कांग्रेस में शामिल

**कांग्रेस पार्टी चला रही आ अब लौट चलें कार्यक्रम**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस एक ओर जहां पुराने कांग्रेसियों को घर वापसी के लिए आ अब लौट चलें कार्यक्रम चला रही है वहीं, दूसरी ओर नये लोगों को भी जोड़ने का काम कर रही है। इसी कड़ी में रविवार को कारगिल युद्ध के वीर हृदयानंद यादव और झारखंड प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी संजय सिंह को कांग्रेस में शामिल किया गया। मिलन समारोह में झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे भी शामिल हुए। रिटायर्ड सैनिक और राज्य के रिटायर्ड अधिकारी को कांग्रेस में शामिल कराने के बाद अविनाश पांडे ने कहा कि आज देश की विचारधारा, यहां की गंगा जमुनी संस्कृति को बचाने, संविधान को बचाने की लड़ाई चल रही है। कहा कि सूबेदार हृदयानंद और रिटायर्ड अधिकारी संजय सिंह के पार्टी में शामिल होने का लाभ कांग्रेस को मिलेगा। उन्होंने कहा कि ये दोनों पार्टी की विचारधारा से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं और हो रहे हैं।

पार्टी में शामिल होने के बाद सूबेदार हृदयानंद यादव ने कहा कि पहले संविधान को खतरा दूसरे देशों से था, लेकिन लगता है कि आज संविधान को देश के अंदर वालो से खतरा है। लड़ाई देश के अंदर लड़ना है। इसके लिए वो कांग्रेस में शामिल हुए हैं।

झारखंड प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी संजय सिंह ने कांग्रेस में शामिल होने के बाद कहा कि पहले वह कुर्सी पर बैठकर जनता की सेवा करते थे, अब कुर्सी पर बैठने वालों से आम जनता को उनका अधिकार दिलवाएंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी जिस काम मे उन्हें लगाएगी, पूरी कर्मठता के साथ मिली जिम्मेवारी को पूरा करेंगे।

300 करोड़ से ज्यादा जब्त होने के बावजूद कांग्रेस नेता धीरज साहू ने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी

# कांग्रेस के रास सांसद धीरज साहू और उनका परिवार कई बार आ चुका है आइटी की जद में

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू एंड फैमिली की शराब कंपनियों के ओड़िशा स्थित दफ्तरों से 300 करोड़ से ज्यादा नगद बरामद होने के बाद इनके नाम के साथ धन कुबेर शब्द भी जुड़ गया है। धीरज साहू और उनके परिवार पर पहली बार इनकम टैक्स की टीम ने दबिश दी है, वे पूर्व में भी आईटी के जद में आ चुके हैं।

मई 2018 में तीसरी बार राज्यसभा सदस्य के रूप में चुने जाने के बाद दिसंबर 2019 में तब धीरज साहू सुर्खियों में आए थे, जब दिल्ली जाते वक्त रांची एयरपोर्ट पर उनके बैग से करीब 30 लाख रुपए नगद का पता चला था। बैग की स्कैनिंग के दौरान भारी भरकम कैश का पता चलते ही सीआइएसएफ की टीम ने इनकम टैक्स विभाग को इसकी जानकारी दी थी। उस वक्त विस्तारा एयरवेज की फ्लाइट के टेक ऑफ का टाइम हो चुका था। इसलिए इनकम टैक्स की टीम ने दिल्ली में उनसे पूछताछ की थी। धीरज साहू ने कैश से संबंधित कागजात पेश किया था। उसी आधार पर इनकम टैक्स की टीम ने उन्हें कैश के साथ जाने दिया था लेकिन उसी दौरान उनके लोहरदगा स्थित आवास पर इनकम टैक्स की टीम जांच पड़ताल के लिए पहुंची थी।



साहू फैमिली तब दूसरी बार चर्चा में आई थी जब 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान धीरज साहू के भाई गोपाल साहू हजारीबाग में भाजपा प्रत्याशी जयंत सिन्हा से लड़ने के लिए चुनाव के मैदान में उतरे थे। बेशुमार संपत्ति के मालिक गोपाल साहू ने हजारीबाग के होटल ए.के. इंटरनेशनल में पार्टी का कैंप कार्यालय बनाया था। उस दौरान भी छापा पड़ा था। तब उनके दफ्तर से करीब 22 लाख रुपए मिले थे। उस वक्त इनकम टैक्स टीम की पूछताछ के दौरान गोपाल साहू नहीं बता पाए कि पैसे आखिर कहां से आए थे। हालांकि वह हजारीबाग से चुनाव हार गए और बाद में इस बात का खुलासा नहीं हो पाया कि जब्त पैसे किसके थे। उस वक्त रांची के प्रधान आयकर आयुक्त आर. एन. सहाय ने कहा था कि पॉलिटिकल सीजर के तहत मामला दर्ज होगा।

सबसे गौर करने वाली बात है कि साहू फैमिली की ओड़िशा स्थित शराब कंपनियों के दफ्तर में मौजूद अलमारियों से 300 करोड़ से ज्यादा रुपए जब्त होने के बावजूद कांग्रेस नेता धीरज साहू ने अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। दूसरी तरफ भाजपा इस मसले पर कांग्रेस के साथ-साथ पूरी झारखंड सरकार को घेर रही है। नगदी बरामद होने के बाद पीएम मोदी के ट्वीट से भाजपा और आक्रामक हो गई है।

धीरज साहू के पिता राय साहब बलदेव साहू ने स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया था। साहू फैमिली उस जमाने से कांग्रेस से जुड़ी हुई है। सबसे पहले धीरज साहू के बड़े भाई शिवप्रसाद साहू राजनीति के मैदान में उतरे थे। वे बॉक्साइट वर्कर्स यूनियन के महासचिव बने थे। बाद में शिवप्रसाद साहू दो बार रांची से कांग्रेस की टिकट पर लोकसभा सदस्य बने थे, लेकिन धीरज साहू 1977 में खुलकर राजनीति के मैदान में कूदे। वह पहली बार साल 2009 में राज्यसभा सदस्य चुने गए। उस वक्त उनका कार्यकाल सिर्फ एक साल का था। फिर 2010 में दोबारा राज्यसभा सदस्य चुने गए। तीसरी बार 2018 में राज्यसभा पहुंचे। हिंदू अनडिवाइडेड फैमिली के रूप में यह परिवार शराब का कारोबार चलाता है। इसकी नींव बलदेव साहू एंड ग्रुप ऑफ कंपनी के रूप में रखी गई थी। इस परिवार ने कच्ची शराब की पहली फैक्ट्री लोहरदगा के बड़ा तालाब के पास खोली थी जो करीब दो दशक पहले बंद हो गई। उसी समय इस परिवार का पूरा कारोबार ओड़िशा के विभिन्न जिलों में शिफ्ट हो गया।

## लगभग 4 लाख 90 हजार स्कूली बच्चे-बच्चियों को मिली साइकिल

खबर मन्त्र ब्यूरो



**आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार अभियान के अंतर्गत हो रहा साइकिल क्रय के लिए राशि का वितरण। राज्य सरकार द्वारा अब तक 220 करोड़ रुपये से अधिक की राशि साइकिल खरीद के लिए स्कूलों में अध्ययनरत पात्र बच्चे-बच्चियों के बैंक खातों में डाले गये।**

**रांची।** सरकारी स्कूलों में अध्यनरत बच्चे-बच्चियों के उज्जवल भविष्य सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के निर्देशानुसार झारखंड के विभिन्न सरकारी स्कूलों में अध्यनरत 4 लाख 90 हजार बच्चे-बच्चियों को साइकिल खरीद के लिए 10 दिसंबर 2023 तक 220 करोड़ रुपए से अधिक की राशि उनके बैंक खातों में डीबीटी के तहत भेजी गई है। इसमें सत्र 2020-21, 2021-22 एवं 22-23 के 8वीं कक्षा के लाभार्थी विद्यार्थी शामिल हैं। उक्त सत्र के शेष बचे लगभग 3 लाख 10 हजार लाभार्थी विद्यार्थियों को 29 दिसंबर 2023 तक साइकिल खरीदने के लिए उनके बैंक खातों में राशि जमा की जा रही है। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के शिविरों में मिल रहा है साइकिल वितरण योजना का लाभ। आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार के प्रत्येक शिविर एवं विशेष कैम्प के दौरान छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल क्रय के लिए राशि का वितरण किया जा रहा है। सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण के लिए सभी जिलों के उपायुक्तों द्वारा सूची भेजी गई है। सभी जिलों को मिलाकर कल्याण विभाग को लगभग 8 लाख पात्र लाभार्थी बच्चों की सूची मिली थी। एसटी-एससी, बीसी एवं अन्य वर्ग के वैसे पात्र बच्चे जो वर्ष 2020-21 में आठवीं कक्षा में अध्यनरत थे। वर्तमान वर्ष में 11वीं कक्षा में अध्यनरत हैं। इसी प्रकार 2021-22 में आठवीं तथा वर्तमान वर्ष में दसवीं तथा 2022-23 में 8वीं एवं वर्तमान वर्ष में नौवीं कक्षा के विद्यार्थी हैं। जिनकी सूची जिला द्वारा विभाग को भेजी गई है। 10 दिसंबर 2023 तक 2878 कैम्प में लगभग 4 लाख 90 हजार बच्चों के बैंक खातों में साइकिल खरीद के लिये डीबीटी के माध्यम से 220 करोड़ से अधिक की राशि भेजी जा चुकी है। शेष बचे 3 लाख 10 हजार लाभार्थी विद्यार्थियों को 29 दिसंबर 2023 तक साइकिल खरीदने के लिए उनके बैंक खातों में राशि जमा की जा रही है।

## स्पीड न्यूज

### एक्सप्रेस ट्रेनों में चलाई गयी चेकिंग अभियान, 301 बेटिकट यात्री धरायें



**मेदिनीनगर।** रेलवे धनबाद रेलखंड के वरीय अधिकारियों के निर्देश पर बरवाडीह रेलवे स्टेशन से उटारी के बीच लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों अहमदाबाद एक्सप्रेस, टाटा–जम्मू तवी, शक्तिपुंज, पलामू एक्सप्रेस गाड़ीयों में विशेष टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। सीआईटी बीएम पांडेय के नेतृत्व में चलाया गया विशेष चेकिंग अभियान में 301 बेटिकट यात्रियों को अनाधिकृत रूप से यात्रा करने के जुर्म में पकड़ा गया। पकड़े गए यात्रियों से राजस्व 2 लाख 98 हजार 270 रुपये बतौर जुमार्ना वसूला गया। सीआईटी पांडेय ने बताया कि विशेष चेकिंग अभियान के सभी साथियों के अथक प्रयास से लगातार अभियान चलाया जा रहा है। लोग जागरूक भी हो रहे है। ज्यादातर यात्री टिकट लेकर यात्रा कर रहे हैं यह बहुत अच्छी बात है। अधिकारियों के दिशा निर्देश पर शनिवार की रातभर लंबी दूरी के विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों में गहनता से जांच की गई। विशेष चेकिंग अभियान में टीटीई कुमार अजय, भरतलाल, दिलीप कुमार, रविन्द्र दुबे, शशिकांत, बैकुंठ यादव के अलावे आरपीएफ के जवान शामिल थे।

### सिक्का गांव के नौकरी करने वाले युवाओं ने की नयी पहल की शुरूआत

**पड़वा पलामू।** पड़वा प्रखण्ड क्षेत्र के सिक्का गांव में नौकरी करने वाले लोगों ने गांव के विकास व अनुठी पहल की शुरूआत की है। गांव के नौकरी करने वाले लोगों ने नौकरी पेशा मदद कोष समिति का गठन किया गया। इस कमिटी द्वारा गांव में बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए एक कोचिंग की शुरूआत की है जिसमें गांव के बच्चों को नि:शुल्क शिक्षा दी जाती है। इस कोचिंग का पूरा खर्च नौकरी पेशा मदद कोष समिति द्वारा किया जाता है। समिति को और मजबूत बनाने के लिए गुगल मीट के माध्यम से बैठक कर कमिटी का गठन किया गया। इसकी अध्यक्षता सरयु सिंह ने किया। सर्वसम्मति से बीएमपी के जवान सकलदीप सिंह को अध्यक्ष,सरयु सिंह को उपाध्यक्ष, अरविंद सिंह सचिव, देवेन्द्र सिंह उपसचिव, प्रवेश यादव कोषाध्यक्ष, वीरेंद्र सिंह उपकोषाध्यक्ष, शिवनारायण सिंह संगठन सचिव, सीसीएल कर्मी मंदीप मेहता उप संगठन सचिव, जयपाल सिंह निर्णायक मंडल प्रधान, सुदामा महतो, जयशंकर सिंह, सुनील सिंह, राजन सिंह को संरक्षक, एएसआई सत्येन्द्र सिंह को सलाहकार, जैप के जवान सोनू सिंह को महामंत्री, पुनित सिंह, उपेन्द्र सिंह, गोविन्द सिंह, कपिल देव सिंह, अखिलेश्वर यादव, बीएसएफ के जवान राजेन्द्र सिंह को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

### संकुल संगठन और ग्राम संगठन की महिलाओं ने निकाली जागरूकता रैली



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड में संकुलसंगठन, ग्राम संघटन के महिला सदस्यों द्वारा महिलाओं के ऊपर होने वाले लिंग आधारित हिंसा और हिंसा के विरुद्ध चल रहे राष्ट्रीय स्तर के अभियान नई चेतना 2.0 अंतर्गत जागरूकता रैली, कैंडल मार्च निकाली गई। मौके पर रंगोली एवं जेंडर शपथ कार्यक्रम सभी पंचायतों में जेएसएलपीएस के सखी मंडल के सदस्यों द्वारा आयोजित कर सभी महिलाओ को जागरूक किया गया। बीपीएम जेएसएलपीएस अमित कुमार गुप्ता द्वारा बताया गया कि यह कार्यक्रम महिलाओं के उत्थान एवं उनके हितों की रक्षा के लिए नई चेतना 2.0 एक राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक आंदोलन के रूप में उभरा है अगर किसी महिला के खिलाफ लैंगिक हिंसा होने पर उसे विविध सेवा एवम आजीविका सलाह केंद्र के माध्यम से सेवा देने के लिए हमेशा तत्पर है। समाज में होने वाले हिंसा एवं भेदभाव के विरुद्ध यह सराहनीय कदम है।

### इग्नू के नव नामांकित छात्रों के लिए अभिप्रेरणा मिटिंग का आयोजन



**मेदिनीनगर।** जीएलए कॉलेज स्थित इग्नू के नव नामांकित छात्रों के लिए इंडक्सन/ अभिप्रेरणा मीटिंग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि रांची क्षेत्रीय केंद्र के वरीय क्षेत्रीय निदेशक डॉ एसके मोहंती ने छात्रों को इग्नू के विभिन्न कार्यक्रमों, पाठ्यक्रमों के संबंध में विस्तार से बताया। छात्रों को उनके पाठ्यक्रमों व परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दिये। ताकि छात्र ससमय अपना कोर्स अच्छी तरह से पूरा कर सकें। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्टडी सेंटर के समन्वयक डा राधाकृष्ण झा ने की। कार्यक्रम का संचालन सहायक समन्वयक डॉ राजेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉ सुरश साहू, डॉ विमल कुमार सिंह, डॉ एसके मिश्रा, डॉ विकास टोप्पनो, डॉ सुरेश पाल, डॉ सोनालिका व सेंटरकर्मी समेत दो सौ विद्यार्थी शामिल थे।

### शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी का 66 वां जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया गया



**हरिहरगंज पलामू।** प्रखंड क्षेत्र में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी का 66 वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान हरिहरगंज, अररूआ खुर्द, तूरी, मझिगावां, बघना, पड़रिया, माडादाग, दुबरीडीह, निकटवर्ती संडा, सरईवार, बलूवाड़ी, इब्राहिमपुर सहित कई राज विद्या केंद्रो पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। अररुआ खुर्द केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में सैकड़ों भक्तों ने प्रेम रावत जी के चित्र की आरती उतारी व पूजा अर्चना कर केक काटकर जन्म दिवस मनाया। वही लोको पायलट आकाश कुमार चौधरी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रेम रावत जी एक ख्याति प्राप्त शांति का संदेश देने वाले महापुरुष हैं। इनके अनुयायी पूरे दुनिया में प्रेम का संदेश फैलाने में सहायक हैं। साथ ही राज विद्या केंद्र संस्था द्वारा विभिन्न प्रकार के सेवा कार्य संपूर्ण विश्व के चलाया जाता है। उक्त सभी राज विद्या केंद्रों में शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी द्वारा अंजन टीवी के माध्यम से शांति का संदेश प्रसारण किया गया। बाद में श्रद्धालुओ के बीच भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में केंद्र सहायक मधु कुमारी, सेवा सहायक सह संवाददाता कृष्णा गुप्ता, दिनेश पासवान, सरोज चौधरी, अमन गुप्ता, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, सुमित्रा देवी, नवीन पांडेय, देवंती देवी, उमेश साव, गोपाल गुप्ता, घनश्याम शर्मा, अक्षय सिंह, राजन साव, सुनील पाल सहित श्रद्धालु शामिल थे।

### जरूरतमंदों की सेवा है हमारा लक्ष्य : मिशन समृद्धि



**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा संचालित समृद्धि की रोटी अभियान निरंतर चलने वाला यह अभियान निश्चित रूप से समृद्धि टीम के प्रयास, भोजन देने वाले परिवार तथा मीडिया के द्वारा समाज में हो रहे इस अच्छे कार्य को सबके सामने प्रस्तुत करने के वजह से ही लंबें अंतराल से यह चलते चला आ रहा है और आगे भी चलता रहे यह कोशिश रहेगी। अंबेडकर पार्क के सामने दोना–पत्तल दातून बेचने वालों, राहगीरों शनि मंदिर प्रांगण में सबों के बीच रोटी सब्जी खिचड़ी का वितरण किया गया। कभी–कभी अफसोस उस समय जरूर होता है जब भोजन लेने वाले अधिक और हम देने वाले उन्हें भरपूर मात्रा में नहीं दे पाते। इसके पीछे नि: संदेह समृद्धि टीम का योगदान है क्योंकि प्रारम्भ में निकम्मे लोग भी भोजन ले लेते थे। काम के प्रति उन्हें जागरूक भी किया जाता रहा है जिस वजह से अब वे सामने नहीं होते। जरूरतमंदों के प्रति समाज के प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य होता है उनका सहयोग करना। इस संदेश को मिशन समृद्धि संस्था ने घर–घर तक पहुंचाने का काम किया है। यही वजह भी है कि हमारी झोली मानवता की भावन और रोटी से भरती रहती है। मौके पर अहिल्या गिरि, बैजन्ती गुप्ता, वन्दना श्रीवास्तव, शैलेन्द्र कुमार सिंह, ऋषि शामिल थे।

# मानव सेवा का पर्याय बन चुका है सर्वेश्वरी समूह : रागिनी राय

## 17 दिसंबर को बिश्रामपुर में लगेगा नि:शुल्क मेघा चिकित्सा शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता



प्रेस वार्ता में मौजूद समूह के सदस्य।

**विश्रामपुर (पलामू)।** श्री सर्वेश्वरी समूह के प्रयागराज और पलामू प्रमंडलीय शाखा द्वारा आगामी 17 दिसंबर को विश्रामपुर जनता उच्च विद्यालय के खेल मैदान में नि:शुल्क मेघा चिकित्सा शिविर लगाया जायेगा।

शिविर में 25 विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी टीम के साथ रोगियों का जांचोपरांत इलाज करेंगे। इसकी जानकारी रविवार को समूह द्वारा बिश्रामपुर राज परिवार के गढ़ में प्रेसवार्ता आयोजित कर दी गई। मेदिनीनगर शाखा उपाध्यक्ष सह ब्राइट लैंड पब्लिक स्कूल के निदेशक रागनी राय ने बताया कि शिविर में एलोपैथ व होमियोपैथ पद्धति से सभी रोगों का इलाज होगा।

शिविर में पैथलोजी सेंटर भी होगा। जांचोपरांत चिकित्सकों द्वारा इलाज किया जायेगा। मरीजों को परामर्श और मुफ्त दवा भी दिया जायेगा। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्र के जो मरीज शिविर तक आने मे असहाय होंगे उन्हे समूह द्वारा वाहन भी उपलब्ध कराया जायेगा। राय ने कहा कि सर्वेश्वरी समूह पूरे दुनिया में मानव सेवा का पर्याय बन चुका है। समूह बगैर किसी भेदभाव के सभी जरूरतमंदों का मदद करता है। हमारा लक्ष्य है कि इस मेघा चिकित्सा शिविर में पांच हजार लोगों का जांचोपरांत मुफ्त इलाज हो।

उन्होंने आम लोगों से शिविर में आकर स्वास्थ जांच और उपचार कराने का आग्रह किया। समूह के विश्रामपुर शाखा मंत्री नागेंद्र प्रसाद पांडेय ने कहा कि मेघा चिकित्सा शिविर आयोजन की तैयारी जोरों पर है। समूह के पदाधिकारी एवं सदस्य शिविर की सफलता हेतु जुटे हुए हैं। प्रेसवार्ता में समूह के प्रचार मंत्री अनुराग सिंह, अजय बक्स राय,सुमन साही, डॉ नरेन्द्र पाल सहित कई लोग मौजूद थे।

# धीरज साहू जैसे लोगों ने बनाया झारखंड को पिछड़ा और गरीब : दीपक तिवारी

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड, उड़ीसा जैसे गरीब पिछड़े राज्य को बदहाली, भूखमरी के कगार पर लाने में धीरज साहू जैसे लोगों की देन है। जिन्होंने कच्चा पैसा को अपने लॉकर में सजाकर आम जनमानस को भय, भूख, भ्रष्टाचार की आग में झोंक दिया है। उक्त बातें झामुमो युवा नेता दीपक तिवारी ने। जिन्होंने करोड़ों रुपए की नगद, गहनों की बरामदगी पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि सदियों से सामंतवाद को बढ़ावा देकर गरीबों का शोषण करने का जीता-जागता प्रमाण अब सामने आ रहा है। गरीबों को लूटकर कमाया गया अवैध कमाई का खजाना अब पकड़ाया है। धीरज साहू जैसे लोगों की देशभर में भरमार है। जो राज्य की बजट को लूटने का काम करते हैं। इंडियन रोटी बैंक के राष्ट्रीय उप प्रभारी दीपक तिवारी ने बताया कि धीरज साहू जैसे लोगों की वजह कांग्रेस जैसी पार्टी ही नहीं बल्कि भारतीय राजनीति भी बदनाम हो रही है। देश में कई छुपे हुए धीरज साहू जैसे सामंतीयों को इडी ढूंढ कर निकाले एवं उनके अवैध संपत्ति को जब्त कर स्वास्थ्य, शिक्षा एवं राज्य के बजट को मजबूती देने में लगाना चाहिए। दीपक तिवारी ने कहा कि एक राज्य ही नहीं देश के हर जिलों में धीरज साहू की तरह जनता के हक पर कुंडली मार कर बैठे लोग मौजूद हैं। जिन्हें ईडी, जांच एजेंसियां उनके चेहरे बेनकाब करे, एवं जब्त संपत्ति से मूलभूत सुविधाओं को मुहैया कराने की दिशा में सार्थक पहल करे। तभी जाकर इन जांच एजेंसी पर जनता का विश्वास बढ़ेगा, और सरकार को लोक कल्याणकारी योजनाओं को संचालन में परेशानी दूर होगी।

# सतबरवा : चार नवदंपत्तियों को विवाहोपरांत दी गयी विदाई सामग्री



खबर मन्त्र संवाददाता

**सतबरवा पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के चार नवदंपत्तियों को विवाहोपरान्त प्रोत्साहित करते हुए रविवार को विदाई सामग्री दी गई। भारत सरकार के कन्या विवाह विकास समिति के द्वारा बीते छह दिसंबर को गढ़वा में 151 जोड़े की शादी संपन्न कराई गई थी। इस सामूहिक विवाह में सतबरवा के चार जोड़े भी शामिल हुए थे। सर्वेयर पुष्पा देवी और उनके सहयोगी बृजेश कुमार ने इन नवदंपतियों को पलंग, गोदरेज, बर्तन सेट, रजाई, पोशाक और श्रृंगार समेत कई उपहार दिया। जेएसएलपीएस की प्रीति गुप्ता ने बताया कि दहेज प्रथा की रोकथाम का एक प्रयास के तहत इन लोगों को प्रोत्साहित किया गया। साथ ही बाल विवाह को रोकथाम और भ्रूण हत्या पर रोक लगाने की जानकारी नव दंपतियों दी गई । सामूहिक विवाह में प्रोत्साहित होने वाले दंपतियों में सोनी कुमारी पति सकलदीप कुमार, रंजू कुमारी पति बलकेश के साथ अनिता कुमारी पति राजू भुईया और विनीता पति अरविंद को प्रोत्साहित करके आशीर्वाद दी गई। मौके पर कई लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस सांसद धीरज साहु की गिरफ्तारी की मांग को लेकर भाजपा ने निकाला आक्रोश मार्च

# राज्य सरकार भ्रष्टाचार में लिप्त : विजयानंद

आक्रोश मार्च गीता भवन से लेकर बाजार होते हुए छह मुहान चौक तक पहुंचकर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गया

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** भाजपा पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक के नेतृत्व में कांग्रेसी सांसद धीरज साहू की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आक्रोश मार्च निकाला।

आक्रोश मार्च गीता भवन से लेकर बाजार होते हुए छह मुहान चौक तक पहुंचकर नुक्कड़ सभा में तब्दील हो गई। सभा को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष पाठक ने कहा कि कांग्रेसी नेता धीरज साहू के घर और कार्यालय से 300 करोड रुपए से अधिक की बरामदगी की गई। जो कि झारखंड की गठबंधन सरकार को भ्रष्टाचार में संलिप्त रहने का परिचायक है। प्रधानमंत्री मोदी ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि ना कहेंगे ना खाने देंगे और जनता के पैसे लूटने वाले भी जेल जाएंगे। छत्तीसगढ़ के संपन्न चुनाव के बड़ों की खरीद फरोख्त के लिए इस काले धन का इस्तेमाल किया जाना था लेकिन जांच एजेंसी में समय रहते हैं पकड़ने का काम किया है। भाजपा नेता परशुराम ओझा ने कहा कि उनके गठबंधन सरकार के कोई मंत्री भी भ्रष्टाचार में लिप्त है और आने वाले समय में ये सभी जल जाएंगे। विपिन बिहारी सिंह ने कहा कि जनता को लूटने वाले कांग्रेस सांसद जैसे लोगों की जगह तिहाड़ जेल में है उनका बचना मुश्किल है।

पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि झारखंड की लुटेरी सरकार जनता के पैसों का दुरुपयोग कर रही है विकास शून्य है एवं भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई है। दुर्गा जौहरी ने कहा कि जनता की गाढ़ी कमाई को लूट कर अपनी तिजोरी भरने वाले सांसद धीरज साहू को तत्काल गिरफ्तार कर जेल भेजने की जरूरत है।

अविनाश वर्मा ने कहा कि झारखंड में ठग गठबंधन की सरकार लूट का चारागाह बना दिया है। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा के जिला महामंत्री श्वेतांग गर्ग ने किया। इस नुक्कड़ सभा में छतरपुर विधायक पुष्पा देवी, विजय ओझा, मंगल सिंह, शिव कुमार मिश्रा, सोमेश सिंह, विजय कुशवाहा, छोटू सिंह, ज्योति पांडे, नंदलाल गुप्ता, रिंकू माली, निवेदन अग्रवाल, कृष्ण मखड़िया, नवीन दुबे, सुनील पांडे, सीटू गुप्ता, मीना गुप्ता, संजय सिंह, जितेंद्र तिवारी, विपुल गुप्ता, बच्चन ठाकुर, शांति पांडे, धीरेंद्र उपाध्यक्ष, अनिल सोनी समेत काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों के पंचायत में लगेगी शिविर

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना– आपकी सरकार आपके द्वार₹ कार्यक्रम के तहत 11 दिसंबर सोमवार को जिले के विभिन्न प्रखण्डों के पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। हैदरनगर प्रखंड के मोकहरकला पंचायत में, हुसैनाबाद प्रखंड के बेनीकला पंचायत में, पिपरा प्रखंड के तेंदुई के अन्य ग्राम में, हरिहरगंज प्रखंड के कुलहिया के अन्य ग्राम में, नौडीहा बाजार प्रखंड के सरईडीह पंचायत में, छतरपुर प्रखंड के दिनादाग पंचायत में, पांडू प्रखंड के महुगावा पंचायत में ऊंटारी रोड प्रखंड के जोगा मुख्यालय में, विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा मुख्यालय में, नावाबाजार प्रखंड के सोहदागखुर्द के अन्य ग्राम में, पड़वा प्रखंड के छेछोरी के अन्य ग्राम में, चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा पंचायत में, रामगढ़ प्रखंड के बेडमा बभण्डी के अन्य ग्राम में, सदर मेदिनीनगर प्रखंड के कौड़िया पंचायत में, पाटन प्रखंड के शोले पंचायत में, मनातू प्रखंड के रंगेया के अन्य ग्राम में, तरहसी प्रखंड के पाठक पगार पंचायत में, नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड के संगवार पंचायत में, सतबरवा प्रखंड के रबदा पंचायत में, पांकी प्रखंड के डंडारकला पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा। वही मेदिनीनगर नगर निगम के वार्ड संख्या तीन एवं नौ के लिए बाजार समिति परिसर, बैरिया में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पूजित अक्षत और आमंत्रण पत्र जिला के विभिन्न प्रखंडों को भेजा गया : विहिप

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** अयोध्या में नव निर्मित श्री राम जन्म भूमि मंदिर में 22 जनवरी 2024 को प्रस्तावित प्राण प्रतिष्ठा समारोह में सभी सनातन धर्मावलंबियों को आमंत्रित करने के लिए अयोध्या से आई पूजित अक्षत, आमंत्रण पत्र और पत्रक आज 23 अक्षत कलशों में जिला के विभिन्न तेईस प्रखंडों में भेजा गया। इस अक्षत से तैयार अक्षत कलशों को निमंत्रण पत्र और पत्रक के साथ शीघ्र ही प्रखंडों के द्वारा सभी पंचायतों में भेजा जाएगा। सभी अक्षत कलशों को प्रखंड और पंचायत मुख्यालय के विभिन्न मंदिरों में 31 दिसंबर तक आम जनता के दर्शन और पूजा पाठ के लिए रखा जायेगा। इस बीच प्रखंडों के द्वारा प्रत्येक पंचायत से पांच व्यक्ति और प्रत्येक गांव से तीन व्यक्तियों की सूची तैयार की जाएगी, जिन्हें 1 जनवरी से 15 जनवरी तक अक्षत के साथ घर-घर निमंत्रण पत्र और पत्रक पहुंचने की जिम्मेदारी दी जाएगी। जिला और विभिन्न तेईस प्रखंडों के लिए आमंत्रण पत्र वितरण हेतु संयोजक और सह संयोजक की घोषणा की गई। इसके पूर्व राजा भाऊ स्मृति भवन में संघ और इसके इकाइयों की एक समन्वय बैठक हुई, जिसमें विहिप के प्रांत संगठन मंत्री देवी सिंह, संघ के प्रांत बौद्धिक प्रमुख ज्वाला प्रसाद जी और पलामू विभाग कार्यवाह राजीव सिंह ने मार्गदर्शन दिया।

### सिलेंडर से गैस रिसाव के बाद लगी आग, 4 झुलसे



**विश्रामपुर (पलामू)।** विश्रामपुर नप मुख्यालय के दर्जी मुहल्ला में सिलेंडर से गैस रिसाव के बाद लगी आग में चार लोग झुलस गए। जिसमे से एक की हालत गंभीर है। घटना शनिवार देर शाम करीब आठ बजे की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार अनवर खलीफा उर्फ बिट्टू के रसोई घर में सिलेंडर के रेगुलेटर से गैस रिसाव हो रहा था। इस बात से अनजान जफरीन प्रवीन व निकहत प्रवीन खाना बनाने हेतु गैस चूल्हा जलाई जिसके बाद पूरे रसोई घर में आग की लपटें निकलने लगी। जिससे जफरीन और निकहत आग की लपटों में घिर गई। दोनों को बचाने गए अनवर खलीफा और इम्तियाज खलीफा भी आग की लपटों से झुलस गए। सभी घायलों को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां सभी का इलाज हुआ। अनवर की गंभीर हालत को देखते हुए उसे बेहतर इलाज हेतु एमएमसीएच भेज दिया गया।

### रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर कार और मिनी ट्रक में हुई टक्कर, दो घायल



**सतबरवा पलामू।** थाना क्षेत्र के तुंबागडा में रांची मेदिनीनगर मुख्य मार्ग पर तीखे मोड़ पर कार और मिनी ट्रक में आमने–सामने टक्कर हो गई। घटना रविवार सुबह की है। इस घटना में कार पर सवार चार लोगों में से दो को गंभीर चोटे आई है। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से नवजीवन अस्पताल तुंबागड़ा में दोनों को भर्ती करा दिया है। चिकित्सकों के अनुसार सभी लोग खतरे से बाहर है। कार सवार लोग धनबाद के रहने वाले हैं। बताया जाता है कि ट्रक संख्या (जेएचओ 3एए 2520) रांची से मेदिनीनगर के तरफ जबकि कार संख्या (जेएच10 बीपी 3536) मेदिनीनगर से रांची की ओर जा रही थी। इसी दौरान तुंबागडा मोड पर कार ने एक वाहन से ओवरटेक करने के दौरान मिनी ट्रक से आमने–सामने टक्करा गई। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रक चालक ने कार को बचाने का काफी प्रयास किया जिसके कारण ट्रक सुशील साव के घर में जा घुसी। एएसआई बसंत दूबे ने घटना स्थल पर पहुंचकर कार को सड़क पर से ट्रैक्टर से हटवाया और आवागमन सुचारू रूप से चालू हो गया है। पुलिस ने ट्रक और कार को जब्त कर लिया है।

### उरसुला के युवक की पुणे में मौत

**विश्रामपुर (पलामू)।** रेहला थाना क्षेत्र अंतर्गत उरसुला गांव के एक युवक की मौत पुणे में हो गई। रविवार को उसका शव जैसे ही पहुंचा पूरे गांव में मातम का माहौल छा गया। मिली जानकारी के अनुसार उरसुला गांव के हुलास राम का पुत्र गोविंद कुमार (22 वर्ष) कमाने के लिए मुंबई जा रहा था। गोविंद महाराष्ट्र के पुणे स्टेशन पर पानी पीने के लिय वह उतरा था.इसी बीच ट्रेन खुल गया। दौड़कर ट्रेन पर चढ़ने के क्रम में उसका पैर फिसल गया। जिससे वह प्लेटफॉर्म के किनारे गिर पड़ा और ट्रेन उसे रौंदती हुई निकल गई। घटनास्थल पर ही गोविंद की मौत हो गई.परिजनों ने बताया कि गोविंद की शादी तय हो गई थी। उसके विवाह को लेकर घर में खुशी का माहौल चल रहा था लेकिन इस हादसे के बाद खुशी का माहौल मातम में बदल गया। घटना के बाद से परिजनों का रो–रो कर बुरा हाल है। इधर आज गांव के श्मशान घाट पर उसका दाह संस्कार किया गया। दाह संस्कार में गोपाल राम, वार्ड पार्षद अजय कुमार रवि, डॉ राजेश कुमार, राकेश कुमार, ब्रह्मदेव राम, देवनाथ राम, मनोज राम, सुदामा राम, विनोद राम, सुरेश यादव, बिष्णु राम, रविन्द्र सिपाही, भीखारी राम, अभय,संजय, ब्रजमोहन राम सहित कई लोग शामिल थे।

## सीआरपीएफ जवान ने पर्यावरण की रक्षा व पानी बचाव को लेकर दिल्ली तक की साईकिल यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सीआरपीएफ इतिहास के गौरवशाली 84 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारत के सबसे बड़ा अर्द्धसैनिक बल के सदस्य निषाद आलम ने पर्यावरण की रक्षा एवं पानी बचाव को लेकर मेदिनीनगर से दिल्ली संसद भवन तक साईकिल यात्रा निकाला। छह मुहान पर यातायात के संतोष कुमार सिंह एवं मुहर्रम इंतेजामिया कमिटी जेनरल के पूर्व खलीफा जिशान खान ने माला पहनाकर स्वागत किया। निषाद आलम सीआरपीएफ 88एन उड़ीसा सेक्टर में कार्यरत है जो अवकाश के समय लगातार जन जागरूकता अभियान चला रहा है। दिल्ली यात्रा के पूर्व वह रांची से डालटनगंज एवं नीलांबर पीतांबरपुर से डालटनगंज समेत कई यात्रा को अंजाम दे चुका है। यात्रा के दौरान बीच रास्ते में वह लोगों से संपर्क कर पर्यावरण की रक्षा करने, जल संचयन करने को लेकर लोगों को जागरूक कर रहा है। जवान निषाद आलम ने कहा कि आज जिस प्रकार से भारत में जनसंख्या जिस गति से बढ़ रही है उस पर भी रोक लगाने की जरूरत है। इसके साथ ही साथ प्रकृति एवं पर्यावरण को संतुलन बनाये रखने के लिए पर्यावरण पर हो रहे प्रहार को रोकने की जरूरत है। लोग ज्यादा से ज्यादा अपने घर बारी खेत खलिहान के आसपास पेड़ लगायें। वर्षा के पानी का संचयन करें।

## किसानों के बीच गेहूं बीज का वितरण आज से होगा शुरू : एटीएम प्रियंका

खबर मन्त्र संवाददाता



**चैनपुर पलामू।** रबी फसलों की बुवाई का समय चल रहा है। इसमें किसान जुटे हुए हैं। इधर सरकार द्वारा अनुदानित दर पर किसानों को बीज भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में किसानों के बीच गेहूं का बीज का वितरण सोमवार से किया जाएगा। प्रखंड कृषी अधिकारी एटीएम प्रियंका कुमारी ने जानकारी दिया की सोमवार के 11 बजे से सभी 25 पंचायत के किसान लाभुक के बिच 40 किलो का बैग एक एकड़ मे बुवाई करने के लिए दिया जाएगा, साथ ही उन्होंने कहा की हरेक पंचायत को 4 क्विंटल गेहुं बीज देने का निर्णय बैठक मे लिया गया है। एक किसान को 40 केजी का बैग एक एकड़ में बुवाई करने के लिए दिया जाएगा। जो सोमवार को सेमरा, खुरा कला, रबदा, पतरिया खुर्द मंगलवार को करसो, बॉडी, सलतुआ, बुढीवीर बुधवार को ओड़नार, बांसडीह, बरांव, नरसिंहपुर पथरा गुरुवार को कोशियारा, पूर्वडीहा, मंझिगावा, तलेया बंभडी शुक्रवार को महुगांवा, बंदुआ, नेऊरा, झरिवा शनिवार को भड़गांवा, चांदो, अवसाने, कंकारी, बसरिया कला इसी तरह गेंहू बीज देने का समय निर्धारित किया गया है। किसान लाभुक गेहुं बीज लेने उसी दिन आये जिस दिन उनका पंचायत को गेहुं बीज देने का समय निर्धारित किया गया है।

# रूदीडीह में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता





**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड के रुदीडिह पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उदघाटन पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, पाटन सीओ दीपक कुमार मिश्रा, रूदीडीह पंचायत के मुखिया मधुबाला देवी, पंचायत समिति सदस्य अमरेश वर्मा, रुदीडिह पश्चिमी के पंचायत समिति सदस्य मुनी देवी, नावा खास मुखिया मनोज कुमार, जल सहिया जिला अध्यक्ष पिंकी देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में सभी विभागों के स्टॉल लगाये गये थे। स्टॉल से ग्रामीणों के आवेदन लिये गये साथ ही सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मौके पर पाटन बीडीओ ने शीवीर में लगे सभी विभागों का निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त किया तथा शीवीर में जनता द्वारा आये आवेदन को निष्पादन करने का निर्देश दिया। शिविर में तीन छात्राओं को निःशुल्क साईकिल वितरण के तहत पैंतालीस पैंतालीस सौ का चेक दिया गया। शिविर में जेएसपीएल के द्वारा दस महिलाओं को आइडी कार्ड निर्गत किया गया तथा आठ लोगों को जॉब कार्ड दिया गया। शिविर में राजस्व विभाग के सभी कर्मचारी, कोडीनेटर चितरांगद कुमार, पंचायत सचिव पुजा कुमारी, ललीत मेहता, जेई रजनीश कुमार, पंचायत सचिव अहमद हुसैन अंसारी, समाज सेवी गोविंद मेहता, समाज सेवी एवं पुर्व मुखिया टीपी मेहता, बीएफटी ब्रजेश कुमार, रोजगार सेवक ब्रजेश कुमार सिंह उपस्थित थे। शिविर में गोद भराई एवं अन्नप्रासन का कार्यक्रम किया गया। शिविर में पाटन बीडीओ ने कहा कि सरकार द्वारा शीवीर के माध्यम से महत्वपूर्ण योजना चलाई जा रही है। आप सभी अधिक से अधिक संख्या में आकर लाभ उठायें। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति जिस योजना के योग्य है आवेदन देकर उसका लाभ उठावें। उन्होंने कहा कि बहुत संयोग से पुरा प्रखंड के पदाधिकारी आपके द्वार पर आयी है। शीवीर में टीपी मेहता ने कहा कि जनता को किसी तरह का समस्या है वह उस विभाग में जाकर अपनी समस्या का निदान करा सकते हैं।

शिविर को नावा खास मुखिया मनोज कुमार एवं पिंकी विश्वकर्मा ने भी संबोधित किया। शिविर का संचालन मनरेगा सहायक धीरज सिंह ने किया।

# मॉडल पब्लिक स्कूल में फैंसी ड्रेस कम्पटीशन का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** शहर के 2 न. टाउन स्थित न्यू मॉडल पब्लिक स्कूल में फैंसी ड्रेस कम्पटीशन का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के जूनियर विंग के बच्चों ने सुन्दर -सुन्दर और मनमोहक वस्त्र पहन कर सबका मन मोह लिया। इस कम्पटीशन में एलकेजी के 1) मानस कुमार चौबे -कृष्णा 2) स्नेहा कुमारी -भारत माता, 3) काव्या -परी, 4) एलीशा राज-एयर होस्टेस, 5) लक्ष्मी कुमारी-मदर टेरेसा,6) रोशनी किरण -नर्स, 7) रिद्धि कुमारी-पुलिस ऑफिसर, 8) अनुराग -किसान,9) ओम सिंह -पंडित जवाहर लाल नेहरू,10) अभी कुमार-सरदार भगत सिंह,11) आर्यन कुमार-वकील,12) सृष्टि कुमारी -बटरफ्लाई,13) आर्यन मिश्रा- डॉक्टर, 14) शाने अली - महात्मा गांधी,15) स्वाति कुमारी -परी, 16) नैंसी कुमारी -राधा, 17) प्रीति कुमारी -दुर्गा माता, 18) राधिका कुमारी -रानी लक्ष्मी बाई बनी और सब बच्चों ने अपने जो रूप धारण किया। उसके बारे में नन्हे बच्चों के मुंह से निकले अल्फाज सुन सभी भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक रवि कुमार निराला ने बताया कि बच्चों को रचनात्मकता के साथ पढ़ाने से बच्चे जल्दि सीखते हैंऔर पढ़ाई के साथ उनका बौद्धिक और मानसिक विकास भी होता है। आज के समय में नन्हे बच्चों को खेल -खेल मे और प्रायोगिक ढंग के पढ़ाने की आवश्यकता है इससे उनका लगाव बढ़ता है और वे जल्द सीखते हैं। उन्होंने ने बताया कि हमारा विद्यालय वर्ष 1992 से डालटनगंज शहर में शिक्षा का दीप जला रहा हैं और बच्चों को अनुशासन के साथ चारित्र निर्माण भी करने पर विशेष ध्यान दिया जता है। इस आयोजन को क्रियान्वयन के लिए उन्होंने विद्यालय की एडमिन मिली कुमारी, प्रिंसिपल-स्वाति कुमारी, क्लास टीचर- रीमा कुमारी, कल्पना कुमारी, लवली कुमारी को धन्यवाद दिया और बच्चों को आशीर्वाद दिया।

खबर मन्त्र
रांची.सोमवार. 11 दिसंबर 2023



# विष्णुदेव बने सीएम

विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री होंगे। बीजेपी विधायक दल की रविवार को हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। श्री साय छत्तीसगढ़ के पहले आदिवासी सीएम होंगे। छत्तीसगढ़ के नए सीएम बने विष्णु देव साय आदिवासी समाज के बड़े नेता माने जाते हैं। वे 2 बार पार्टी के प्रदेश, 4 बार सांसद, 2 बार विधायक और केंद्रीय मंत्री रहे हैं। वे संघ से जुड़े बीजेपी के बड़े आदिवासी नेताओं में शुमार हैं। आदिवासी समाज में उनका बड़ा कद माना जाता है। राज्य में पार्टी की जड़े मजबूत करने में उनका काफी योगदान रहा है। साथ ही व्हार में विनम्र और कार्यकताओं के साथ बढ़िया तालमेल, ये सब बातें उनके हक में रही, जिसके चलते पार्टी नेतृत्व ने उन्हें सीएम बनाने का फैसला किया। विष्णु देव साय का जन्म छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले के बगिया गांव में हुआ था। वे पेशे से एक किसान हैं। उन्हें छत्तीसगढ़ के मैदानी इलाकों में एक बड़े आदिवासी नेता के रूप में देखा जाता है उनकी खेलकूद में भी खासी रूचि रही है। खासकर वे फुटबॉल और बैडमिंटन खेलना बहुत पसंद करते हैं। उन्हें आदिवासियों और आम लोगों के हित में काम करना पसंद है। विगत चुनाव में तीन राज्यों के आदिवासी समुदाय ने जिस प्रकार भारतीय जनता पार्टी को वोट दिया है उसके बाद से भाजपा 2024 के लोक सभा के चुनाव को ध्यान में रखकर अपनी हर चाल चल रही है। झारखंड के विफल गैर झारखंडी सीएम के प्रयोग को शायद ही भाजपा फिर से प्रयोग में लाए। आदिवासी राष्ट्रपति के बाद अब छत्तीसगढ़ के पहले आदिवासी सीएम को लाकर भाजपा ने ओबीसी और आदिवासी समुदाय के वोट पर अपना ध्यान केन्द्रीत किया है। श्री साय की बेदाग और कर्मठ छवि का लाभ भी छत्तीसगढ़ की जनता को अवश्य मिलेगा।

# 5-जी प्रोद्यागिकी की बात

देश के 21वीं सदी में कनेक्टिविटी, देश की प्रगति की गति को निर्धारित करेगी। इसलिए हर स्तर पर कनेक्टिविटी को आधुनिक बनाना ही होगा। 5जी प्रौद्योगिकी देश के शासन, जीवन की सुगमता और व्यापार की सुगमता में सकारात्मक बदलाव लाने वाली है और इससे खेती, स्वास्थ्य, शिक्षा, संरचना और हर क्षेत्र में प्रगति को बल मिलेगा। अब ये बात समझना होगा कि जो चीजें पहले से सुगम हैं, उनमें सकारात्मक बदलाव कैसे आएगा। देश में शासन, जीवन और व्यापार सब पहले से सुगम हैं, तो फिर उसमें और क्या अच्छा बदलाव होगा, ये देखना दिलचस्प होगा। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा कि आने वाले डेढ़ दशकों में 5जी से भारत की अर्थव्यवस्था में 450 बिलियन डॉलर का योगदान होने वाला है। इससे प्रगति और रोजगार निर्माण की गति बढ़ेगी।

वैसे 5जी के बाद इस दशक के अंत तक 6जी सेवा आरंभ हो पाए, इसके लिए एक कार्य बल काम करना शुरू कर चुका है, ऐसा दावा भी किया जा रहा है। इस अवसर पर पिछली सरकार को कोसने का मौका भी प्रधानमंत्री मोदी ने नहीं छोड़ा और 2जी को हताशा और निराशा का पर्याय बताते हुए पूर्ववर्ती सरकार के लिए कहा कि वह कालखंड भ्रष्टाचार और नीतिगत पंगुता के लिए जाना जाता था। गौरतलब है कि यूपीए सरकार के वक्त 2जी घोटाले का विवाद खड़ा हुआ था। बात सही भी है, देश दूरसंचार के क्षेत्र में तो तेजी से एक-दूसरे से जुड़ रहा है, लेकिन समाज के रूप में हम भीतर से कितना बिखरते जा रहे हैं, इसकी सुध भी सरकार को ले लेनी चाहिए। तभी कोई भी तकनीकी क्रांति वाकई सकारात्मक बदलाव ला सकेगी। सरकार का ये दावा भी है कि 5जी से खेती, शिक्षा, स्वास्थ्य हर क्षेत्र में प्रगति होगी। ये सब कब होगा, और कैसे नजर आएगा।

# आत्ममुग्धता से बचकर निर्णय लें जन प्रतिनिधि



**हर** व्यक्ति का नजरिया पूर्वग्रह से ग्रस्त होता है क्योंकि वह उसके निजी अनुभवों पर आधारित होता है, भले ही उसका अनुभव वास्तविकता की तुलना में काफी कम हो। मेरे एक वरिष्ठ कहा करते थे, 'कोई पुरस्कार जीतने या किसी पत्रिका के कवर पर आने से सावधान रहो, यह आपके सफल करियर में आगे आने वाली गिरावट का संकेत हो सकता है।' वह प्रसिद्धि और सार्वजनिक चमक-दमक से असहज महसूस करते थे जो हर संतुलित नेता को नष्ट कर देते हैं। एक मुख्य कार्याधिकारी तथा सभी प्रमुख नेताओं को यह सीखना चाहिए कि सार्वजनिक ध्यानाकर्षण और चमक-दमक से कैसे बचा जाए। ऐसी सुर्खियां चाहे अस्थायी ही हों लेकिन ये काफी नुकसान पहुंचाती हैं।

ऋग्वेद में चरैवेति शब्द का उल्लेख है। यह शब्द संस्कृति के चर और इति से मिलकर बना है जिनका अर्थ होता है 'हमेशा चलते रहना'। यदि आप चरैवेति को व्यवहार में अपनाएं तो आप विनम्र हो जाते हैं। आप इस बात को लेकर सचेत हो जाते हैं कि हर अच्छा या बुरा समय बीत जाएगा। जॉन डी रॉकफेलर को एकांतप्रिय, खामोश रहने वाला और अंतमुर्खी माना जाता था। कहा जाता है कि वह एक कविता का पाठ किया करते थे जिसका अर्थ कुछ इस तरह था, 'एक बूढ़ा समझदार उल्लू ओक के एक वृक्ष पर रहा करता था, वह जितना अधिक देखता था उतना ही कम बोलता था, वह जितना कम बोलता था, उतना ही ज्यादा सुनता था, हम सब उस समझदार बूढ़े उल्लू की तरह क्यों नहीं हैं?' मुझे अबाउट स्मिट नामक फिल्म के सेवानिवृत्त वॉरेन स्मिट की याद आती है जिसके किरदार को जैक निकलसन ने बखूबी निभाया था।

मीडिया की तारीफ और खुद को महत्त्वपूर्ण समझने की भावना आत्म संभ्रम के सहरा में मृग मरीचिका के समान हैं। ब्लैक-स्कोल्स मॉडल की इसलिए सराहना की जाती थी क्योंकि उसने निवेश और वित्त को विज्ञान में तब्दील किया। उन्हें नोबेल पुरस्कार से भी पुरस्कृत किया गया। उनकी कंपनी एलटीसीएम (लॉन्ग टर्म कैपिटल मैनेजमेंट) का पतन हो गया। लेखक मॉर्गन हाउजल एक चौंकाने वाली बात रेखांकित करते हुए कहते हैं, 'सफलता की तुलना पैसे कमाने से की जाती है। पैसे कमाने का इस बात से कोई खास संबंध नहीं होता है कि आप कितने चतुर हैं। इसका संबंध आपके व्यवहार से है। व्यवहार सिखाना कठिन है, खासतौर पर चतुर लोगों को।' अच्छे नतीजों को मेधावी व्यक्तियों की रणनीतिक पहल का नतीजा बताया जाता है जबकि आपदाओं को बदकिस्मती के माथे मढ़ दिया जाता है।

मैंने यूनिलीवर और टाटा में काम किया है और दोनों कंपनियां कॉर्पोरेट इकिगाई पर लंबे समय से अमल करती आयी हैं। यह जापानी अवधारणा जीवन जीने के उद्देश्य के बारे में हैं। उन कंपनियों में काम करने के अपने अनुभव से हम जानते हैं कि टिकाऊ सफलता को ऐसे गर्भ में पोषण मिलता है जिसे छह तत्त्वों का पोषण मिलता हो- रूढ़िवादी वित्त, नवाचार, अनवरत सुधार, अथक अनुकूलन और हकीकत से दूर अविश्वासी कॉर्पोरेट संचालन। ऐसी कंपनियां अपने अच्छे कर्म के दीर्घकालिक लाभ का फायदा पाती हैं। यह व्यवहार स्टार्टअप के लिए भी बहुत बेहतर होता है।


आज से 40 वर्ष पहले वेंचर कैपिटल रूपी उद्योग अस्तित्व में नहीं था। अप्रैल में वेंचर कैपिटल फर्म सिकोया इंडिया ने एक ब्लॉग प्रकाशित किया जिसका शीर्षक था, 'कॉर्पोरेट गवर्नेंसः द कॉर्नरस्टोन ऑफ एन एंड्यूरिंग कंपनी'। एक वेंचर कैपिटल लीडर की ओर से ऐसी थीम का आना महत्त्वपूर्ण है। ब्लॉग सिकोया ग्लोबल के पूर्व मुख्य कार्याधिकारी माइकल मॉर्टिज द्वारा चार्ली रोज शो में कही गई बातों के साथ भी निरंतरता वाला था। उन्होंने कहा कि अधिकांश अल्पकालिक वेंचर कैपिटल फर्म के उलट सिकोया कई दशकों से कारोबार में बनी हुई है क्योंकि 'हम कारोबार से परे जाने से डरते हैं...हम यह मानते हैं कि आने वाला कल शायद बीते कल जैसा नहीं होगा...हम आश्वस्त नहीं रह सकते।'

ब्लॉग में यह अनुरोध किया गया कि और अधिक तादाद में कारोबारी भारतीय स्टार्टअप इकोसिस्टम में शामिल हों तथा सिकोया के ज्यादा संचालन के अनुरोध में भागीदार बनें। ब्लॉग के शुरूआती हिस्से में कंपनी ने यह बात दोहरायी है कि वह यथासंभव सतर्कता बरतती है। हालांकि शुरूआती चरण में इसकी सीमाएं हैं। सिकोया संस्थापकों एवं वरिष्ठ प्रबंधन को शासन प्रशिक्षण भी मुहैया कराती है। कंपनी का कहना है कि वह अच्छे व्यवहार को प्रोत्साहन देने के लिए हरसंभव कदम उठाने के लिए तैयार है।

मेरे लिए संदेश यह है कि सुशासन के दो कारक हैं- निगरानी वाला और व्यवहार आधारित संचालन। ढेर सारे नियमन होने से निगरानी आधारित संचालन में सुधार होता है लेकिन व्यवहार आधारित संचालन में कमी नजर आती है। अधिकांश बोर्ड अहम व्यवहारात्मक कमियों को स्पष्ट करने या उन्हें लेकर कदम उठाने में हिचकते हैं। वे प्रमाण की प्रतीक्षा करते हैं।

व्यवहारात्मक कॉर्पोरेट संचालन क्या है? यह एक व्यवहारात्मक संहिता है जो आत्मश्लाघा के जड़ें पकड? के पहले बोर्ड और नेतृत्व का बेहतर व्यवहार तैयार करती है। नेतृत्व के आत्ममोहग्रस्त होने पर अनगिनत पुस्तकें और आलेख लिखे जा चुके हैं।

गत 25 अप्रैल के फाइनैंशियल टाइम्स समाचार पत्र में माइकल स्कैपिंकर ने एक दिलचस्प आलेख लिखा जिसका शीर्षक था, 'हाउ टु हैंडल आ नार्सिसिस्ट इन द वर्क प्लेस' (कार्यस्थल पर किसी आत्ममोहग्रस्त व्यक्ति से कैसे निपटें)। आलेख में मीडिया कंपनी के मालिक रॉबर्ट मैक्सवेल का जिक्र है जिनका शव 30 वर्ष पहले समुद्र में पाया गया था। उनकी बेटी गिस्लाइन मैक्सवेल से जेफ्री एप्स्टाइन मामले में पूछताछ हुई और उन्हें सुनवाई में शामिल होना पड़ा। यह बात खबरों में रही है। स्कैपिंकर कई विशेषज्ञों के हवाले से कहते हैं कि कई आत्ममोहग्रस्त व्यक्तियों के पास प्रेम का सुरक्षित आधार नहीं होता, कुछ में यह भावना जेनेटिक कारणों से होती है, कई अत्यंत चतुर, सक्षम और कड़ा श्रम करने वाले होते हैं। कई को अत्यधिक सराहना की जरूरत होती है, उनमें दूसरों के लिए समानुभूति नहीं होती और वे पात्रता की भावना से संचालित होते हैं।



- आर गोपालकृष्णण

> माइकल स्कैपिंकर ने एक दिलचस्प आलेख लिखा जिसका शीर्षक था, 'हाउ टु हैंडल आ नार्सिसिस्ट इन द वर्क प्लेस' (कार्यस्थल पर किसी आत्ममोहग्रस्त व्यक्ति से कैसे निपटें)। आलेख में मीडिया कंपनी के मालिक रॉबर्ट मैक्सवेल का जिक्र है जिनका शव 30 वर्ष पहले समुद्र में पाया गया था। उनकी बेटी गिस्लाइन मैक्सवेल से जेफ्री एप्स्टाइन मामले में पूछताछ हुई और उन्हें सुनवाई में शामिल होना पड़ा।

## खास बात

# योग का उदेश्य



**स्वामी मुक्तरथ**

समाधिपाद में यह बतलाया गया है कि योग के उद्देश्य और लक्षण क्या हैं और उसका साधन किस प्रकार होता है। साधनपाद में क्लेश, कर्मविपाक और कर्मफल आदि का विवेचन है। विभूतिपाद में यह बतलाया गया है कि योग के अंग क्या हैं, उसका परिणाम क्या होता है और उसके द्वारा अणिमा, महिमा आदि सिद्धियों की किस प्रकार प्राप्ति होती है। कैवल्यपाद में कैवल्य या मोक्ष का विवेचन किया गया है। संक्षेप में योग दर्शन का मत यह है कि मनुष्य को अविद्या, अस्मिता, राग, द्वेष और अभिनिवेश ये पाँच प्रकार के क्लेश होते हैं, और उसे कर्म के फलों के अनुसार जन्म लेकर आयु व्यतीत करनी पड़ती है तथा भोग भोगना पड़ता है। पतंजलि ने इन सबसे बचने और मोक्ष प्राप्त करने का उपाय योग बतलाया है और कहा है कि क्रमशः योग के अंगों का साधन करते हुए मनुष्य सिद्ध हो जाता है और अंत में मोक्ष प्राप्त कर लेता है। ईश्वर के संबंध में पतंजलि का मत है कि वह नित्यमुक्त, एक, अद्वितीय और तीनों कालों से अतीत है और देवताओं तथा ऋषियों आदि को उसी से ज्ञान प्राप्त होता है। योगदर्शन में संसार को दुःखमय और हेय माना गया है। पुरुष या जीवात्मा के मोक्ष के लिये वे योग को ही एकमात्र उपाय मानते हैं।

पतंजलि ने चित्त की क्षिप्त, मूढ़, विक्षिप्त, निरुद्ध और एकाग्र ये पाँच प्रकार की वृत्तियाँ मानी है, जिनका नाम उन्होंने 'चित्तभूमि' रखा है। उन्होंने कहा है कि आरंभ की तीन चित्तभूमियों में योग नहीं हो सकता, केवल अंतिम दो में हो सकता है। इन दो भूमियों में संप्रज्ञात और असंप्रज्ञात ये दो प्रकार के योग हो सकते हैं। जिस अवस्था में ध्येय का रूप प्रत्यक्ष रहता हो, उसे संप्रज्ञात कहते हैं। यह योग पाँच प्रकार के क्लेशों का नाश करनेवाला है। असंप्रज्ञात उस अवस्था को कहते हैं, जिसमें किसी प्रकार की वृत्ति का उदय नहीं होता अर्थात ज्ञाता और ज्ञेय का भेद नहीं रह जाता, संस्कारमात्र बचा रहता है। यही योग की चरम भूमि मानी जाती है और इसकी सिद्धि हो जाने पर मोक्ष प्राप्त होता है।

(सत्यानंद योग मिशन, रांची)

# विचारों का सम्मान

## विचार-प्रवाह

**निशांत जैन**

**यह** समझना जरूरी है कि उत्साह से लबरेज आज की युवा पीढ़ी भगवान महावीर के संदेशों को किस रूप में देखती है? युवाओं के सपनों को साकार करने में इन संदेशों की क्या कोई अहमियत है? इन सवालों के जवाब पाने के लिए देखते हैं युवाओं के लिए तीर्थंकर महावीर की 10 काम की बातें,

महावीर की वाणी के तीन आधारभूत मूल्य हैं, अहिंसा, अनेकांत और अपरिग्रह। ये युवाओं को आज की भागमभाग और तनाव भरी ज़िंदगी में सुकून की राह दिखाते हैं।

महावीर की अहिंसा केवल शारीरिक या बाहरी न होकर, मानसिक और भीतर के जीवन से भी जुड़ी है। महावीर मन-वचन-कर्म, किसी भी जरिए की गई हिंसा का निषेध करते हैं। इस तरह महावीर खुद सुकून से जीने और दूसरों को भी जीने देने की राह सुझाते हैं।

**अनेकांत : दूसरों के विचारों का सम्मान**

अनेकांत का अर्थ है, सत्य को उसके सभी पहलुओं के साथ देखना। आज के दौर में महावीर का अनेकांतवाद और स्यादवाद का सिद्धांत बेहद प्रासंगिक है। अगर हम अनेकांतवाद को अपनाते हुए दूसरों के विचारों की भी अहमियत समझें, तो एक बेहतर दुनिया का निर्माण कर सकते हैं। तमाम तरह की कट्टरताएं यहां खुद-ब-खुद खत्म हो जाती हैं।

**अपरिग्रहः दूसरों की जरूरतों का सम्मान**

अपरिग्रह यानी जरूरत से ज्यादा चीजों का संचय न करना। महावीर का अपरिग्रह का सिद्धांत न केवल बाहरी परिग्रहों, बल्कि मन के विकारों और तनावों को भी त्यागने को संदेश देता है।


**बंधु** जवाब तो देना पड़ेगा, तुमको भी और तुम्हारे नेता राहुल गांधी को भी। ये नया भारत है, यहाँ पर राजपरिवार के नाम पर जनता का शोषण नहीं करने दिया जाएगा।भागते भागते थक जाओगे, लेकिन कानून पीछा नहीं छोड़ेगा।

**– जेपी नड्डा, भाजपा अध्यक्ष**

## आपके ट्वीट

समय मूल्यवान सत्ता है। समय का सदुपयोग जीवन की महानतम संभावनाओं को प्रकट करने में समर्थ है। अतः उच्चतर लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु प्राप्त ऊर्जा शक्ति सामर्थ्य और समय का सही उपयोग हो ।

**– अवधेशानंद गिरी**





जब मैं गुजरात में सीएम था तब नर्मदा बांध के लिये केन्द्र को कई बार पत्र लिखा लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आपलोगों ने मुझे ही वहां भेज दिया तब मैंने उस काम को करने मे सफलता पाई।

**– नरेन्द्र मोदी**

## कार्टून वर्ल्ड




# इजरायल और हमास के बीच सुलह की संभावना नहीं

## सामयिक

यह सही है कि दुनिया भर के नेताओं ने इजरायल और हमास के बीच चार दिवसीय संघर्ष विराम के बाद दोनों पक्षों के बीच छिड़ी लड़ाई में दीर्घकालिक शांति ला पाएगा। बंदियों की अदला-बदली और संघर्ष का केंद्र बनी गाजापट्‌?टी में मानवीय सहायता पहुंचाने को लेकर हुए समझौते की स्याही सूख भी नहीं पाई थी कि उत्तरी गाजा में भीषण लड़ाई दोबारा शुरू हो गई।

समझौते की भंगुर प्रकृति का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि समय और तरीके को लेकर समझौते अभी होने बाकी हैं।

दोनों पक्षों के बीच गहरा अविश्वास है। इजरायल ने कहा है कि युद्ध विराम और सहायता पहुंचने देने का काम तभी शुरू होगा जब हमास इजरायली बंधकों को रेड क्रॉस के हवाले करेगा। हमास नेतृत्व ने स्पष्ट किया है कि वह युद्ध विराम पर सहमत है लेकिन ह्यउसका हाथ बंदूक के ट्रिगर पर बना रहेगा।

इस समय 190 इजरायली बंधक केंद्र में हैं जिन्हें हमास ने 7 अक्टूबर को बंधक बनाया था। इस बीच इजरायल ने 7 अक्टूबर के पहले 5,200 फिलिस्तीनियों को जेल में डाल दिया था और उसके बाद उसने 3,000 अन्य लोगों को गिरफ्तार किया जिनमें 145 बच्चे और 90 महिलाएं शामिल हैं। इस बात की संभावना है कि हर 10 अतिरिक्त बंधकों की रिहाई के साथ युद्ध विराम को एक-एक दिन के लिए बढ़ाया जाए। इस मामले में इजरायल ने 300 फिलिस्तीनी कैदियों की सूची जारी की है।

यह समझौता कतर और मिस्र की मदद से हुआ है और यह गाजा में मानवीय त्रासदी को कुछ हद तक कम कर सकता है लेकिन अमेरिका का समर्थन प्राप्त इजरायल ने लंबी अवधि के युद्ध विराम से इनकार किया है और इसलिए वहां लंबी शांति की उम्मीदों को झटका लगा है।

इजरायल ने कहा है कि अगर वह ऐसा करेगा तो हमास को दोबारा हथियारबंद होने का समय मिल जाएगा। इन हालात में इस 75 वर्ष पुराने संकट को लेकर किसी दीर्घकालिक हल पर पहुंचने से जुड़ी कोई भी चर्चा दूर की कौड़ी है। इस लड़ाई में अनिवार्य रूप से कूटनीतिक खामियों का विस्तार हो रहा है। यह बात संयुक्त राष्ट्र में मतदान के रुझान से भी स्पष्ट है।

ब्रिक्स ने गाजा में चल रही लड़ाई को लेकर विशेष आभासी बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में ग्लोबल साउथ यानी विकासशील देशों के बीच के आपसी मतभेदों पर भी चर्चा की गई।

बैठक में मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, अर्जेन्टीना और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश भी शामिल हुए जिन्हें अगले वर्ष इस समूह में शामिल होने का आमंत्रण दिया गया है।

इन देशों ने एक संयुक्त वक्तव्य में ह्यफिलिस्तीनियों को उनकी जमीन से जबरन हटाने की किसी भी व्यक्तिगत या सामूहिक कोशिश की कड़ी निंदा की गई।

यह कठोर कूटनीतिक भाषा है जो बताती है कि कई विकासशील देश इजरायल के समर्थन में खड़े विकसित देशों से दूरी बनाए हुए हैं। सबसे कठोर आलोचना दक्षिण अफ्रीका ने की और उसने फिलिस्तीनी नागरिकों के खिलाफ इजरायल की कार्रवाई को ह्ययुद्ध अपराधह्न करार देते हुए गत सप्ताह इजरायल का हवाला अंतरराष्ट्रीय अपराध न्यायालय में भी दिया।

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने ह्यगाजा के लोगों को दिए जा रहे सामूहिक दंडह्न को समाप्त करने की मांग की तथा ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने इस युद्ध को ह्यमानवीय त्रासदीह्न करार दिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर के प्रतिनिधित्व में भारत मुख्यतया खामोश रहा तथा उसने नागरिकों की मौत और हमास के आतंकवाद दोनों का विरोध किया।

# चीन के बाद कई देशों में बढ़ा बच्चों में निमोनिया का प्रकोप, महामारी

## स्वास्थ्य

एवियन फ्लू डायरी, एक संक्रामक रोग समाचार ब्लॉग पर एक पोस्ट से पता चला कि माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया संक्रमण महामारी स्तर पर पहुंच गया है, जिसमें गर्मियों में शुरू हुई वृद्धि पिछले पांच हफ्तों में काफी बढ़ गई है डेनमार्क के स्टेटेंस सीरम इंस्टीट्यूट के अनुसार, संख्या अब इतनी अधिक है कि यह एक महामारी है।

एवियन फ्लू डायरी, एक संक्रामक रोग समाचार ब्लॉग पर एक पोस्ट से पता चला कि माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया संक्रमण महामारी स्तर पर पहुंच गया है, जिसमें गर्मियों में शुरू हुई वृद्धि पिछले पांच हफ्तों में काफी बढ़ गई है डेनमार्क के स्टेटेंस सीरम इंस्टीट्यूट के अनुसार, ₹संख्या अब इतनी अधिक है कि यह एक महामारी है।

स्टेटेंस सीरम इंस्टीट्यूट के वरिष्ठ शोधकर्ता हैन-डोर्टे एम्बोर्ग के अनुसार, पिछले पांच हफ्तों में, नए मामलों की संख्या में काफी वृद्धि हुई है, और अब हम सामान्य से कहीं अधिक मामले देख रहे हैं, और यह कि पूरे देश में व्यापक संक्रमण है।

सप्ताह 47 में, माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया संक्रमण के 541 नए मामले सामने आए, जो कि सप्ताह 42 से तीन गुना से अधिक है, जब मामलों की संख्या 168 थी। मामलों की वास्तविक संख्या शायद बहुत अधिक है, क्योंकि हल्के लक्षणों वाले हर किसी का परीक्षण नहीं किया जाता है।

हालांकि, एम्बोर्ग ने कहा कि डेनमार्क के लिए मामले असामान्य नहीं हैं, जो ऐतिहासिक रूप से लगभग हर चार साल में माइकोप्लाज्मा न्यूमोनिया संक्रमणों की राष्ट्रव्यापी महामारी देखता है।

उन्होंने कहा कि घटना आमतौर पर शरद ऋतु और शुरूआती सर्दियों में सबसे अधिक होती है।

एम्बोर्ग ने कहा, पिछले चार वर्षों में, माइकोप्लाज्मा संक्रमणों की संख्या बहुत कम रही है, और इसलिए यह असामान्य नहीं है कि अब हमारे पास एक महामारी है। हम वास्तव में इसके लिए इंतजार कर रहे थे क्योंकि हमने कोविड-19 महामारी के बाद देश को बंद कर दिया था ।

यह रोग अक्सर हल्के फ्लू जैसे लक्षणों के रूप में थकान, सिरदर्द, गले में खराश और लंबे समय तक सूखी खांसी, विशेष रूप से रात की खांसी के साथ प्रकट होता है।

बहुसंख्यक लोगों को बुखार होता है, लेकिन आमतौर पर इतना अधिक बुखार नहीं होता है जितना कि इन्फ्लूएंजा और अन्य अधिक क्लासिक निमोनिया के साथ होता है।

पोस्ट में कहा गया है, इसने इसे 'कोल्ड निमोनिया' या 'अटिपिकल निमोनिया' का उपनाम दिया है, क्योंकि नियमित पेनिसिलिन का भी संक्रमण पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है। पिछले हफ्ते, नीदरलैंड्स ने सरकार की निगरानी रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त से बच्चों और युवाओं में निमोनिया के मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि की सूचना दी फ्लूट्रैकर्स, एक संक्रामक रोग समाचार संदेश बोर्ड।

नेदरलैंड्स इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ सर्विसेज रिसर्च (एनआईवीईएल) के अनुसार पिछले हफ्ते, 5 से 14 साल की उम्र के 100,000 बच्चों में से 103 निमोनिया से पीड़ित थे।नीदरलैंड्स के स्थानीय मीडिया ने बताया, यह सात दिन पहले दर्ज किए गए 83 से 24 प्रतिशत अधिक था, एनआईवीईएल के आंकड़ों से पता चला। यह कथित तौर पर हाल के वर्षों में एनआईवीईएल द्वारा दर्ज किया गया निमोनिया का सबसे बड़ा प्रकोप है। 2022 में, पीक फ्लू सीजन के दौरान साप्ताहिक औसत में 58 बच्चों को निमोनिया से पीड़ित देखा गया।

## लेटर टू एडिटर

### बेलगाम महंगाई

**देश** ने पिछले आठ सालों में, कई बदलाव देखे, जो कि अपने आप में ऐतिहासिक और अचंभित करने वाले थे। लेकिन, बेलगाम महंगाई ने कम आय वाले तबके के लोगों की कमर तोड़ कर रख दी है। ऐसे में सवाल है कि क्या शिक्षा, स्वास्थ्य और जरूरत की चीजों पर कुछ सकारात्मक निर्णय लिए जाएंगे? सरकार आम लोगों का हित नहीं सोचती क्यों?

**–अमन जायसवाल, रांची**

### जनता का विश्वास

**सरकारी** कर्मचारी हो या अन्य क्षेत्र, आज हर कदम पर रिश्वत का बोलबाला लगता है। इसके बजाय देश में कानून व्यवस्था इतनी मजबूत होनी चाहिए कि कोई भी गलत तरह से काम न करे। हाल ही में आप सरकार के तीन मंत्रियों का जेल में जाना यह बताता है कि उनके नारों में सच्चाई नहीं है। जनता का विश्वास कानून व्यवस्था पर बना रहना चाहिए।

**– सृष्टि ,हजारीबाग**

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### मां सतबहिनी सेवा ट्रस्ट की बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** मां सतबहिनी सेवा ट्रस्ट और नव झारखंड फाउंडेशन हजारीबाग की संयुक्त बैठक शिवनगर भुरकुंडा स्थित मंदिर प्रांगण में हुई। बैठक में मुख्य रूप से मां सतबहिनी सेवा ट्रस्ट के संरक्षक श्रीश्री 1008 श्री दीनदयाल महाराज, नव झारखंड फाउंडेशन हजारीबाग के संस्थापक सह समाजसेवी किशोरी राणा उपस्थित थे। बैठक में गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण एवं मां सतबहिनी सेवा ट्रस्ट की महत्वाकांक्षी परियोजना वृद्धा आश्रम एवं धर्मशाला निर्माण पर चर्चा की गई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जरूरतमंद लोगों का सर्वे कर उन्हें कूपन दिया जाएगा एवं चिन्हित करने के बाद कंबल का वितरण किया जायेगा। मौके पर ट्रस्ट के संस्थापक चमन लाल, योगेंद्र पाठक, जयराम सिंह, शेखर वर्मा, संजय मिश्रा, कैलाश रावत, राजेश मिश्रा, शंकर अग्रवाल, रंजीत कुमार, विनय तिवारी, पंकज, सुबोध, हरेराम साहू, ईश्वर दयाल पांडेय, राजेश, संजय, अशोक राय, कैलाश बिहारी, नित्यानंद पाठक, रूपेश कुमार चैबे, राजकुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### नीतीश की यात्रा को लेकर बैठक



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जनता दल युनाईटेड का रामगढ़ में आयोजित नीतीश कुमार के जोहर कार्यक्रम की सफलता को लेकर रविवार को जदयू के वरिष्ठ नेता मधुकर सिंह और झारखंड प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार रामगढ़ पहुंचे। नेताओ ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान नेताओ ने बताया कि 21 जनवरी को बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार झारखंड की धरती रामगढ़ में जनसभा को संबोधित करेंगे। पार्टी के पदाधिकारियों से कई बिंदुओं पर चर्चा की और दिशा-निर्देश दिया। कार्यक्रम को लेकर 16 दिसंबर को हजारीबाग एवं रामगढ़ जिला कमेटी की संयुक्त बैठक रामगढ़ में होगी। मौके पर प्रदेश महासचिव जगदीश महतो, युवा जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक सिन्हा, युवा जदयू के रामगढ़ जिलाध्यक्ष भूषण उरांव, हजारीबाग युवा जिलाध्यक्ष प्रदीप रजक, अमित राम सहित अन्य मौजूद थे।

### कुजू में जेपी रेस्टोरेंट का उद्घाटन



**कुजू।** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा व मांडू विधायक भाई पटेल ने बोंगाबार स्थित मोतीराम कॉम्प्लेक्स में रविवार से जेपी रेस्टोरेंट का उद्घाटन किया। अतिथियों ने भव्य और आकर्षक बने रेस्टोरेंट का तारीफ करते हुए संचालक सह सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति को बधाई दी। मौके पर जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, महामंत्री छोटन सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुवेर्दी, रंजीत सिन्हा प्रकाश मिश्रा, प्रदीप सिन्हा, योगेश मनोज गिरी समेत अन्य लोग उपथित थे।

### सेवा मंच ने गरीबों कराया भोजन



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राष्ट्रीय सेवा मंच भुरकुंडा और सुंदरनगर पंचायत के मुखिया व्यास पांडेय के सौजन्य से रविवार को साप्ताहिक बाजार में दुरदराज ग्रामीण क्षेत्र से दातुन-पतल बेचने आने वाले गरीबो के बीच भोजन का वितरण किया गया। इस अवसर पर 120 महिला पुरुष एवं बच्चों के बीच पूडी, सब्जी व जलेबी का वितरण किया गया। साथ ही कई गरीबो के बीच कंबल का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, मो. शाहिद, इम्तियाज अंसारी, महावीर घटवार, कवि राय, गोवर्धन सिंह, राजन पाठक, उमाशंकर सोनी, रमेश सोनी, रिंकु वर्णवाल, राकेश शर्मा सहित अन्य लोगों का विशेष योगदान रहा।

### धोती-साड़ी और कंबल वितरित



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय के प्रांगण में रविवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन विधायक अम्बा प्रसाद, पतरातु बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, पतरातु सीओ शिव शंकर पांडेय और विधायक प्रतिनिधि कृष्णा सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। अंबा प्रसाद द्वारा लगभग 100 गरीब परिवार के वृद्धा विधवा एवं दिव्यांग को कंबल तथा धोती-साड़ी का वितरण किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा प्रज्ञा केंद्र नहीं चलने आधार कार्ड सुधारने या नहीं बनने, लंबी सड़कों का निर्माण नहीं होने, स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध नहीं होने की शिकायत विधायक एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी से किया गया किया।

### पंचायत के अध्यक्षों और सचिवों से 14 को करेंगे जनसंवाद हेमंत सोरेन

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पतरातू प्रखंड कमेटी की बैठक रविवार को भुरकुंडा पार्टी कार्यालय में हुई। इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष राजेंद्र बेदिया ओर संचालन उदय अग्रवाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू उपस्थित थें। जिलाध्यक्ष विनोद किस्कू ने पार्टी की मजबूती पर बल देते हुए जन समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव कदम उठाने की बात कही। साथ ही उन्होंने बताया कि आगामी 14 दिसंबर को रांची के सोहराय भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन रामगढ़ जिला के सभी पंचायत के अध्यक्ष और सचिव से जनसंवाद करेगें। साथ ही संगठन की मजबुती और आगे की रणनीति पर विचार विमर्श व दिशा निर्देश देगें। मौके पर जिला सचिव विनोद महतो, उपाध्यक्ष आजाद अंसारी, संगठन सचिव हरिलाल बेदिया, उदय मालाकार, विरेंद्र यादव, योगेंर्द्र यादव, मुमताज अंसारी, सत्यनारायण यादव, प्रमोद ठाकुर, कालेंद्र यादव, मुन्ना अंसारी, सोमर मुंडा, गणेश बेदिया, महावीर उरांव, रमेश मुंडा सहित दर्जनो लोग मौजुद थे।

# रामगढ़ में सांसद धीरज साहू के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



रामगढ़। भारतीय जनता पार्टी रामगढ़ जिला के तत्वावधान में सुभाष चौक के निकट रविवार को कांग्रेस-झारखंड मुक्ति मोर्चा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार की जननी रही है। भोले-भाले पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा को फंसाकर करोड़ों रुपए हड़पने वाले कांग्रेस आज हेमंत सोरेन के नेतृत्व में कई सौ करोड़ रुपए लूटे है। वर्तमान सरकार ने पिछड़े वर्ग को आरक्षण नहीं दिया है और इस कारण से नगर निकाय चुनाव को स्थगित कर रखा है। आज भाजपा सम्पूर्ण झारखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ आक्रोश प्रदर्शन कर रही है। सबको मालूम है चार दिन से लगातार कांग्रेस के झारखंड के सांसद धीरज साहु के ठिकानों से करोड़ों रुपए नकदी मिलना बहुत ही चिंताजनक है। उन्होंने इस पूरे मामले को इडी के हवाले करने की मांग केंद्र सरकार से की । उन्होंने झारखंड में बढ़ते अपराध पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज रामगढ़ में दिन में भी गोली चल रही है। उन्होंने हेमन्त सरकार को चेतावनी देते हुए कहा कि आप संभल जाईये नहीं तो भाजपा की सरकार बनते ही पाई पाई का हिसाब लिया जायेगा। रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबु ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस ,झामुमो और राजद गठबंधन सरकार ने जनता को सिर्फ लूटने काम किया है। पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस का भ्रष्टाचार से चोली दामन का संबंध है । जिसके समर्थन से यह हेमंत सरकार आदिवासियों की जमीन लूटने में लगी है। वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा हमलोग नारा लगाते थे यह तो स्पष्ट है कांग्रेस पार्टी भ्रष्ट है । आज आइटी के सर्वे में राज्य सभा सांसद धीरज साहु के ठिकानों से कई सौ करोड़ नकदी निकलना ने भ्रष्टाचार के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिया ।

जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि झारखंड के गरीब किसान, कामगार एवं आदिवासी भाई बहनों का पैसा कांग्रेस झामुमो के तिजोरी में कैसे पहुंचा ? झारखंड प्रदेश की जनता को यह जानने का हक है। जनता की गाढ़ी कमाई के पाई पाई निकाली जाएगी यह मोदी की गारंटी है। चौकीदार चोर है कहने वाले आज खुद जनता की गाढ़ी कमाई को लूटते पकड़े जा रहे हैं। आक्रोश प्रदर्शन में वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा, प्रकाश मिश्रा,रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबु, जिला उपाध्यक्ष बलराम महतो, अखिलेश प्रसाद, जिला मंत्री संजीव कुमार बावला,किरण देवी, बसुध तिवारी, जिला कोषाध्यक्ष दीनदयाल कुमार, सत्यजीत चौधरी ,राजीव पामदत्त, भीमसेन चौहान , संतोष कुमार शर्मा , प्रवीण कुमार सोनु , रामगढ़ विधानसभा विस्तारक अजय तिवारी ,योगेश दांगी , सहदेव ठाकुर,विजय जायसवाल, सुरजीत सिंह छाबड़ा, नीरज झा, राजेश ठाकुर,मंडल अध्यक्ष शिव कुमार महतो, गणेश प्रसाद राजेन्द्र महतो, बबलू साव, तोकेश सिंह, सतीश मोहन मिश्र,मोर्चा अध्यक्ष सैयद किरमानी , मणिशंकर ठाकुर, ब्रजेश पाठक, रोबिन गुप्ता,अरविन्द सिंह, तरुण साव,सत्यजीत सिंह,शीतल सिंह , ऋषिकेश सिंह, अजीत कुमार गुप्ता, मिथिलेश मंडल ,विजय पाठक, धीरेन्द्र साह, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, संजय अग्रवाल,नवल शर्मा ,आमित ठाकुर,सौरभ जायसवाल, सुमित अग्रवाल, जितेन्द्र साहु,सुनील साव, रवि मिश्रा,रवि साहु, कुणाल दास ललन सिंह, मनोज कुमार महतो,शशि शेखर सिंह, अनिल कुमार राय,सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

**राज्य सरकार भ्रष्टाचार रोकने में नाकाम : जेपी पटेल**

# तिलैया बस्ती में 24 घंटे के अंदर विद्युत आपूर्ति करेगा डीवीसी

## पूर्व विधायक मनोज यादव को प्रबंधन ने दिया आश्वासन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बरही। विगत कई दिनों से डीवीसी द्वारा बिजली आपूर्ति बंद को लेकर तिलैया बस्ती के स्थानीय ग्रामीणों के साथ सैकड़ों महिलाओं ने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कर रही थी। जिसके तहत डीवीसी द्वारा धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों पर प्राथमिकी भी दर्ज कराई गयीं थी।महिलाएं प्राथमिकी वापस लेने और विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग कर पर अड़ी थी। छठे दिन बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में डीवीसी के चीफ इंजीनियर संजय कुमार सिंह व बिनोद राय ने महिलाओं व ग्रामीणों के साथ वार्ता किया। महिलाएं व ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर डीवीसी प्रबंधन से अपनी बात रखी। महिलाओं ने बताया कि तिलैया बस्ती गांव दो दो बार विस्थापित हो चुका है, इंटक वेल में पहली बार जमीन अधिग्रहण हुआ और फिर बांझेडीह पावर प्लांट में दुबारा उनका विस्थापन हुआ। बावजूद इसके गांव को डीवीसी द्वारा इकरारनामें के अनुसार मूलभूत सुविधा अब तक नही मिल पाया है। महिलाओं ने बताया कि पिछले 40 वर्षो से लगातार बिजली जला रहे है, लेकिन डीवीसी के एक पदाधिकारी अजित शर्मा उन्हें बेवजह परेशान करते रहे है। लगातार उन्हें तिलैया बस्ती और कांटी के लिए थ्री फेज दिया जा रहा था।परन्तु हाल के दिनों में दो फेज कर दिया गया है।

पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने हस्तक्षेप करते हुए कहा कि कड़कड़ाती ठंड में महिलाएं डीवीसी के संवेदनहीनता के कारण बैठी हुई है। विस्थापितों की मांग जायज है। डीवीसी गांव के विस्थापितों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षा व्यवस्था को बेहतर करे। साथ ही ग्रामीणों पर झूठा प्राथमिकी दर्ज कर मानसिक रूप से दबाव बनाना चाहती है वह बिल्कुल बर्दाश्त नही किया जाएगा। डीवीसी के चीफ इंजीनियर संजय कुमार सिंह व बिनोद राय ने विस्थापित रैयतों को आश्वस्त किया कि तत्काल प्राथमिकी को सुलह समझौता कर समाप्त कर दिया जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया कि बिजली की शुरूआत कर रहे है, ब्रेकर रिपेयरिंग का काम हो रहा है। 24 घंटे के अंदर बिजली बहाल कर दी जाएगी। वार्ता में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, हैडल विस्थापित संघर्ष समिति अध्यक्ष सरयू वर्मा, मुखिया मंगलदेव यादव, जेबीकेएसएस नेता मनोज यादव, कृष्णा यादव, रविशंकर यादव, डिलो पासवान, टेकलाल यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

### सद्भावना विकास मंच का होगा वृहद विस्तार : राजसिंह चौहान



**बरही।** बरही अनुमंडल सहित कई जिलों में सामाजिक कार्यों में कई कृतिमान हासिल करने वाले सद्भावना विकास मंच का अब वृहद विस्तार रूप ले रहा है। 10 दिसंबर को बरही के करसो स्थित हर्षित राज होटल में मंच की एक बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान मौजूद थे। बैठक में चंदवारा, चौपारण तथा पदमा प्रखंड के कई लोगों ने मंच की सदस्यता ग्रहण की। राजसिंह चौहान ने कहा कि सद्भावना विकास मंच का उद्देश्य समाज में सामाजिक सौहार्द को मजबूत बनाना है। उन्होंने कहा कि आज जागरूकता के आभाव में लोगों में कटुता बढ़ती जा रही है। जिसे हम सबों को मिलकर मिटाने की आवश्यकता है। सनद हो कि 2017 में मंच के स्थापना के बाद से कई सामाजिक कार्यों का निर्वहन किया गया है। खासकर कोरोना काल में लोगों के बीच विभिन्न प्रकार के सेवा प्रदान कर प्रशासन और आम जनता की सराहना हासिल किया है। बैठक में चंदवारा के सामाजिक कार्यकर्ता धीरज कुमार व पदमा के अरविन्द कुमार मेहता ने सदस्यता लिया। मौके पर पिपराडीह के पूर्व मुखिया धीरज कुमार, कोषाध्यक्ष आजाद हुसैन, उप सचिव मनोज कुमार कुशवाहा, तोहिद अली, संगठन मंत्री प्रद्युमन सिंह, व्यवस्थापक जियाउल हक, सक्रिय कार्यकर्ता विकास सिंह, पंसस जीतू ठाकुर, महिला अध्यक्ष पायल देवी, सचिव सुनीता देवी, सक्रिय सदस्य गायत्री देवी, ममता देवी, ममता देवी, केसरी देवी, संजू देवी, मंटू सिंह, अभिमन्यु सिंह, मंटू कुमार दांगी, सद्दाम अंसारी, किशोर दास, काजल देवी, घुंघरू कुमारी, मंजीत कुमार, धर्मेंद्र कुमार, अंजू देवी, सुरेश कुमार दांगी, ललिता देवी, प्रेमा देवी, सावित्री देवी सहित कई भारी संख्या में महिला पुरुष मौजूद थे।

### पल्स पोलियो अभियान का उपायुक्त ने किया शुभारंभ



**रामगढ़।** डीसी चंदन कुमार ने रविवार को जिले में पल्स पोलियो उन्मूलन अभियान की शुरूआत की। सदर अस्पताल में उपायुक्त ने नवजात शिशु को पोलियो की खुराक पिलाने के उपरांत सभी जिलेवासियों से 5 वर्ष तक के बच्चे को अनिवार्य रूप से पोलियो की खुराक पिलाने की अपील की।

### 14 दिसंबर को सामूहिक विवाह करायेंगे सदर विधायक



**हजारीबाग।** सदर विधायक मनीष जायसवाल द्वारा 14 दिसंबर को डीपीएस स्कूल मैदान में सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। इसके लिए विधायक और उनकी टीम के द्वारा समाज के 25 जरूरतमंद जोड़ों का चयन किया गया है। सामूहिक विवाह समारोह की तैयारियां जोरों से चल रही है। टेंट, पंडाल और मंडप बनाने का कार्य युद्धस्तर पर जारी है। विधायक मनीष जायसवाल द्वारा इस समारोह के माध्यम से सभी 25 जोड़ों के परिणय सूत्र में बंधने और उसके उपरांत विदाई के साथ ही बेरोजगार दूल्हा को रोजगार से जोड़ने हेतु टोटो भेंट करने या जो पूर्व से रोजगार से जुड़े होंगे उन्हें बाइक या फिर दुल्हन के नाम से एफडी भेंट करने के साथ सभी जोड़ों को गृहस्थी का सामान सहित कई उपहार भी देने की योजना है। जायसवाल बताते हैं कि पहली बार हमारे द्वारा इस प्रकार की सामूहिक विवाह की शुरूआत की जा रही है हमारा कोशिश होगा कि यह निरंतरता बनी रहे।

# चंद्रवंशी समाज की आस्था का केंद्र है बिगहा शिव मंदिर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जीर्ण मंदिर को तोड़कर नये भव्य मंदिर का हो रहा निर्माण, 2024 शिवरात्रि में प्राण प्रतिष्ठा का निर्णय**

**चौपारण ।** चतरा रोड के बिगहा बाजार स्थित चंद्रवंशी परिसर में भव्य शिव मंदिर का निर्माण कार्य बीते दो साल से लगातार जारी है। शिवरात्रि मार्च 2024 में प्राण प्रतिष्ठा व महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसे लेकर रविवार को परिसर में बैठक का आयोजन किया गया। इस बात की जानकारी देते हुए समाज के अध्यक्ष छत्रधारी चंद्रवंशी तथा सचिव देवधारी चंद्रवंशी ने बताया कि शिवरात्रि में महायज्ञ का आयोजन होगा। इसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होंगे। बताया कि 1999 में मंदिर का निर्माण हुआ था। मंदिर के जीर्ण शीर्ण होने पर उसे तोड़कर 2022 में नये बडे शिव मंदिर निर्माण आरंभ किया गया। लगभग दो साल से लगातार निर्माण कार्य जारी है। बताया कि हर साल शिवरात्रि में समग्र समाज की बेहतरी के लिए सामुहिक पूजन और हवन का सलाना आयोजन होता है। बरही, पदमा, चौपारण, ईटखोरी, मयुरहंड, बरकट्ठा सहित कोडरमा,चतरा व हजारीबाग जिले के चंद्रवंशी समाज का यह मंदिर आस्था का बडा केंद्र रहा है। परिसर में मंदिर के साथ ही सामुदायिक भवन, यज्ञ मंडप , शौचालय आदि की व्यवस्था है। प्रतिवर्ष बडी संख्या में गरीब परिवार के लोग यहां महज दो हजार रुपए के खर्च पर शादी आयोजित करते हैं। हर साल सैंकड़ों शादियों का आयोजन होता है।

सारे कार्य सामूहिक प्रयास का बडा उदाहरण है। अध्यक्ष बताते हैं कि क्षेत्र के हर चंद्रवंशी परिवार से इक्कीस सौ रुपए का राशि संग्रह किया गया। हर नौकरी वाले तथा उच्च पदों पर आसीन रहने वाले, बडे व्यवसाय करने वाले सक्षम लोगों का खुलकर सहयोग मिल रहा है। पूरे निर्माण और आयोजन में एक करोड रूपए खर्च का अनुमान है। बैठक का संचालन शशि शेखर ने किया। बैठक में अध्यक्ष छत्रधारी चंद्रवंशी, सचिव देवधारी चंद्रवंशी, जिप सदस्य देवेंद्र चंद्रवंशी, उपाध्यक्ष करुणा चंद्रवंशी, संयुक्त सचिव महेंद्र चंद्रवंशी, संगठन मंत्री अशोक चंद्रवंशी, भुनेश्वर चंद्रवंशी, प्रदीप चंद्रवंशी, सुनील चंद्रवंशी, सुनील शेखर, प्रीतम चंद्रवंशी, रामबिलास चंद्रवंशी, चौपारण अध्यक्ष पूर्व मुखिया छोटु चंद्रवंशी, सचिव ज्ञानी चंद्रवंशी समेत बडी संख्या में लोग मौजूद थे।

## एक नजर में

### बरही में खुला ओम डायग्नोस्टिक सेंटर



**बरही।** धनबाद रोड स्थित ओम डायग्नोस्टिक सेंटर का उद्घाटन पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर अल्ट्रासाउंड मशीन का उद्घाटन किया। पूर्व विधायक ने ओम डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक उमेश कुमार दास व राजकुमार केशरी को शुभकामना दी। सेंटर के संचालक ने पूर्व विधायक मनोज यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता को बुके देकर स्वागत किया। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि ओम डायग्नोस्टिक सेंटर के खुलने से मरीजों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में लाभ मिलेगा। पूर्व विधायक ने अल्ट्रासाउंड सेंटर में दी जा रही आधुनिक सुविधा की तारीफ की और कहा कि बरही में एक स्थान पर ऐसे ही सुविधाओं की सख्त जरुरत है। कहा क्षेत्र में लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवा के लिए यह डायग्नोस्टिक सेंटर काफी मदद करेगा। ओम डायग्नोस्टिक सेंटर के संचालक उमेश कुमार दास ने बताया कि उनका उद्देश्य क्षेत्र में लोगों को हो रही शरीर से संबंधित जांच समस्या को खत्म करना और उन्हें तत्काल जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने की है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह सामाजिक कार्यकर्ता रमेश ठाकुर, गुरुदेव गुप्ता, रेडियोलॉजिस्ट डॉ गंगाधर महापात्रा, चंचला कुमारी, अभिमन्यु कुमार, विक्रम कुमार, रवि कुमार, रवि कुमार, डोली देओत, विहीप प्रखण्ड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, अशोक यादव, युगल यादव, पिंटू केशरी, कैलाश ठाकुर, उमेश कुमार, सचिन यादव, भूपेंद्र यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### लारा में लिंग हिंसा खिलाफ सेमिनार आयोजित

**चरही।** चुरचू प्रखंड के लारा में झारखंड महिला उत्थान के तत्वाधान में 16 दिवसीय अभियान के तहत महिलाओं के विरुद्ध लिंग आधारित हिंसा पर पंचायत स्तरीय सेमिनार का आयोजन किया गया ।जिसके मुख्य अतिथि के रूप में चुरचू उप प्रमुख संजय कुमार सिंह,आंगो मुखिया सीतामुनी देवी,झारखंड महिला उत्थान के सचिव नीलम बेसरा व दिल्ली के अतिथि द्वारा संयुक्त रूप से विधिवत दीप प्रज्वलित व फुटबॉल को किक मार कर उदघाटन किया गया ।जहां चुरचू प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत के महिला फुटबॉल प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबला चूरचू व आंगो के बीच खेला गया ।आंगो ने 2-0 से खिताब पर कब्जा जमाया। संजय कुमार सिंह ने कहा जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ असामनता से समानता सबकी गिनती एक समान पर वंचित,शोषित,समुदाय के हसिये पर हर लड़कियां एकल विधवा, विकलांग ट्रांसजेंडर,स्वतंत्र सुरक्षित और हिंसा मुक्त हो सके। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सुषमा मुर्मू,वार्ड सदस्य संतोष टुडु, चिंता,अनिल,मंसूर,राजकुमारी,अंजू कुमारी,अशुमी सोरेन,रवि हेमब्रोम, सुनीता हसदा,पूनम देवी,सरिता सोरेन,सुप्रिया सोरेन,सावित्री देवी, बलमती देवी, हेवंति देवी, सुजनती देवी सहित कई लोग शामिल थे।

### चरही के गधोनिया गरम कुंड जर्जर

**चरही।** इंद्रा पंचायत के तहत 15 माइल स्थित गधोनियां गरम कुंड अवस्थित है ।यह कुंड चारों ओर से जंगलों से घिरा हुआ है ।यह कुंड यहां पर कई दशकों से है ।यहां पर तीन कुंड जिसमें दो गरम कुंड और एक ठंढा कुंड है ।दो कुंड का विस्तार मांडू विधायक द्वारा वर्ष 2014-15 में किया था ।दोनों गरम कुंडों पर चबूतरा निर्माण कराया था ।आज इस कुंड के हालत काफी जर्जर स्थिति में है ।दोनों गरम कुंड के पानी सुख चुके हैं ।और मिट्टी पलित हो चुका है ।गावं के ग्रामीणों का कहना है कि गधोनियाँ कुंड कई दशकों से है ।लोग इस कुंड में प्रतिदिन स्नान करने पहुंचते थे ।स्नान करने के बाद कुंड के समीप अवस्थित पीपल वृक्ष के पास जाकर पूजा-अर्चना किया करते थे ।दिसबंर और जनवरी माह में लोग दूरदराज से पहुंचकर स्नान कर वनभोज का आनंद लेते थे। प्रत्येक वर्ष 14 जनवरी को गधोनियाँ माता के नाम से तीन दिनों तक मिला का भी आयोजन किया जाता है ।उस दिन दूरदराज से लोग मेले का आनंद लेने पहुंचते हैं ।और गरम कुंड में स्नान और पूजा-अर्चना कर मेले का लुफ्त उठाते थे।

### धरमपुर में आपकी योजना आपके द्वार शिविर

**टाटीझरिया।** धरमपुर पंचायत भवन परिसर में आपकी योजना,आपकी सरकार ,आपके द्वार कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजन किया गया. कार्यक्रम की शुरूआत टाटीझरिया प्रमुख संतोष मंडल, जिला कल्याण पदाधिकारी सह वरीय पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो, बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज, 20सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह, मुखिया कांति देवी, सांसद प्रतिनिधि एमके पाठक, कैलाशपति सिंह, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र प्रसाद यादव, पंसस राजेश यादव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया. कार्यक्रम में मनरेगा, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, अबूआ आवास योजना, वृद्धापेंशन, सामाजिक सुरक्षा पेंशन विभाग, राजस्व विभाग, खाद्यापूर्ति विभाग, जेएसएलपीएस, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, बिजली आपूर्ति विभाग समेत अन्य कई विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे। कार्यक्रम का संचालन सुधीर राय ने किया. मौके पर योधी प्रसाद यादव, अशोक यादव, सुनील कुमार, बिपिओ अफरोज अख्तर, जेई शशांक भूषण, रोहित कुमार, अर्जुन प्रसाद समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

### सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद रजवार का निधन

**बरही।** बरसोत निवासी अरविंद रजवार का असामयिक निधन रांची के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ताओ में शोक की लहर दौड़ पड़ी। बताते चलें कि अरविंद रजवार सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते थे। बरही के गणमान्य समेत बड़ी संख्या में लोगों ने उनके आवास जाकर शोक संतप्त परिवार का ढांढस बंधाया। पूर्व विधायक मनोज यादव ने श्मशान घाट पर जाकर शोक संवेदना व्यक्त किया और उन्होंने अरविंद रजवार के निधन को अपूर्णीय क्षति बताया। उनके निधन पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता महेश ठाकुर, बासुदेव यादव, हरी कुशवाहा, पंसस सुजीत कुमार, मुकेश बक्शी, उमेश चंद्रवंशी, सूरज सिंह, संतोष रजवार, बिश्नुधारी महतो, रूपेश कुमार, संतोष रजवार, मुकेश बक्सी, अजीत चंद्रवंशी, सूरज सिंह समेत कई लोग शव यात्रा में शामिल हुए और शोक व्यक्त किया।

### झामुमो आंदोलन की पार्टी : संजीव बेदिया



बड़कागांव। झारखंड मुक्ति मोर्चा का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन बालिका उच्च विद्यालय के सभागार भवन में किया गया। कार्यक्रम का अध्यक्षता प्रखंड संयोजक संजय सिंह तथा संचालन इंद्रदेव राम व विशेश्वर राम ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों ने जी डी एम चौक में गुरूदयाल महतो के आदमकद प्रतिमा में फूल माला पहनाकर झारखंडी संस्कृति गीत व ढोल मांदर के धुन के साथ स्वागत किया। सर्वप्रथम सभी अतिथियों को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया। श्री बेदिया व अन्य पदाधिकारी के द्वारा सभी पंचायत अध्यक्ष व सचिव को झामुमो के पट्टा पहनाकर व डायरी कलम देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि झामुमो आंदोलन की पार्टी है। आने वाले चुनाव में भाजपा-आजसू पार्टी को खदेड़ने का काम करेंगे ।श्री बेदिया ने झामुमो प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह, उपाध्यक्ष मोहन सोरेन,सचिव सरोज कुमार मेहता, कोषाध्यक्ष इंद्रदेव राम, प्रखंड प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय कुमार भुइयां का घोषणा किया। केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी ने कहा कि हेमंत सरकार पुरे झारखंड में गरीब गुरबा को 8 लाख लोगों को अबुवा आवास देने जा रही है। मौके पर जिला संयोजक सदस्य नीलकंठ महतो,डॉ कमल नयन सिंह,मो. इजहार,किशोर राणा,दिलीप वर्मा,संजय करमाली ,हेमंत भुईयां, राकेश मिश्रा, रेशमी टुडू, शांति देवी,मो.नईम, नंदकिशोर राम, संजय भुइयां,मो.इलियास,बसंत ठाकुर,मो.हुसैन, बिनोद यादव, मुकेश राउत के अलावे हजारों महिला पुरुष शामिल थे।

## स्पीड न्यूज

### जनजाति सुरक्षा मंच की बैठक संपन्न



**लोहरदगा।** जनजाति सुरक्षा मंच लोहरदगा की बैठक वनवासी कल्याण केंद्र में की गयी। जिसमें 24 दिसंबर को रांची रैली सफल बनाने पर चर्चा की गयी। बैठक में जनजाति सुरक्षा मंच के क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव, वनवासी कल्याण केंद्र के राघव राणा, जिला सचिव अजय पंकज, संजय विश्वकर्मा, राजेश्वर उरांव, दिलीप लकड़ा, अनिल यादव, हरी लाल उरांव, संजय उरांव, नंदकिशोर लोहार, करमू उरांव, धनेश्वर साहू, मंगल उरांव, महिला कमेटी से सुमति कश्यप, ललिता देवी, नीलू देवी, मुन्नी देवी, सुलेखा, पूनमकुमारी, निर्मला कुमारी आदि लोग मौजूद थे।

### मुखिया ने गरीबों में बांटे कंबल

**घाघरा।** प्रखंड के चुंदरी पंचायत सचिवालय में रविवार को कंबल वितरण हुआ। जिसमें मुखिया बिनीता कुमारी के नेतृत्व में 130 कंबल बांटा गया। मुखिया बिनीता कुमारी ने बताया कि घाघरा प्रखंड मुख्यालय से उपलब्ध 160 कंबल बांट दिया गया है। सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत चुंदरी पंचायत में लगे शिविर में 30 कंबल बंटा था। मौके पर मुखिया बिनीता कुमारी, उप मुखिया अजीत मनी पाठक, वर्ड सदस्य मुनेश्वर उरांव, पूर्णिमा उरांव, अनिल उरांव के साथ कई वार्ड सदस्य, समाजसेवी एवं सभी वार्ड के वृद्ध, विकलांग भी थे।

### डालसा ने किया जागरूकता कार्यक्रम



**गुमला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के अध्यक्ष संजय कुमार चंद्रयाभी के मार्गदर्शन में डालसा गुमला ने मंडल कारा गुमला में मानव अधिकार दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम बंदियों के बीच किया। मौके पर बंदियों को मानव अधिकार के महत्व के विषय में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम का नेतृत्व डालसा के पैनल अधिवक्ता विद्या निधि शर्मा तथा बुनदेश्वर गोप ने किया तथा बंदियों को यह बताया गया कि 10 दिसंबर के दिन अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस के रूप में मनाया जाता है तथा इसी दिन संयुक्त राष्ट्र द्वारा मानव अधिकार को अपनाया गया था। शिविर में डालसा के अधिवक्ता इंदु पांडे तथा जितेंद्र कुमार, जेल पी एल भी, डालसा तथा जेल के कर्मचारी तथा बंदी गण आदि मौजूद थे।

### थाना मैदान पहुंची सरकार आपके द्वार


**सिसई।** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत थाना मैदान सिसई में शिविर लगाया गया। शिविर में अबुआ आवास फार्म जमा करने के लिए पंचायत के लोगो का भीड़ उमड़ पड़ी। इस शिविर में स्वास्थ्य शिक्षा जल एवं स्वच्छता कल्याण, जेएसएलपीएस, मनरेगा, सावित्रीबाई फुले किशोर समृद्धि योजना, पशुधन आदि का विभागीय स्टॉल लगाया गया था। शिविर का उद्घाटन पूर्व शिक्षा मंत्री गीताश्री उरांव और एसडीओ रवि रंजन ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। गीताश्री ने कहा कि सरकार ने झारखंड के गरीब, असहाय लोगों को सहायता पहुंचाने के लिए अनेक कल्याणकारी योजना चल रही है। इसका लाभ सभी जनता उठायें। वहीं एसडीओ रवि रंजन ने योजना का लाभ उठाने को लेकर बारीकी से जानकारी दी। मौके प्रखंड अध्यक्ष बैबुल अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, बीस सूत्री अध्यक्ष रवि उरांव, जाकिर अंसारी, शशि साहू, मुखिया सुगीया देवी आदि उपस्थित थे।

### आदिवासी सरना समाज अपने रीति रिवाज को न भूलें : शनिचरण उरांव



**भंडरा।** प्रखंड के गडरपो पंचायत के सात पड़हा कुंडुख लुरकुड़िया परिषद में रविवार को सात पड़हा केंद्र पलमी की बैठक पड़हा के दीवान शनिचरण उरांव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में आदिवासी सरना समाज में होने वाले विवाह (संस्कार) रीति रिवाज परंपरा पर विशेष चर्चा की गयी। आदिवासी समाज का विवाह कार्यक्रम की शुरुआत मार्गशीर्ष (अगहन) दिसंबर माह से होता है तथा चैत्र में विवाह अशुभ माना जाता है, इसके पश्चात वैशाख माह में विवाह पवित्र माना जाता है। आदिवासी सरना रीति रिवाज के अनुसार, परंपरा अनुसार ही शादी विवाह कराने पर विचार किया गया। मौके पर दीवान शनिचरण उरांव ने कहा कि आए दिन बाहरी तत्व, अन्यत्र रीति रिवाज हमारे सरना रीति रिवाज पर हावी होता जा रहा है। इसका मुख्य कारण है हमारे ही लोग दूसरे रीति रिवाज को अपनाकर अपने परंपरा को भूलते जा रहे हैं। बैठक में विचार किया गया कि सात पड़हा केंद्र पलमी में आने वाले 13 गांव के पाहन, पुजार, महतो सहित अन्य समाज के अगुवा लोगों को विवाह कार्यक्रम को लेकर दो दिवसीय प्रशिक्षण देने पर सहमति बनी। बैठक में लेटे उरांव, जितिया उरांव, बबलू उरांव, छोटू उरांव, बिरसु उरांव, गंगा उरांव, जीतराम पाहन उरांव, मंगरा पाहन, बिरसु उरांव, गोवर्धन उरांव, संजय उरांव सहित अन्य शामिल थे।

### सेवा भारती ने लगाया जांच शिविर



**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 78 वें सप्ताह के रविवार को भी सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किया। इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 38 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं चेकअप कराकर लाभान्वित हुए। मौके पर जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा कि मानव सेवा ही नारायण सेवा है जरूरतमंदों और असहायों का जितनी भी मदद की जाए कम है। डॉ कुमुद ने कहा कि समय-समय पर अपने स्वास्थ्य का चेकअप कराते रहने से समय पर बिमारी का पता चल सकता है। उपाध्यक्ष शशि भूषण सिंह एंव सचिव जयप्रकाश शर्मा ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में काफी दूर से लोग यहां आ रहे हैं।

# कांग्रेस और भ्रष्टाचार का पुराना नाता : अनूप अधिकारी

■ आयकर विभाग के छापे में सांसद के घर से मिले अकूत संपति को लेकर भाजपा ने दिया धरना

**खबर मन्त्र संवाददाता**



धरना में शामिल भाजपा नेता व अन्य।

**गुमला।** आयकर विभाग के छापे में कांग्रेस के सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से 300-400 करोड़ रुपये की बरामदगी ने पूरे राज्य को शर्मसार करने का कार्य किया है। आज ऐसे भ्रष्ट कांग्रेस नेताओं के कारनामों से आक्रोशित भारतीय जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने स्थानीय कचहरी परिसर में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी ने कहा कि कर चोरी के आरोप में कांग्रेस सांसद धीरज साहू के विभिन्न ठिकानों से 300 से 400 करोड़ रुपये की बरामदगी आयकर की छापे में हुई है। यह इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस पार्टी का भ्रष्टाचार से पुराना नाता रहा है और वर्तमान में भी कांग्रेस के नेता किस हद तक भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे हुए हैं। जब एक सांसद के पास इतने रुपये प्राप्त हो रहे है तो कांग्रेस ने अपने 60 सालों के शासन में कितना भ्रष्टाचार किया होगा इसका अनुमान भी लगाना मुश्किल है। आज जरूरत है कि देश के सारे कांग्रेसी सांसद के यहां ऐसी जांच की जाये ताकि ऐसे भ्रष्ट नेताओं को बेनकाब किया जा सके।

**क्या बोले पूर्व विधायक :** पूर्व विधायक कमलेश उरांव ने कहा कि झारखंड से राज्यसभा सांसद बनने के लिए सांसद धीरज साहू ने अपने हलफनामे में 2-3 करोड़ का जिक्र किया तो 400 करोड़ नकद पैसा कहां से आया, ये पैसा कांग्रेस के द्वारा अवैध रूप से जमा किया हुआ पैसा है। धरना को संबोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष विजय मिश्र ने कहा बरामदगी पैसा देश विरोधी गतिविधियों के लिए होना था, लोहरदगा में दंगा भी यही सब पैसे से करवाया गया था, पूरे प्रकरण की जांच होनी चाहिए। जिला महामंत्री मिसिर कुजूर ने कहा कि आज देश के यशस्वी प्रधानमंत्री मोदी जी किसी को भ्रष्टाचार करने का मौका नहीं दे रहे है तो सभी कांग्रेसियों की नींद चैन गायब हो गई है। एसटी मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामावतार भगत ने कहा कांग्रेसियों का चरित्र उजागर हुआ नशीले पदार्थों का सेवन करवा कर आदिवासियों को बर्बाद कर दिया गया है, आदिवासियों का लूटा हुआ पैसा था। घर-घर से ऐसे काले व्यक्तियों की काली कमाई मोदी जी निकालेंगे। मौके पर जिलाध्यक्ष अनुपचंद्र अधिकारी, एसटी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शिव शंकर उरांव, पूर्व विधायक कमलेश उरांव, प्रदेश मंत्री मुनेश्वर साहू, भिखारी भगत, भूपन साहु, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय मिश्रा, विनोद कुमार, सत्यनारायण पटेल, मिसिर कुजूर, गायत्री देवी, यसवंत सिंह, राधेश्याम कुशवाहा, अरविंद मिश्रा, रविंद्र सिन्हा, बाल्केश्वर सिंह, रामवतार भगत संजय वर्मा, शंभु सिंह, जगनारायण सिंह, अमरमणि उरांव, सुमन कुमार यादव, योगेन्द्र सिंह, दिनेश सिंह, लक्ष्मीकांत बड़ाईक, सुबा एलबुम तिग्गा, केदार साहू, कौशलेंद्र जमुआर, कंचन सिंह, कौशल साहू, रविशंकर सिंह, रंजीत सोनी, प्रमोद सिंह, सूरज सिंह, सौरभ पांडे, रामविलास साहू, पूर्णिमा देवी, सीता देवी, यशोदा देवी, गोपाल गोप, दिनेश चौधरी, सुनील दास, देवेंद्र लाल उरांव, अनिल साहू, मुरारी सिंह, जयप्रकाश साहू आदि भाजपा कार्यकर्ता धरना कार्यक्रम में शामिल थे।

अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक शिवशंकर उरांव ने कहा भ्रष्टाचारियों और शोषण के विरुद्ध भाजपा हमेशा मुखर रहेगी यह इंडिया गठबंधन भ्रष्टाचारियों का गठजोड़ है, इससे देश को सावधान रहने की जरूरत है।

बरामदगी पैसा राज्य के गरीबों का पैसा था जिसको कांग्रेसियों ने चुनाव के उपयोग के लिए रखा हुआ था। देश के सभी बड़े घोटाले कांग्रेस के शासनकाल के दौरान हुई है। कांग्रेस के नेता कितने भ्रष्ट हो सकते हैं यह वर्तमान दौर में और भी अधिक स्पष्टतः देखा जा सकता है।

# गेस्ट स्पीकर्स ने बढ़ायी गुमला में लगी पुस्तक मेला की शोभा

## अपर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार सुनील वर्णवाल हुए शामिल

**खबर मन्त्र संवाददाता**



पुस्तक मेले में महिला को सम्मानित करते उपायुक्त।

**गुमला।** जिले में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय पुस्तक मेले का संपन्न हुआ। पुस्तक मेले में हजारों की संख्या में उपलब्ध पुस्तकों ने विद्यालय के बच्चों को आकर्षित किया, सैंकड़ों की संख्या में कई विद्यार्थियों एवं पाठकों ने इस पुस्तक मेले में भाग लिया एवं अपने पसंदीदा पुस्तकों को क्रय किया। आज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गेस्ट स्पीकर के रूप में कुडुक भाषा के लिपि को तैयार करने वाले डॉ. नारायण उरांव, भारत के लेखक एवं कवि निलोत्पल मृणाल, सुश्री राज कुमारी एवं साहित्यिक लेखक श्री रणेद्र कुमार, एवं यदुवंश प्रणय ने आज के कार्यक्रम में भाग लिया। गेस्ट स्पीकर्स ने अपनी जीवनी एवं साहित्यिक विचारों को सभी से साझा किया। वहीं श्री रणेंद्र कुमार द्वारा साहित्य के माध्यम से आदिवासी इतिहास और दर्शन पर वृत्तचित्र से संबंधित विषय पर एक बेहतरीन परिचर्चा की गयी।

**खास बातें :** कार्यक्रम के दौरान गेस्ट स्पीकर्स से वहां मौजूद श्रोताओं ने कई प्रश्न भी पूछे एवं सभी अतिथियों को मोमेंटो देकर मंच पर सम्मानित भी किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम में ओपन माइक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें जे.ए.एस पदाधिकारी सुमित कुमार, ताशा झा, एडीएफ फेलो रमेश कुमार,वैष्णवी केरकेट्टा, दिलदार सिंह सहित अन्य लोगों ने भी भाग लिया एवं अपने विचारों तथा कविताओं को सबके समक्ष रखा। झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वाधान में जिला प्रशासन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को देखने अपर सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार सुनील वर्णवाल भी पहुंचे।

# कंवलजीत ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं को दिलायी आजसू की सदस्यता

›› आजसू पार्टी का मिलन समारोह संपन्न

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सदस्यता ग्रहण करते लोग।

**लोहरदगा।** जिले से सैकड़ो की संख्या में कवलजीत सिंह के नेतृत्व में लोगो ने रांची पहुंचकर आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी मुख्यालय हरमू रोड में पूर्व उपमुख्यमंत्री सह केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के नेतृत्व में लोहरदगा से घर वापसी करते हुए पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही झामुमो के पूर्व सचिव रंथु उरांव, नारी नवाडीह से भाजपा के इकारामूल अंसारी, ओबीसी मोर्चा के राजू उरांव, हरमू मुखिया सुनील उरांव, सेवा निवर्त बैंक प्रबंधक एन कुजूर, कांग्रेस पार्टी के पूर्व लोहरदगा प्रखंड अध्यक्ष मुस्तफा अंसारी, भारतीय मजदूर संघ के नेता रोहित भगत के अलावा राष्ट्रीय दल एवं क्षेत्रीय दल के अन्य कार्यकर्ताओं सहित सागर वर्मा, विनोद सिंह, मनोज गुप्ता, ब्रज सिंह, संदीप भगत, विक्रम कुमार, मिथुन चंदेल, जतरू मुंडा, तारकेश्वर महतो, राजेश शर्मा, संजीव शर्मा, अरुण सिंह, रिशु कुमार, सत्येंद्र उरांव, आनंद उरांव, रंजीत उरांव, अजीत उरांव, राजकुमार उरांव, विक्की कुमार सिंह, विक्रम लोहरा, बिशनदेव उरांव, सूरज सिंह, सुमित विश्वकर्मा, रमेश विश्वकर्मा, मोहम्मद इम्तियाज अहमद, बबलू, राजकुमार यादव, रियाजुल अंसारी, दिनेश प्रसाद, रोहित साहू, कालू छतरी, दिगंबर साहू, सत्येंद्र शर्मा, राजू यादव, प्रदीप भगत, नीरज सिंह आदि भी थे।

### चैंबर के पूर्व अध्यक्ष को पितृशोक

**गुमला।** चैंबर के पूर्व अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल के पिता रामगोपाल अग्रवाल का निधन हो गया। इसपर चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी व हेमावती देवी ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। कहा कि इस दु:ख की घड़ी में वे शोकाकुल परिजनों के साथ है। भगवान मृत आत्मा को शांति व परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। रामगोपाल सामाजिक व धार्मिक अभिरूचि के व्यक्ति थे। उनका आकस्मिक निधन समाज के लिए अपुरणीय क्षति है।

### चैंबर के पूर्व अध्यक्ष के पिता के निधन पर शोक

**गुमला।** चैंबर के पूर्व अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल के पिता रामगोपाल अग्रवाल का निधन हो गया। इसपर चैंबर के पूर्व अध्यक्ष रमेश कुमार चीनी व हेमावती देवी ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है। कहा कि इस दु:ख की घड़ी में वे शोकाकुल परिजनों के साथ है। भगवान मृत आत्मा को शांति व परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। रामगोपाल सामाजिक व धार्मिक अभिरूचि के व्यक्ति थे। उनका आकस्मिक निधन समाज के लिए अपूरणीय क्षति है।

### घर की छत में लगी पाइप के सहारे लगा ली फांसी

**सिसई।** पुसो थाना क्षेत्र के बोडों गांव निवासी बिलास तिर्की के 10 वर्षीय पुत्री अनुष्का उरांव ने घर के छत में लगे पाईप से अपनी मां की साड़ी से बीते शनिवार रात में फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। मृतका बोंडो सरकारी विद्यालय के पांचवीं कक्षा में पढ़ती थी। जानकारी के अनुसार गांव में मेला लगा हुआ था मेला देखने के लिए नया कपड़ा खरीदने की मांग घर वालों से कर रही थी। लेकिन उसके पिता ने नये कपड़े नहीं खरीद दिया। इसी गुस्सा में वह कमरे मे गई और फांसीं लगा कर आत्म हत्या कर ली। वहीं शव को पुलिस ने अपने कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

### सरकार गरीबों को लूट अपनी तिजोरी भरने में मशगूल, राज्य की जनता बेहाल : मनीर उरांव



**लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष मनीर उरांव के नेतृत्व में कांग्रेस नेता धीरज प्रसाद साहू सांसद राज्यसभा के कार्यालय, आवास पर अरबो रूपया नगद आईटी के द्वारा छापामारी कर बरामद किये जाने के विरोध में एकदिवसीय धरना कार्यक्रम का आयोजन संकट मोचन हनुमान मंदिर गुदरी बाजार लोहरदगा चौक में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि कांग्रेस, झारखंड मुक्ति मोर्चा, राजद की मिली जुली झारखंड सरकार गरीबों को लूटकर अपना तिजोरी भरने में मशगूल है। झारखंड की जनता बेहाल है कानून व्यवस्था चरमराई हुई है महिलाओं पर अत्याचार हो रहा है दिनदहाड़े हत्या हो रही है।

## खेलकूद प्रतियोगिता से होती है बच्चों में नयी ऊर्जा का संचार : बीडीओ

›› सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा में हुआ वार्षिक खेलकूद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**घाघरा।** सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी मकरा घाघरा में वार्षिक खेलकूद किया गया। जिसका शुभारंभ बीडीओ दिनेश कुमार ने मशाल जलाकर किया। वहीं बच्चों द्वारा दौड़ लगाकर मशाल लेकर मकरा एकेडमी पहुंचे। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता होने से बच्चों में नई ऊर्जा का संचार होता है। बच्चे खुद को बेहतर कर अन्य लोगों से आगे बढ़ने का कार्य करें। आप सभी बच्चे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़े और विद्यालय परिवार का नाम रोशन करें। प्रधानाध्यापक चंद्रकांत पाठक ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता होने से बच्चों में एक नयी ऊर्जा देखने को मिलता है। साथ ही बच्चों ने खाने-पीने को लेकर कई व्यंजन बनाये गये और अभिभावक ने बच्चों द्वारा बनाये गये खाद्य सामग्री की खरीदारी भी की। वहीं विजेता सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर अभिभावक और अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

## महर्षि दयानंद सरस्वती जी के जीवन को आत्मसात करना जरूरी: कृपा प्रसाद सिंह

›› गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण लोहरदगा में महर्षि दयानंद सरस्वती जी के 200 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आर्य युवा सम्मेलन का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**लोहरदगा।** गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण लोहरदगा में महर्षि दयानंद सरस्वती जी के 200 वीं जयंती के उपलक्ष्य में आर्य युवा सम्मेलन आयोजित की गयी। समाजसेवी हनुमान प्रसाद राजगढ़िया जी द्वारा आर्यवीर दल का ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इससे पूर्व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किशन आर्य ने हवन कराया। आर्यवीर दल झारखंड प्रदेश द्वारा आयोजित कार्यक्रम में लोहरदगा के अलावे गुमला, लातेहार, सिमडेगा, बोकारो, रांची आदि जिलों से कुशल वक्ताओं ने युवाओं का मार्गदर्शन किया। जिसमें वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा प्रसाद सिंह, चिकित्सक डॉ शंभु नाथ चौधरी, गिरिवर शिशु मंदिर से चंदन भारती, डीएवी के शिक्षक जीतेंद्र मेहेर, सेवानिवृत्त शिक्षक वैद्यनाथ मिश्र, सतीश जायसवाल, आचार्य सोमनाथ शास्त्री, भूषण प्रसाद, समाजसेवी दीपक कुमार, आचार्य गणेश शास्त्री, डॉ प्रतिभा शास्त्री आदि भी थे।

## कलयुगी भाई ने बड़े भाई और भाभी को कुल्हाड़ी से काट डाला

■ जमीन को लेकर रिश्ता का हुआ खून, खेला खूनी खेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के ख्वास खिजरी में जमीन विवाद में बड़े भाई की छोटे भाई ने हत्या कर दी। इतना ही नहीं छोटे भाई ने बड़े भाई की पत्नी यानि अपनी भाभी को भी मौत के घाट उतार दिया। हैरान करने वाला यह मामला भंडरा प्रखंड के पंचायत पंचायत के ख्वास खिजरी के तेतरचुवा गांव का है। यहां सुकरा उरांव 48 वर्षीय और उनकी पत्नी गायत्री उरांव 46 वर्षीय की रविवार सुबह कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी गई। बताया जा रहा है कि सुकरा उरांव का अपने सगे छोटे भाई जीतू उरांव से लंबे समय से जमीन विवाद चल रहा था। इसको लेकर पहले भी कई बार भाइयों में मारपीट की नौबत आई थी। रविवार सुबह भी भाईयों में जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। विवाद इतना बढ़ गया कि छोटे भाई जीतू उरांव ने बड़े भाई सुकरा उरांव और भाभी गायत्री उरांव पर कुल्हाड़ी से सिर पर हमला कर दिया, जिससे मौके पर ही मौत हो गयी।

### बैठक आज

गुमला। कांग्रेस के लोहरदगा लोकसभा समन्वय समिति की अवश्यक बैठक सोमवार को महेश्वरी धर्मशाला लोहरदगा रोड गुमला में होगी। जिसमें झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, लोकसभा प्रभारी सुखदेव भगत, लोकसभा संयोजक प्रदीप तुलसियान समेत समन्वय समिति सभी सदस्य उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी कांग्रेस के प्रदेश सचिव रमेश कुमार ने दी।

### वार्ड सदस्य की मौत

सिसई। प्रखंड के लरंगो पंचायत के वार्ड 6 के वार्ड सदस्य चंद्रवति देवी की रविवार को मौत हो गयी। वह पिछले 5 माह से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से ग्रसित थी। इलाज चल रहा था।

## 21 जनवरी को हर हिंदू परिवार के घर में मनाया जायेगा दीपोत्सव

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गुमला।** संघ कार्यालय गुमला परिसर में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा एवं अक्षत वितरण को लेकर आरएसएस व बलरंग दल की समन्वय बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला संघचालक माननीय लाल चंद्र अग्रवाल ने की। बैठक में गुमला ग्रामीण और नगर क्षेत्रों के विभिन्न बस्तियों कि सुची तैयार की जिसमें चिह्नित कार्यकर्ताओं को दायित्व दिया गया। प्रत्येक बस्ती मुहल्ला में अक्षत पुजन को लेकर बैठक की जायेगी और प्रत्येक हिंदुओं के घरों में अक्षत बांटा जायेगा। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 21 जनवरी की रात को प्रत्येक हिंदुओं के घरों में दीपोत्सव मनाया जायेगा। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गुमला नगर के कई मंदिरों में सीधा प्रसारण किया जायेगा।

## गुमला के ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा कर मिशन बदलाव सदस्य हुए पानी की समस्या से अवगत

# नल जल योजना धरातल पर नहीं उतरी, कुछ वर्ष पहले बनी अधिकांश जलमीनार खराब

**खबर मन्त्र संवाददाता**



गांव में लोगों की समस्या सुनते भूषण भगत व अन्य।

**गुमला।** मिशन बदलाव टीम के युवा ग्रामीणों के बुलाने पर व्याप्त पानी की समस्या को लेकर गांव के दौरे पर निकले तथा पेयजल व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान गुमला सदर प्रखंड के बरिसा, आसानी फौरी पंचायत पहुंचकर पेयजल सप्लाई का जायजा लिया। लोगों ने उन्हें पेयजल समस्या तथा कई महीनों से महली टोली, लोहारा टोली, अहिर टोली में खराब जलापूर्ति की समस्या से अवगत कराया।

मिशन बदलाव के भूषण भगत, समरी तिर्की के नेतृत्व में ग्रामीणों ने गांवों में हो रही पानी की सप्लाई को लेकर अवगत भी कराया। इस पर भूषण भगत ने ग्रामीणों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। जलमीनार पंप हाउस के खराबी को मिशन बदलाव के सदस्यों ने अधिकारियों को जानकारी दी।

पेयजल समस्या से परेशान लोगों ने सोमवार को पेयजल आपूर्ति विभाग पहुंचकर अधिकारियों को अवगत भी करायेगा और महिलाओं ने बताया कि जनप्रतिनिधि और अधिकारी पीने के पानी की समस्या का निराकरण नहीं कर रहे हैं। विभाग के अधिकारी को अवगत कराने के बाद भी बहाना बनाकर हमारे साथ मजाक कर रहे हैं। आखिरकार समस्या के निराकरण के लिए ग्रामीण जाएं तो किसके पास जाएं। गांव में पीने का पानी सप्लाई बहुत मुस्किल से मिल रहा है। पेयजल योजना शुरू नहीं होने के कारण पीने के पानी की समस्या छायी हुई है।

# इदारा-ए-शरिया तहरीके बेदारी व इस्लाहे मुआशरा कॉन्फ्रेंस की तैयारी को ले बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



बैठक में मौजूद पदाधिकारी।

**भंडरा।** प्रखंड के सामुदायिक भवन मे आगामी 18 दिसंबर 2023 को लोहरदगा में होने वाले इदारा-ए-शरिया तहरीके बेदारी व इस्लाहे मुआशरा कॉन्फ्रेंस की तैयारी को लेकर बैठक की गयी। जिसकी अध्यक्षता भंडरा के समाज सेवी आफताब आलम ने की। बैठक में लोहरदगा अंजुमन के सदर अफसर कुरैशी व मौलाना रेयाज, नेहाल कुरैशी, हाफि ज इंतेखाब, इम्तियाज अंसारी, आजाद फैजी, आजाद अंसारी उपस्थित थे। इस बैठक में आगामी कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर तैयारियों पर चर्चा की गयी। जिसकी निगरानी अंजुमन इस्लामिया लोहरदगा व सरपरस्ती तंजीम ए अहले सुन्नत लोहरदगा की होगी। जिसमें गाजी ए मिल्लत हजरत अल्लामा व मौलाना गुलाम रसूल बल्यावी साहब किबला शामिल होंगे। उक्त बैठक में कहा गया कि इदारा-ए-शरिया तहरीके बेदारी व इस्लाहे मुआशरा कॉन्फ्रेंस 19 सूत्री मांगों को लेकर की जा रही है। जिसमें मुस्लिम एक्ट, उर्दू यूनिवर्सिटी, मर्ज उर्दू स्कूल को दोबारा खोलने, उर्दू टीचर की बहाली, जिन सरकारी उर्दू स्कूलों में जुम्मा की छुट्टी पर रोक लगायी गयी है। उसे दोबारा जुम्मा की छुट्टी रखने, उर्दू ट्रांसलेटर और पूरी रियासत में उर्दू टीचर की खाली पद पर बाहाल करने सहित अन्य मुद्दा शामिल है। इसके अलावा समाज में फैली सभी तरह की बुराइयों को रोकने, दहेज प्रथा खत्म करने, शिक्षा को बढ़ावा देने सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। मौके पर हाफिज अब्दुल मुबीन, मोजीबुल हक, मोबारक अंसारी, अब्दुल कुद्दुस, जुलफान अंसारी, मुनीफ अंसारी मौजूद थे।

# राज्यसभा सांसद साहू के ठिकानों से करोड़ की बरामदगी पर भाजपा ने निकाली आक्रोश रैली

## गठबंधन सरकार लूट और भ्रष्टाचार का अड्डा : रमेश हर्षधर




**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी कोडरमा जिला एवं नगर मंडल के द्वारा कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के लगभग 400 करोड़ की अवैध रुपया बरामदगी को लेकर भाजपाइयों ने आक्रोश रैली निकाली। आक्रोश रैली विश्वनाथ मोदी प्रतिमा स्थल से स्टेशन रोड होते हुए झंडा चैक तक जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी, जिला महामंत्री अनूप जोशी एवं नगर अध्यक्ष राजेश सिन्हा के नेतृत्व में निकाली गई। वहीं भाजपाईयों ने कांग्रेसी भ्रष्टाचारी धीरज साहू को अभिलंब गिरफ्तार करो, धीरज साहू इस्तीफा दो, कांग्रेसी भ्रष्टाचार की जननी है आदि नारा लगाया गया।

वहीं, जिलाध्यक्ष नितेश चंद्रवंशी ने कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के पास अवैध रूप से 400 करोड़ से ऊपर की नगद राशि प्राप्त होना यह घोर आश्चर्य है। वहीं उन्होंने कहा धीरज साहू को गिरफ्तार करो, धीरज साहू की राज्यसभा सदस्यता समाप्त हो, धीरज साहू अवैध संपत्ति को जमा कर झारखंड की आने वाली चुनाव और 2024 के लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए इतनी बड़ी राशि को जमा कर रखा था।

वहीं जिला महामंत्री अनूप जोशी ने कहा कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के यहां करोड़ों रुपया बरामद यह बताता है कि यह पैसा कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा का पैसा है। झारखंड में केवल लूट मची हुई है। यह पैसा जमा कर 2024 का लोकसभा चुनाव में प्रयोग कर वोट कलेक्ट करने के लिए पैसा का दुरुपयोग करने के लिए जमा कर रहा है। वहीं रमेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार 55 सालों में केवल देश को लूटने का कार्य किया। कभी टूजी घोटाला, कभी एक्सपेक्ट्रम घोटाला, कभी कोयला घोटाला। यह सरकार केवल लूट की सरकार है। यह पैसा ही साबित करता है कि कांग्रेस का यही चरित्र रहा है। वहीं डॉ. राम सागर सिंह ने कहा भ्रष्टाचार्यों की तीन दवाई ई.डी, इन्कमटैक्स और सीबीआई इन से लगाम लगाई जा सकती है। वहीं उन्होंने कहा धीरज साहू को अबिलम्ब गिरफ्तार करो।

वहीं रमेश हर्षधर ने कहा कि मिली जुली सरकार भ्रष्टाचार्यों की सरकार है। यह पैसा साबित करता है कि कांग्रेस फिर मधुकोड़ा की तर्ज पर आदित्य साहू के यहां पैसा जमा कर जनता की गाढ़ी कमाई को लूटने का कार्य कर रही है। कार्यक्रम में बिरेन्द्र सिंह, शिवेंद्र नारायण सिन्हा, चंद्रशेखर जोशी, नरेन्द्र पाल, संजय शर्मा, नवीन चैधरी, इंद्रदेव बर्णवाल, राजेश वर्मा, रेखा भदानी, बब्लु सिंह, निरंजन कसेरा, सागर खान, मनोहर कपसिमें, बिकास जैन आदि लोग मौजूद थे।

## राज्यसभा से बर्खास्त हों धीरज साहू, सीबीआइ जांच भी हो : भानु

**खबर मन्त्र संवाददाता**




**गढ़वा।** प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भारतीय जनता पार्टी की गढ़वा इकाई के तत्वावधान में आक्रोश प्रदर्शन निकाला गया। आक्रोश प्रदर्शन मार्च शहर के चिनिया मोड़ काली मंदिर से शुरू होकर मझिआंव मोड़ तक निकाली गई। आक्रोश प्रदर्शन मझिआंव मोड़ पहुंचने पर सभा में तब्दील हो गई।

मौके पर भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा अभी तक जितनी भी राशि धीरज साहू के यहां पकड़ी गई है उसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। उनको राज्यसभा से बर्खास्त होना चाहिए। यह पैसा इतना कहां से आया यह जांच का विषय है। सांसद बीडी राम ने कहा कि एक व्यापारी के पास इतना सारा पैसा नहीं हो सकता है। कैश में कहीं ना कहीं या झारखंड सरकार एवं आगामी होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए इन राज्यों की सरकार उड़ीसा, बंगाल, झारखंड के नेताओं के द्वारा पैसा रखा हो सकता है। इस पर एसआईटी जांच सीबीआई जांच करके उजागर करने की जरूरत है। अभी तक कैश में इतना बड़ा पैसा भारत में नहीं पकड़ा है। एक तरफ गरीबों के उत्थान के लिए भारत के प्रधानमंत्री अनेक कार्यक्रम कर रहे हैं वहीं दूसरी ओर कांग्रेस की सरकार जो 60 वर्षों से जनता का शोषण किया है और उनकी गाड़ी कमाई लूटने का कार्य किया है। मौके पर प्रदेश कार्य समिति सदस्य सूरज गुप्ता, रघुराज पांडेय, अलखनाथ पांडेय, विनय चौबे, कन्हैया चौबे, राजीव रंजन तिवारी, उमेश कश्यप, चंदन जायसवाल, लक्ष्मण राम, कंचन जायसवाल, मधु लता, अंजली गुप्ता आदि मौजूद थे।

## शिक्षाविद अधिवक्ता सज्जन खेतान का निधन, शोक संवेदनाओं का तांता

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर के पानी टंकी रोड निवासी 62 वर्षीय सज्जन खेतान का निधन रविवार को हो गया। बताते चलें कि स्व. खेतान कॉमर्स के शिक्षक के रूप में पहचाने जाते थे, उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में नया आयाम दिया। उनके सैकड़ों छात्र उनके निधन का समाचार सुन कर संवेदनाएं प्रकट कर रहे हैं। सज्जन खेतान शिक्षक के साथ-साथ अधिवक्ता के आलावा कई सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े रहे, श्याम प्रेमी के रूप में वे विख्यात हुए। इधर विभिन्न समाजिक, स्वयंसेवी संगठन, राजनीतिक दल के साथ-साथ उनके शुभ चिंतक गहरा दुख व्यक्त किए हैं। वहीं उनके भाई संजीव खेतान ने बताया कि 11 दिसंबर को सुबह 10 बजे पानी टंकी रोड स्थित उनके निवास स्थल से अंतिम यात्रा मुक्ति धाम के लिए निकलेगी। इधर उनके छात्र सह बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव ने सोशल मिडिया के जरिये दुख व्यक्त किया है। वहीं पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता, नगर पर्षद के निवर्तमान अध्यक्ष प्रकाश राम, शिक्षक रामअवतार केसरी, डॉ. दीपक सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष जगदीश सलूजा, विशाल भदानी, पंजाबी समाज के यशपाल सिंह गोल्डन, श्री राम संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष मुन्ना भदानी, सचिव अरविंद चैधरी, बबलू सिंह, लखन सिंह, अग्रवाल समाज के अध्यक्ष गोपी कृष्ण अग्रवाल आदि ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की है।

## स्थानीय उम्मीदवार नियोजन मामले में चतरा डीसी की बड़ी कार्रवाई

# दो कंपनियों को आर्थिक दंड

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**चतरा।** झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन अधिनियम 2021 के तहत उपायुक्त सह अभिहित पदाधिकारी चतरा अबु इमरान ने बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के तहत पॉवरट्रॉनिक्स इंजी प्राइवेट लिमिटेड एवं जय अम्बे रोडलाइंस प्राइवेट लिमिटेड के विरुद्ध शास्ति (दंड) अधिरोपित किया।

उल्लेखनीय है कि उपायुक्त-सह-अभिहित पदाधिकारी चतरा द्वारा पॉवरट्रॉनिक्स इंजी प्राइवेट लिमिटेड, एनटीपीसी, टंडवा को झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 की नियमावली 2022 की धारा 3 के अनुपालन हेतु जिला नियोजनालय चतरा में ऑफलाइन अथवा झारनियोजन पोर्टल पर ऑनलाइन निबंधन के लिए नोटिस किया गया था, जिसका अनुपालन पॉवरट्रॉनिक्स इंजी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा नहीं किया गया। ऐसी स्थिति में इसके विरुद्ध उपायुक्त - सह - अभिहित पदाधिकारी चतरा ने झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 की धारा 10 के तहत इस प्रतिष्ठान को 25000/- ( पच्चीस हजार ) रुपये की शास्ति अधिरोपित की है।

इसी तरह, अधिनियम की धारा 4 के तहत जय अम्बे रोडलाइंस प्राइवेट लिमिटेड, शहीद चौक टंडवा को उनके द्वारा नियुक्त कर्मियों में से 75 प्रतिशत कर्मियों का सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत स्थानीय प्रमाण पत्र एवं झारखंड रोजगार पोर्टल पर निबंधन संबंधी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया था, जिसका अनुपालन इनके द्वारा भी नहीं किया गया। इनके विरुद्ध भी उपायुक्त - सह - अभिहित पदाधिकारी चतरा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इस अधिनियम की धारा 11 के तहत 50,000/- ( पचास हजार ) रुपये की शास्ति अधिरोपित की है। इन नियोजकों को अधिरोपित शास्ति 15 दिनों के अंदर ट्रेजरी में जमा करने का निर्देश दिया गया है।

बताते चलें कि 12 सितंबर 2022 से झारखंड के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों का नियोजन अधिनियम 2021 एवं नियमावली 2022 संपूर्ण प्रदेश में प्रभावी है। यह अधिनियम/नियमावली 10 या 10 से अधिक मानव बल वाले नियोजकों पर लागू होता है। इस अधिनियम के तहत 40,000 रुपये मासिक वेतन / पारिश्रमिक वाले सभी पदो की 75 प्रतिशत रिक्तियों को स्थानीय उम्मीदवारों से भरा जाना अनिवार्य बनाया गया है।

## चोर मचाये शोर वाली कहावत चरितार्थ कर रहे विधायक भानु : झामुमो

**गढ़वा।** झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा है कि भवनाथपुर विधायक भानु प्रताप शाही चोर मचाए शोर, वाली कहावत को चरितार्थ कर रहे हैं। भानु खुद 130 करोड़ के दवा घोटाला के आरोपी हैं और आज शोर मचा रहे हैं। ईडी ने भानु की संपत्ति अटैच की है । उसे लगता है कि वे भूल गए हैं। झामुमो जिला अध्यक्ष ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस आयोजित कर उक्त बातें कही। तनवीर आलम ने कहा कि ईडी ने दवा घोटाला मामले में विधायक भानु की संपत्ति अटैच की है। उन पर मुकदमा चल रहा है। ईडी के सामने उन्होंने कहा था कि वे साल में 40 लख रुपए का धान बेचते हैं। भाजपा के जितने भी नेता हैं उनके यहां ईडी छापामारी नहीं करती है। जबकि जो व्यक्ति 40 साल से कारोबारी है उसके घर में ही इडी की छापामारी होती है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा गंगाजल है। जितने भी बड़े से बड़े भ्रष्टाचारी हैं वे सब भाजपा में शामिल होने के बाद बिल्कुल पाक साफ हो जाते हैं। उनके सारे आरोप समाप्त हो जाते हैं। उनकी सारी काली कमाई सफेद हो जाती है।

## तिलैया क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज 16 दिसंबर से



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कोडरमा।** झुमरीतिलैया किंग क्लब द्वारा आयोजित तिलैया क्रिकेट टुनामेंट का उद्घाटन 16 दिसंबर से हो रहा है। टुनामेंट विसनपुर आश्रम रोड कान्डनिया स्कूल के निकट एलीफेंटा मैदान में खेला जाएगा। टेनिस बॉल के इस प्रतियोगिता में विजेता टीम को 51 हजार एवं उपविजेता टीम को 21 हजार रूपया का नकद सहित अन्य पुरस्कार दिए जाएंगे। वहीं हर मैच में हैट्रिक छक्का, चैका व हैट्रीक विकेट लेने वालों को नकद पुरस्कार तथा मैन ऑफ-द मैच को टी शर्ट दिए जाएंगे एवं मैन ऑफ-द सीरीज को 5 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। बताते चलें कि टुनामेंट में हजारीबाग, रामगढ़, चतरा, गिरीडीह जिलों के टीम की भी भागीदारी होगी। मैच के सफल आयोजन को लेकर किंग क्लब के सदस्यों ने बैठक कर कमेटी का गठन किया गया। गठित कमेटी में ओमकार पांडेय को अध्यक्ष तथा राजू यादव को सचिव एवं उपाध्यक्ष के रूप में संतोष यादव, ऋषि यादव, अमित कुमार, चुनचुन सिंह, संयुक्त सचिव मनोज प्रसाद, धर्मेंद्र कौशिक, कोषाध्यक्ष राजीव रंजन शुक्ला, सह कोषाध्यक्ष बीरू सिंह, मीडिया प्रभारी सुरेंद्र यादव व सोनू सिंह को बनाया गया है। वहीं कमेटी में अजीत कुमार व दीपू पांडे को संरक्षक बनाया गया। सक्रिय सदस्य के रूप में पवन सिंह, राजू सिंह, राजू खान, शाहरूख रासिद, निशांत कुमार, ओमप्रकाश, कुणाल कुमार, अंकित सिंह, अजय कुमार, विक्रम सिंह, धीरज पांडे, चंदन सिंह, शाहिद हुसैन, रवि पासवान, अमित राय को रखा गया है। वहीं अध्यक्ष ने बताया कि टुनामेंट में 16 टीमें भाग लेंगी। सभी मैच 15-15 ओवर के नॉक ऑउट खेला जाएगा। 27 दिसंबर को फाइनल मैच का आयोजन किया जाएगा।

## कांग्रेस-झामुमो का सत्ता में आने का उद्देश्य ही भ्रष्टाचार करना है : बीडी राम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गढ़वा।** पलामू सांसद बीडी राम ने गढ़वा में भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में आयोजित कांग्रेस-झामुमो के लूट खसोट के विरोध में राज्यव्यापी आंदोलन में भाग लिया। वहीं मेराल में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम एवं डंडई में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत सड़क का शिलान्यास मुख्य अतिथि के रूप में किया।

उन्होंने कांग्रेस सांसद धीरज साहू के घर से बरामद अवैध अरबों रुपये को बड़ा घोटाला बताया। कहा कि कांग्रेस-झामुमो का सरकार में आने का उद्देश्य ही भ्रष्टाचार करना होता है। अब जनता इनकी असलियत को पूरी तरह समझ गयी है।

सांसद ने डंडई प्रखंड में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत स्वीकृत दो सड़कों सोनेहारा से मेराल-डंडई स्टेट हाईवे तक 7.60 किलोमीटर और बालेखांड से मेराल सिवाना जरही चरमुहान तक 6 किलोमीटर एवं एक उच्चस्तरीय ब्रिज, कुल लागत लगभग 13.19 (13 करोड़ 19 लाख रुपए) निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। उन्होंने गढ़वा में भारतीय जनता पार्टी झारखंड प्रदेश द्वारा कांग्रेस-झामुमो के लूट खसोट के विरोध में राज्यव्यापी आंदोलन के तहत आयोजित विशाल धरना-प्रदर्शन में भाग लिया। मेराल प्रखंड के ग्राम पंचायत गेरूआ में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।उन्होंने कहा कि ₹विकसित भारत संकल्प यात्रा₹ कार्यक्रम केन्द्र सरकार द्वारा पलामू संसदीय क्षेत्र के दोनों जिलें क्रमशः गढ़वा एवं पलामू के सभी पंचायतों में चलायी जा रही है। सरकार की प्रमुख योजनाओं यथा प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि योजना, केसीसी, पोषण अभियान, जनधन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना ईत्यादि योजनाओं की समुचित जानकारी जनता को दी जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य समाज के आखिरी व्यक्ति तक योजनाओं की जानकारी को पहुंचाना और उनके बीच केन्द्र सरकार की योजनाओं को लेकर प्रचार-प्रसार करना तथा उन्हें उपरोक्त सभी योजनाओं का लाभ दिलाना है।

कार्यक्रम में भवनाथपुर विधानसभा के विधायक भानु प्रताप शाही, भाजपा के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, वरिष्ठ नेता अलखनाथ पांडेय, रघुराज पांडेय, विनय चौबे, कन्हैया चौबे, जवाहर पासवान, शिवधारी राम, मंडल अध्यक्षगण, सांसद प्रतिनिधिगण, पंचायत के मुखिया सहित प्रखंड के पदाधिकारीगण एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## सीएनटी एक्ट चंद्रवंशी समाज के लिए अभिशाप : अशोक आजाद



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** चंद्रवंशी सेना के तत्वावधान में रविवार को गोविंद हाई स्कूल के मैदान में जरासंध महोत्सव सह मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अखिल भारत वर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक आजाद चंद्रवंशी, बिहार विधान परिषद सदस्य रामबली चंद्रवंशी, बिहार के पूर्व राज्य मंत्री भीम सिंह चंद्रवंशी, उत्तर प्रदेश के पूर्व राज्य मंत्री राज्यपाल कश्यप, प्रणव कुमार चंद्रवंशी, प्रमोद चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। मौके पर मुख्य अतिथि अशोक आजाद चंद्रवंशी ने कहा कि आज समाज को संगठित होने की जरूरत है। समाज के युवा पूरी शिक्षित होंगे तभी बेहतर भविष्य का निर्माण करेंगे। उन्होंने कहा कि आज सीएनटी एक्ट चंद्रवंशी समाज के लिए अभिशाप बना हुआ है। समाज के लोग के पास पैसे नहीं है। ऐसे में बच्चों को उच्च शिक्षा और अपनी बेटियों की विवाह तक नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में लोकसभा हो या विधानसभा जो चंद्रवंशी समाज को सीएनटी से बाहर करेगा, समाज के लोग उसी के साथ खड़े रहेंगे। उन्होंने कहा कि आप संगठित होंगे तभी आपका हक और अधिकार मिल सकेगा।

## विधायक चंद्रवंशी ने किया जयनगरा मंदिर से नहर तक पक्की सड़क का शिलान्यास

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कांडी।** विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने रविवार को जयनगरा मंदिर से नहर तक पक्कीकरण सड़क का शिलान्यास शिलापट्ट का अनावरण कर, अगरबती दिखाकर व नारियल फोड़कर किया। ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा एक करोड़ 44 लाख 22 हजार 817 रुपए की लागत राशि से बनने वाली सड़क की लम्बाई एक किलोमीटर पांच सौ मीटर व चौड़ाई बारह फूट चार इंच रहेगी।

मौके पर विधायक ने कहा कि कांडी प्रखंड में सभी प्रकार की विकास मेरी देन है। मैंने इस क्षेत्र में सड़क, बिजली व विकास के अन्य कार्य किये हैं। कहा कि प्रखंड में कई सड़कों का पक्कीकरण का कार्य चालु है व आने वाले समय में कई अन्य सड़क का निर्माण भी होगा। कहा कि कांडी प्रखंड के बचे हुए सभी सड़क का पक्कीकरण किया जायेगा, ताकि कोई गइता व कुदाल लेकर विकास करने का ढोंग न करें।

उन्होंने कहा कि मंगलवार को ढबरिया में एक और सड़क का शिलान्यास किया जायेगा। विधायक ने जयनगरा गांव में बन रहे सूर्य मंदिर में एक लाख रुपए देने की बात कही। मौके पर भाजपा के प्रखंड अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह, भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष रामलाला दुबे, रामलखन चंद्रवंशी, शशिरंजन दुबे, मणिकांत सिंह, मुखिया ललित बैठा, मुखिया ललन राम, मुखिया सुबोध कुमार वर्मा, जिपस प्रतिनिधि दिनेश कुमार, ब्रजकिशोर लाल आदि लोग उपस्थित थे।

## माले की संकल्प सभा 22 जनवरी को शहीद मैदान मरकच्चो में

**कोडरमा।** मरकच्चो प्रखंड अंतर्गत शहीद मैदान आम जनता के ऊपर थोपे गए फर्जी मुकदमे के बाद 22 वर्षों के बाद फैसला आया और सभी माले नेता कार्यकताओं की रिहाई हुई। इस बार हिंसा और नफरत, लूट झूठ की राजनिती के खिलाफ सदभाव और एकता के लिए भाकपा माले 22 जनवरी को संकल्प सभा मरकच्चो में अयोजित करेगी, जिसमें हजारों की संख्या में लोग शामिल होगें। यह निर्णय रविवार को भाकपा माले मरकच्चो प्रखंड कमिटी ब्लॉक मोड़ स्थित पार्टी कार्यालय में आयोजित बैठक में लिया गया। बैठक में बहादुर यादव, भुनेशवर केवट, राजेन्द्र मेहता, अशोक यादव, सरयू यादव, काली यादव, सहदेव यादव, गुलाम मुस्तफा, अफजल शेख, शिव शंकर यादव, युगल यादव, काशी यादव, अफसाना खातुन, विजय दास आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### उप स्वास्थ्य केंद्र के नवनिर्मित भवन की दरवाजा-खिड़कियां गायब



**डंडई।** पंचायत क्षेत्र के आदिवासी बहुल व अल्पसंख्यक इलाका बैलाझखड़ा गांव में करीब 9 वर्ष पहले लगभग 30 लाख रुपये से बना उप स्वास्थ्य केंद्र का विभाग के द्वारा रखरखाव के अभाव में भवन में लगी कई दरवाजा और खिड़कियां गायब हो गई है। इसके पूर्व वर्षों से ताला लटका हुआ था। स्वास्थ्य विभाग के अनदेखी के कारण नवनिर्मित उप स्वास्थ्य केंद्र भवन का ना तो उपयोग किया गया और ना ही किसी को रखरखाव के लिए दिया गया। बताया जाता है कि उक्त भवन करीब 9 वर्ष पहले लगभग 30 लाख रुपए की लागत से संवेदक जितेंद्र चौबे के द्वारा बनवाया गया था और बनने के बाद स्वास्थ्य विभाग को हैंड ओवर भी कर दिया गया था। परंतु हैंड ओवर के बाद रखरखाव और उपयोग के अभाव में यह उप स्वास्थ्य केंद्र बंद रहा। धीरे-धीरे अब नवनिर्मित भवन की दरवाजा खिड़कियां सहित अन्य सामग्रियां उपकरण गायब होते जा रहे हैं। वही पूरी परिसर में झाड़ी व गंदगी का अंबार फैला हुआ है।

### अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**इटखोरी।** भद्रकाली महाविद्यालय में एनएसएस इकाई 1एवम2 के सौजन्य से अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर दुलार ठाकुर के द्वारा की गई। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य,डॉक्टर दुलार ठाकुर,प्रो संदीप कुमार के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात प्रो संदीप कुमार द्वारा प्राचार्य महोदय को पुस्पगुछ देकर सम्मानित किया गया। छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 10 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन पूरे विश्व में किया जाता है। इस वर्ष की थीम सभी के लिए स्वतंत्रता ,समानता और न्याय है। मानवाधिकार के प्रावधानों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही मानवाधिकार दिवस का उद्देश्य है।

### कबड्डी प्रतियोगिता आज से, 40 टीमें दिखायेंगी दम

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** जिला कबड्डी संघ द्वारा आयोजित 9वां अंतर स्कूल कबड्डी प्रतियोगिता 11 दिसंबर प्रातः 9 बजे से शुरू हो रहा है। इस प्रतियोगिता में कुल 40 टीमों ने भाग लिया है, जिसमें अंडर 14 बालक एवं बालिका टीम, अंडर 17 बालक एवं बालिका टीम शामिल हैं। इस प्रतियोगिता के चेयरमैन विशाल सिंह समेत कोडरमा जिला कबड्डी संघ के सचिव धर्मेंद्र कुमार सिंह, अध्यक्ष संदीप कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया की इस प्रतियोगिता को हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी आकर्षक एवं भव्य आयोजन किया जा रहा है।

### द पाठशाला की परीक्षा में भैया-बहनों का शानदार प्रदर्शन

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरीतिलैया के भैया बहनों ने द-पाठशाला कार्यक्रम में कई स्वर्ण पदक जीते। सफल प्रतिभागियों को द-पाठशाला की ओर से आए हुए कन्हैया कुमार ने उन्हें सम्मानित किया और पुरस्कार स्वरूप नगद राशि भी दी। 30 भैया बहनों को प्रशस्ति पत्र देकर उत्साहवर्धन किया गया। वहीं प्राचार्य शर्मेंद्र कुमार साहू ने सभी भैया बहनों को बधाई दी और कहा कि सफलता निरंतर परिश्रम करते रहने से अवश्य मिलती है।

### थाना प्रभारी ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

**सतगावां (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर के आदेशानुसार सतगावां थाना प्रभारी आनंद कुमार साह के नेतृत्व में रविवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। कोडरमा पुलिस परिवहन की ओर से सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न बातों को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर एसआई अशोक कुमार, एएसआई नन्द किशोर यादव, निशाद अहमद एवं पुलिस बल के साथ साथ जैप के जवान शामिल थे।

### शांति प्रवक्ता प्रेम रावत का 66वां जन्मदिन धूमधाम से मना

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** शहर अंतर्गत बिशुनपुर रोड स्थित श्री हंस योग साधना केंद्र में अंतर्राष्ट्रीय शांति प्रवक्ता प्रेम रावत जी का 66वां जन्मदिन के अवसर पर त्रिदिवसीय शिविर 8,9, और 10 के समापन हुआ। वहीं प्रेमयो ने कहा कि प्रेम रावत जी ख्याति प्राप्त शांति का संदेश देने वाले महापुरुष हैं और प्रेम रावत जी एक लेखक भी हैं एवं कई देशों के द्वारा शांति दूत से नवाजा गया। इनका मुख्य संदेश अपने आप को जानने का महत्व को बताना हैं। कार्यक्रम में तकरीबन 5000 लोग शामिल हुए, जहां प्रोजेक्टर एवं टीवी के माध्यम से कार्यक्रम दिखाया गया।

### नल जल योजना में गड़बड़ी की शिकायत



**डंडई।** प्रखंड में हर घर को शुद्ध पानी उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सरकार नल जल योजना लेकर आई है। लेकिन नल जल योजना के शुरूआती दौर में ही गड़बड़ी की शिकायत सामने आने लगी है। मामला डंडई प्रखंड अंतर्गत लवाही पंचायत के वार्ड नंबर 5 का है। मुस्लिम टोला लवाही कला के वार्ड नंबर 5 में कुल 115 घरों में लगभग 500 आबादी वाले गांवों में एक भी जलमीनार नहीं लगाना सवाल खड़े करता है। वहीं लगभग उतने ही आबादी वाले वार्ड नंबर चार में 6 जलमीनार लगवा दिया गया है। मामले में वार्ड नंबर 5 के वार्ड सदस्य फिरोज अंसारी ने बताया कि स्थल चयन ग्रामसभा के माध्यम से करना था लेकिन मुखिया द्वारा बिना ग्रामसभा कराए ही जलमीनार लगवाया जा रहा है। जब मुखिया से बोलते हैं कि हमारे वार्ड में जल मीनार लगना चाहिए तो मुखिया द्वारा बोला जाता है कि पीएचडी विभाग का मामला है, इसमें हम कुछ नही कर सकते। जल मीनार लग रहे हैं मुंशी से बोलते हैं तो वो बोलते हैं की मुखिया से जाकर समझिए।

### खरौंधी में सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान

**खरौंधी।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत खरौंधी प्रखंड के मझिगावां पंचायत के मध्य विद्यालय अमरोरा के समीप जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें पंचायत के जनप्रतिनिधि, गणमान्य व्यक्ति एवं ग्रामीणों के समक्ष मुख्य तौर पर सड़क सुरक्षा से संबंधित बातों को रखा गया एवं स्पष्ट निर्देश दिया गया कि बिना हेलमेट, सीट बेल्ट एवं यातायत के नियमों का पालन किये बिना वाहन नहीं चलायेंगे। साथ ही डायन प्रथा, दहेज प्रथा आदि पर भी जागरूकता अभियान चलाया गया।

### कौलेश्वरी पहाड़ की तलहटी में अगलगी, 15 दुकानें जलकर राख

**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड स्थित विश्व विख्यात मां कौलेश्वरी पहाड़ के नीचे तलहटी में स्थित पंद्रह दुकानों में अज्ञात अपराधियों ने आग लगा दिया। आग की चपेट में आने से दुकान जलकर राख हो गए। मिली जानकारी के अनुासर, इस आग की घटना में दुकानदारों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। घटना शनिवार की रात 9 बजे की बताई जा रही है। फिलहाल, आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है। जिनकी दुकानें जली है, उनमें विनय चौधरी, अनिल चौधरी, दशमेश सिंह, पिंटू लाल, गोपाल प्रजापति, कैलाश राम, जितेंद्र सिंह, अशोक लाल, नरेश राम, कैलाश राम, मुरारी दुबे, विनय चौधरी आदि का नाम शामिल है।

### डोडा लदा बोलेरो वाहन व तस्कर का अर्बन क्रूजर जब्त

**कुन्दा( चतरा)।** कुन्दा थाना पुलिस तस्करों के विरुद्ध शनिवार को बड़ी सफलता मिली है। कुन्दा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के टीटहीभरगाँव जंगल से 10 बोरा डोडा लदा बोलेरो वाहन व अर्बन क्रूजर को जब्त किया है।

### राहम सेवा फाउंडेशन ने किया जागरूक

**टंडवा।** टंडवा के राहम सेवा फाउंडेशन के तत्वावधान सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को बढ़ावा देने के लिए सड़क में चलने वाले राहगीरों को जागरूक किया गया। जिसमे सड़क सुरक्षा मानकों के तहत चार पहिया वाहन को सीट बेल्ट लगाकर चलने, शराब पीकर वाहन ना चलाने, अधिक जसंख्या वाले क्षेत्रो में धीमी गति से वाहन चलाने, हेलमेट पहनकर एवं धीमी गति से बाइक चलाने, सड़क की बाई तरफ चलने तथा ओवरलोड लेकर न चलने की अपील की गई।

## स्पीड न्यूज

### स्व. रामदेव गंझू की पुण्यतिथि को लेकर खरवार भोगता समाज की बैठक



बैठक करते भोगता समाज के लोग।

**चंदवा।** खरवार भोगता समाज विकास संघ के संस्थापक सह पूर्व संरक्षक स्व. रामदेव गंझू की आठवीं पुण्यतिथि मनाने को लेकर खरवार भोगता समाज की बैठक नगर मंदिर मोड़ स्थित मैदान में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता रामबचन देव गंझू ने की। बैठक में जिला समिति प्रखंड समिति व पूजा समिति के पदधारी समेत समाज के प्रबुद्धजन मौजूद थे। बैठक में आगामी 15 दिसम्बर को स्व. रामदेव गंझू की पुण्यतिथि के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए कई निर्णय लिये गए। वक्ताओं ने कहा कि अलग झारखंड राज्य आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने वाले स्व. रामदेव गंझू का खरवार भोगता समाज को संगठित करने में भी बड़ा योगदान रहा था। वे समाज को संगठित करने व हक अधिकार दिलाने को लेकर सदैव मुखर रहे थे, हम सभी को उनकी जीवनी से सीख लेने की जरूरत है ।बैठक में दर्शन गंझू, सत्येंद्र गंझू, विशुन गंझू, ननका गंझू, लक्ष्मण गंझू, संजय भोगता, भीम गंझू, कालेश्वर गंझू, करमा गंझू, फूलदेव गंझू, पीटू गंझू समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### सड़क सुरक्षा को लेकर संघन वाहन जांच अभियान जारी, कई वाहन जब्त



वाहन जांच करती पुलिस।

**बेतला।** पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर रविवार को बरवाडीह थाना क्षेत्र के कुटमू चौक, केचकी चेक नाका के समीप मुख्य सड़क पर वाहनों की जांच सड़क दुघर्टना पर अंकुश लगाने को लेकर की गईघ। साथ ही वाहन की जरुरती कागजात हेलमेट लाईसेंस इंश्योरेंस दो पहिया वाहन चार पहिया सभी छोटे बड़े वाहनों की जांच किया गया। इस दौरान बरवाडीह थाना प्रभारी श्री निवास सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना को रोकथाम के लिए वाहनों की जांच आवश्यक है। इससे लोगों में जागरूकता होता है और अपने वाहन में जरूरी कागजात के साथ सेफ्टी के लिए हेलमेट लगते हैं। अभियान के तहत वाहन की हो रही है। बरवाडीह थाना में पदस्थापित सब इंस्पेक्टर शाहीद ने अपने दलबल के साथ पहुंचकर कुटमू चौक केचकी चेक नाका के समीप दो पहिया, तीन पहिया, चार पहिया, वाहन जांच किया गया एवं दो दर्जन से अधिक दो पहिया वाहन को जप्त किया गया है एवं आगे भी रोड सेफ्टी को लेकर वहन जांच किया जाएगा।

### पवन गुप्ता ने विष्णु देव साय को दी बधाई



पवन गुप्ता।

**लातेहार।** छत्तीसगढ़ में रविवार को सीएम के नाम को लेकर बना सस्पेंस खत्म हो गया है। रायपुर स्थित भाजपा के प्रदेश कार्यालय में विधायक दल की बैठक में भाजपा के पर्यवेक्षक अर्जुन मुंडा, सबार्नंद सोनोवाल और दुष्यंत गौतम की रायपुर में नव निर्वाचित विधायकों के साथ बैठक में निर्णय लिया गया। लातेहार भाजपा मीडिया प्रभारी पवन गुप्ता ने मुख्यमंत्री की नाम की घोषणा होते ही विष्णुदेव साय को बधाई दी। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ भाजपा नेता विष्णुदेव साय को भाजपा विधायक दल का नेता चुने जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। नवा छत्तीसगढ़ की न्याय और प्रगति यात्रा को आप मुख्यमंत्री के रूप में आगे बढ़ाएं, ऐसी कामना करता हूं।

### कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अरसदुल कादरी को दी गई मनोनीत पत्र




**बरवाडीह।** झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव अरसदुल कादरी को प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी के हाथों रविवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यकारणी की बैठक के उपरांत मनोनीत पत्र दी गई। मौके पर प्रदेश महासचिव अरसदुल कादरी ने बताया कि उन्हें झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ का प्रदेश महासचिव कुछ माह पहले ही बनाया गया था परंतु आज प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष के हाथो मनोनीत पत्र दी गई। मैं पुरे निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक संगठन की मजबुती पर पुरजोर कोशिश रहेगी। अगामी विधानसभा चुनाव में पुरा बल दिया जायेगा।

---

टूनार्मेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता हैः बैद्यनाथ राम

# विधायक ने फिता काट व फुटबॉल को किक मारकर सद्भावना फुटबॉल मैच का किया शुभारंभ

खबर मन्त्र संवाददाता



फीता काटकर मैच का शुभारंभ करते विधायक।

**लातेहार।** जिला खेल स्टेडियम में सद्भावना फुटबॉल मैच रविवार को मुख्य अतिथि विधायक बैद्यनाथ राम के द्वारा फिता काटकर व फुटबॉल को किक मारकर उद्घाटन किया गया। उद्घाटन मैच बालूमाथ बरवाडीह के बीच खेला गया। जहां बालूमाथ ने बरवाडीह को तीन जीरो से पराजित किया। खेल के दौरान बालूमाथ ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए बरवाडीह को तीन जीरो से बढ़त बनाकर अगले राउंड के लिए क्वालीफाई किया। दूसरा मैच चंदवा और मनिका के बीच खेला गया। मौके पर विधायक बैद्यनाथ राम ने अपने संबोधन में बताया कि इस तरह के टूनार्मेंट का आयोजन होने से युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है। साथ ही खिलाड़ियों का हौसला अफजाई किया। उन्होंने बताया कि सभी प्रखंड के विजेता टीम इस मैच में भाग लिए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि इस मैच में दो बालिकाओं की टीम शामिल होगी। श्रीराम ने आगे बताया कि इससे पहले तय हुआ था, कि बाहर की टीम भी मैच में शामिल होगी। लेकिन किसी कारणवश टीम नहीं पहुंच पाई। क्योंकि मैच का समय तय किया हुआ था। जिसके कारण मैच जारी रखने के लिए तीन दिवसिय मैच का आयोजन किया गया। जिसका फाइनल मैच 12 दिसंबर को खेला जाएगा एवं विजेता टीम को पुरस्कृत किया जाएगा। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, एसडीओ मोहम्मद परवेज आलम, आरजेडी के जिला अध्यक्ष रामप्रवेश यादव, कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष आफताब आलम, युवा नेता अंकित पांडे, विशाल कुमार समेत कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

### सलाम अंसारी बनाए गए कांग्रेस अल्पसंख्यक की महासचिव



सलाम अंसारी।

**बेतला।** कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी ने सलाम अंसारी को कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश महासचिव नवनियुक्त किया गया है। इस दौरान नवनियुक्त महासचिव सलाम अंसारी ने बताया कि जो कांग्रेस पार्टी आला कमान मुझे दायित्व दिया है। उसे ईमानदारी पूर्वक और पार्टी के हित में काम करेंगे। ताकि आने वाले लोकसभा चुनाव एवं विधानसभा चुनाव में पार्टी के हित में साबित होगा। इस दौरान बरवाडीह प्रखंड के पोखरी कला निवासी सलाम अंसारी इससे पूर्व अल्पसंख्यक विभाग के जिला अध्यक्ष पद का दायित्व संभाल चुके हैं। इनके कार्यकाल को देखते हुए इन्हें प्रदेश महासचिव बनाया गया है।

हमारा संकल्प विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत मोरवाई और छेंचा में आज

### संकल्प यात्रा में पात्रों व वंचितों को दिलाया जाएगा योजनाओं का लाभः बीडीओ

- बीडीओ ने मुखिया व कर्मियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम को सफल बनाने के दिए निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता



बैठक करते बीडीओ व अन्य।

**बरवाडीह।** सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के लिए जिला उपायुक्त के निर्देश पर पंचायत स्तर पर विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया जायेगा। जिसकी शुरूआत आज सोमवार को मोरवाई और छेंचा पंचायत से होगी। इस यात्रा के माध्यम से ग्राम पंचायतों में केंद्र सरकार की ओर से संचालित योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राकेश सहाय ने संबधित पंचायत के मुखिया व पंचायत कर्मियों के साथ बैठक करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के तहत जन जागरूकता के माध्यम से वंचितों, कमजोरों एवं पात्र तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार के माध्यम से ग्रामीणों में जन जागरूकता लाना, सरकारी योजनाओं के संबंध में लाभार्थियों को जानकारी प्रदान करना आदि है। बीडीओ ने बताया कि सोमवार की सुबह 9 बजे मोरवाई पंचायत और दोपहर दो बजे छेंचा पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसे लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। बता दें कि राज्य सरकार के द्वारा चलाए जा रहे आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत कुचिला पंचायत में सोमवार को शिविर का आयोजन भी किया जाना है। ऐसे में दोनों कार्यक्रमों को एक ही दिन में सफलता पूर्वक सम्पन्न कराना प्रखण्ड प्रशासन के लिए किसी चुनौती से कम नहीं होगी। बैठक में मुखिया आशीष सिंह, आशा देवी, रोजगार सेवक कमलेश सिंह, पंचायत सेवक सुदेश्वर प्रसाद, अरविंद उरांव, अख्तर हुसैन, मनोज कुमार, मुन्ना सिंह, बीपीओ त्रिवेणी राम और प्रखंड नाजिर अरविंद कुमार समेत कई कर्मी उपस्थित थे।

### चंदवा पुलिस ने थाना क्षेत्र अंतर्गत 5 स्थानों पर चलाया सघन वाहन चेकिंग अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता



जब्त वाहन।

**बगैर हेलमेट के मोटरसाईकिल चला रहे चालको के विरूद्ध पुलिस की बड़ी कारवाई, 100 से अधिक वाहन किया जब्त**

**चंदवा।** लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन व एसपी अंजनी अंजन के निर्देश पर बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण को लेकर थाना प्रभारी शुभम कुमार के नेतृत्व में चंदवा पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र के पांच स्थानों पर विशेष सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान चंदवा थाना द्वारा गठित पांच टीमों के द्वारा थाना मुख्य प्रवेश द्वार, एनएच 75 अंतर्गत सिकनी, लुकुईया व अमझरिया घाटी वहीं एनएच-99 पर चकला मोड़ के समीप दो पहिया व 4 पहिया वाहनों की जांच की गई। जांच के क्रम में मुख्य रूप से दो पहिया वाहन चालकों से हेलमेट, लाइसेंस समेत वाहनों के कागजातों की जांच की गई वहीं 4 पहिया वाहन चालकों व सफर करने वाले लोगो से सीट ब्लेट की जांच की गई। जांच के क्रम में पांचो चेकिंग पॉइंट से लगभग 100 से अधिक की संख्या में दो पहिया वाहनों के चालको को नियमों का उलंघन करते पकड़ा गया। जिनके वाहनों को जब्त कर प्रशासन अग्रतर कार्रवाई में जुटी थी।

**ऑन द स्पॉट चालान काटने की व्यवस्था नहीं रहने से लोगों में दिखी नाराजगी**

अभियान के दौरान पकड़े गए वाहनों के चालक दिनभर परेशान व चंदवा थाना का चक्कर काटते देखे गए। पकड़े गए वाहनों में कई ऐसे लोग भी थे जो बीमार का इलाज कराने, शादी की खरीददारी करने व कार्ड बाटने आये थे। पकड़े गए वाहन के चालक नियम के तहत जुमार्ना भी भुगतान करने को तैयार थे, लेकिन ऑन द स्पॉट जुमार्ना काटने की कोई व्यवस्था नहीं होने के कारण उनका फाइन नही कट पाया, जिस कारण लोगो मे रोष भी देखने को मिला। लोगों का कहना था कि इतने बड़े पैमाने पर अभियान चल रहा था, तो प्रशासन की ओर से चालान काटने के भी व्यवस्था ऑन द स्पॉट होनी चाहिए थी ।इस संबंध में जानकारी को लेकर थाना प्रभारी से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नही किया।

**आखिर क्यों चल रहा है अभियान**

बता दें कि बालूमाथ व चंदवा थाना क्षेत्र मे विगत कई दिनो से सड़क दुर्घटना मे हो रहे बेतहाशा वृद्धि को प्रशासन सख्त नजर से देख रही है। बगैर हेलमेट के मोटरसाईकिल चलाने वालों पर पुलिस अब सख्त रुख अख्तियार कर चुकी है। जिसके बाद से बाइक चालको में हड़कंप देखा जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र मे लगातार सड़क दुर्घटना मे हो रही बेतहाशा बढ़ोतरी को देखते हुए यह अभियान लगातार जारी रहेगी। पुलिस के द्वारा बगैर हेलमेट के चला रहे मोटरसाईकिल चालको के विरूद्ध वाहन चेकिंग अभियान सड़क सुरक्षा को लेकर एक सार्थक पहल माना जा रहा है।

### भंडारटोला में जिप सदस्य ने किया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



मौके पर मौजूद लोग।

**बारियातू।** जिला परिषद सदस्य रमेश राम ने रविवार को प्रखंड के गाड़ी गांव स्थित भंडार टोला में नये विद्युत ट्रांसफार्मर का उद्घाटन किया। जानकारी देते हुए जिप सदस्य राम ने कहा कि इस टोला में विभाग द्वारा विद्युत आपूर्ति के लिए पूर्व में लगाया गया ट्रांसफॉर्मर बीते छः माह पूर्व से जली हुई थी। जिससे गांव में रहने वाले लगभग 40 घरों में विद्युत की आपूर्ति नहीं हो पा रही थी। जिस कारण टोला के लोग अंधेरे में रहने को विवश थे। विभाग द्वारा बिजली बील लगतार आ रहा था। ग्रामीणों द्वारा कई बार विभाग को सूचना देने के बावजूद भी कुछ पहल नहीं हुआ। इसके बाद ग्रामीणों ने मुझे जानकारी दिया। जिसके बाद विद्युत विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर टोला में एक सौ केवीए का ट्रासफार्मर लगाने व 6 माह का बिजली बील मांफ कराने का मांग किया। नया ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों मे काफी खुशी देखी गई। जिप सदस्य राम ने विभाग से गरिबों का छः माह का बिजली बील मांफ करने का अपील भी किया है। मौके पर ज्योति प्रसाद, राजन भुईया, जितु भुईया, बैजु यादव, मनोज यादव, सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

जीएम हाजीपुर, डीआरएम धनबाद के निर्देश के बाद भी गति शक्ति एजेंसी की नींद नहीं खुली

# फुट ओवरब्रिज की लेआउट मार्किंग स्थल का उप प्रमुख, पंसस, सांसद प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

- दस दिन के बाद भी मार्किंग लेआउट से आगे नहीं बढ़ी है फुट ब्रिज का कार्य

खबर मन्त्र संवाददाता



निरीक्षण करते जनप्रतिनिधि।

**चंदवा।** टोरी जंक्शन स्टेशन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज निर्माण को लेकर किये गए लेआउट मार्किंग स्थल का उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा, कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान, राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि असगर ने निरीक्षण किया ।कहा कि 06 नवंबर को हाजीपुर रेलवे जोन के जीएम अनिल कुमार खंडेलवाल, धनबाद रेलमंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा टोरी स्टेशन पहुंचे थे, स्टेशन के पश्चिम में प्रस्तावित फुट ओवरब्रिज स्थल का उन्होंने निरीक्षण कर गति शक्ति एजेंसी को फुट ब्रिज का निर्माण शुरू करने के निर्देश दिया था, 28 नवंबर को गति शक्ति एजेंसी ने फुट ब्रिज स्थल का ले आउट मार्किंग भी किया। लेकिन 13 दिन से बीत जाने के बाद भी मार्किंग से आगे नही बढ़ पाया है। जीएम हाजीपुर, डीआरएम धनबाद के निर्देश के बाद भी गति शक्ति एजेंसी की नींद पुरी तरह नहीं खुली है। फुट ओवरब्रिज की स्वीकृति मिले करीब एक वर्ष हो गए, जनहित की कार्यों को हमेशा रेलवे विभाग अनदेखी करती रही है, यही कारण है कि इसका मार्किंग लेआउट हुए 13 दिन से अधिक समय हो गया लेकिन अबतक फुट ब्रिज का निर्माण शुरू नहीं हुई है ।मापी लेआउट कई बार की गई लेकिन इसका निर्माण शुरू नहीं हो पाया। जंक्शन के फुसरे छोर पर हाई स्कूल, गर्ल स्कूल, मिशन स्कूल, मीडिल स्कूल, पुस्तकालय स्कूल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रखंड कार्यालय और अंचल कार्यालय है, यहां शिक्षा ग्रहण करने के लिए नन्हे बच्चे व ग्रामीण प्रखण्ड मुख्यालय जाते हैं, लेकिन छात्र छात्राओं की चिंता किसी को नहीं है, फुट ब्रिज बनने से प्रखंड के समुची आबादी को काफी राहत मिलेगी। फुट ब्रिज की निर्माण जल्द से जल्द शुरू कराने की मांग जीएम हाजीपुर, डीआरएम धनबाद से की गई है। निरीक्षण में माकपा जिला सचिव सुरेंद्र सिंह, रसीद मियां, द्वारीका ठाकुर, अनिल प्रजापति, हाफिज शेर मोहम्मद, प्रयाग पाठक समेत कई लोग शामिल थे।

---

## एक नजर में

### झारोटेफ, एनएमओपीएस के जिला अध्यक्ष बने हीरा प्रसाद यादव



जिला अध्यक्ष व अन्य।

**लातेहार।** जिला अधिवेशन सह संगठनित पुनर्गठन झारोटेफ, एनएमओपीएस लातेहार के निवर्तमान संयोजक प्रदीप कुमार सिंह के अध्यक्षता में रविवार को माको डाक बंगला में कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, विशिष्ट अतिथि झारोटेफ के प्रांतीय संयोजक एवं झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष आनंद किशोर साहू, जिला परिषद अध्यक्षा पूनम देवी, प्रदेश उपाध्यक्ष लालबिहारी यादव, पुलिस मेंस एसोसिएशन के प्रांतीय उपाध्यक्ष लालेश्वर राम, पलामू जॉन संयुक्त सचिव अजय कुमार, प्रांतीय प्रवक्ता दिनेश कुमार शुक्ला, पलामू जिला अध्यक्ष मनोज मेहता के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरूआत की गई।
कार्यक्रम का शुरूआत स्वागत भाषण देते हुए जिला संयोजक प्रदीप कुमार सिंह ने विषय प्रवेश कराया तथा झारोटेफ, एनएमओपीएस संगठन की शुरूआत एवं पुनर्गठन के साथ आगामी प्रायोजित रणनीति पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक रामचंद्र सिंह ने कमेटी को आश्वस्त किया कि आपकी जो भी समस्याएं हैं और जो भी मांग है हमारी सरकार हर संभव पूरा करने का प्रयास करेगी हम आपके साथ हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झारोटेफ के प्रांतीय संयोजक आनंद किशोर साहू ने झारखंड में पुरानी पेंशन लागू होने लागू करने के लिए झारखंड सरकार की प्रशंसा की। सरकार द्वारा माध्यमिक शिक्षकों को योजना मद से गैर योजना मद में लाने पर माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से संदीप पासवान द्वारा सरकार एवं विधायक को आभार जताया। वहीं जिप अध्यक्ष ने की भी कार्यक्रम को संबोधित किया। जिला अधिवेशन के दूसरे सत्र में जिला स्तरीय कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष हीरा प्रसाद यादव, सचिव प्रदीप कुमार सिंह, उपाध्यक्ष राजेश कुमार, बलेश कुजूर, अनीश कुमार सिंह, विकास शर्मा, अरविंद कुमार रवि, कोषाध्यक्ष महिला मोर्चा के अध्यक्ष सुजाता कुमारी, सचिव श्वेता सिंह, संयुक्त सचिव कुंदन प्रसाद, संजीव कुमार चंद्र, अभय कुमार पांडे, लव पासवान, जितेंद्र यादव, जिला मीडिया प्रभारी संदीप पासवान, जिला सोशल मीडिया प्रभारी उत्तम पांडे एवं जिला प्रवक्ता उमेश कुमार सिंह को निर्वाचित किया गया। इस कार्यक्रम में दिलीप कुमार सिंह, संजय प्रसाद, धीरज कुमार, अवध बिहारी पांडे, सुशील यादव, संतोष पांडे, अनिल कुमार, प्रेम कुमार यादव, सुरेश राव, पिंटू कुमार, दिलीप सिंह, जगन सिंह, गोविंद सिंह, जितेंद्र प्रसाद, प्रमोद कुमार सिंह, रमेश कुमार मिश्रा समेत कई लोग उपस्थित थे।

### हमारा संकल्प विकसित भारत अभियान के तहत लाभुकों के बीच किया गया गैस चूल्हा का वितरण



मौके पर मौजूद लोग।

**चंदवा।** हमारा संकल्प विकसित भारत अभियान के तहत रविवार को प्रखंड के हुटाप एवं चकला पंचायत सचिवालय परिसर में विकास शिविर का आयोजन किया गया। दोनों स्थानों पर मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय कुमार, अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक, हुटाप मुखिया सुखनारायण सिंह, चकला मुखिया रंजीत एक्का के अलावे अन्य अधिकारी गण मौजूद थे। बीडीओ विजय कुमार ने केंद्र सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने गरीब कल्याण अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, नल जल योजना, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम प्रणाम योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री पोषण अभियान, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, नैनो फटीर्लाइजर समेत अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी व इसका लाभ लेने की बात विस्तार से बताई। कार्यक्रम के दौरान दोनों पंचायत में लाभुक महिलाओं के बीच उज्जवला योजना के तहत गैस कनेक्शन का नि ःशुल्क वितरण किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ विभाग, जेएसएलपीएस, गैस वितरक, कल्याण विभाग, वेलफेयर सोसायटी समेत सभी विभाग के कर्मी अपना स्टॉल लगा कर ग्रामीणों को केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी दी तथा लोगों से इन योजनाओ से ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने की अपील की। मुखिया रंजीता एक्का एवं सुखनारायण सिंह ने स्वच्छता को लेकर उपस्थित तमाम लोगों को संकल्प दिलाया। मौके पर जेएसएलपीएस के मुजीबुर आफरीन, अंचल निरीक्षक ऋषि देव कमल, पर्यवेक्षिका नीरू झा के अलावे पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष मौजूद थे।

### प्रांत संयोजक बने उज्जवल शुक्ला



उज्जवल शुक्ला।

**बालूमाथ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का 69 वां राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में आयोजित होगा। कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि देश के गृह मंत्री अमित शाह एवं एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री यग्वलक शुक्ल करेंगे। इस अधिवेशन में पूरे देश से दस हजार छात्र प्रतिनिधि उपस्थित होंगे। इसी अधिवेश में बालूमाथ के उज्जवल शुक्ला को इंडो जिनीयस का झारखंड प्रांत संयोजक निर्वाचित किया गया है। इसकी घोषणा दिल्ली अधिवेशन में किया गया। उज्जवल शुक्ला मूलत: बालूमाथ के है। इनकी शिक्षा बीआईटी मेसरा से इंजीनियरिंग में हुई है। वर्तमान में उच्च शिक्षा सरला बिरला विश्वविद्यालय से चल रही है। एबीवीपी से इनका संपर्क वर्ष 2017 से है वर्तमान में ये लातेहार जिला संयोजक भी है एवं पूर्व में भी कई दाईत्व का निर्वहन किया है। उज्जवल शुक्ला ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व को बधाई देते हुए कहा कि मुझे यहां तक पहुंचने में अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याग्वलक शुक्ल एवं कुमार नवनीत का काफी योगदान है। इन्होंने शुरूआती दौर में मुझे काफी मदद की है। मेरी पहली प्राथमिकता होगी झारखंड में इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में शोध कर रहे छात्रों के परेशानियों का समाधान करना एवं तनाव मुक्त कॉलेज कैंपस को करना। वर्तमान में तनाव के कारण मेडिकल और इंजीनियरिंग के छात्रों में आत्महत्याओं में काफी बढ़ोतरी हुई है। इसी को देखते हुए हैप्पी कैंपस का अभियान को सभी प्रद्योगिकी संस्थान तक ले जाना। झारखंड प्रांत में संयोजक बनाए जाने पर बालूमाथ समेत पूरे जिले के कार्यकताओं में काफी उत्साह है। सरला बिरला के सीईओ एवं बीजेपी के झारखंड उपाध्यक्ष प्रदीप वर्मा, विसी प्रो गोपाल पाठक, बीजेपी जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, अजित ओझा, नवनीत, सूरज शाह समेत कई लोगो ने बधाई दी है।

### बीस सूत्री अध्यक्ष सह झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी ने प्रदेश अध्यक्ष को बुके भेंट कर किया स्वागत

बरवाडीह । बरवाडीह प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सह झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष नसीम अंसारी ने रविवार को झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी को रांची प्रदेश कार्यालय में जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर बुके भेंटकर स्वागत किया। नसीम अंसारी ने कहा कि झारखंड कांग्रेस कमेटी ने हमें जिस जिम्मेवारी से नवाजा है, उसका निर्वाहन ने पूरी ईमानदारी से करूंगा। बताया कि प्रदेश कार्यालय में आहूत कार्यक्रम में हमें मनोनीत प्रणाम पत्र प्रदेश अध्यक्ष के हाथो दिया गया। इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष धन्यवाद के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव तथा संगठन की मजबुती पर पुरजोर सहयोग रहेगा पार्टी ने जो हमें जिम्मेवारी दी है, बखुबी इमानदारी पूर्वक निभाउंगा।

# पटना में पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक में पहुंचे शाह का नीतीश ने किया स्वागत

एजेंसी




**पटना।** राजधानी पटना में रविवार को होने वाली पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक होने जा रही है। बिहार सरकार इस बैठक की मेजबानी करेगी। सचिवालय स्थित संवाद भवन में आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह करेंगे। बैठक को लेकर सीएम नीतीश ने कहा है कि वे अमित शाह का स्वागत करेंगे। राजग गठबंधन से अलग होने के बाद से मुख्यमंत्री लगातार केंद्रीय बैठकों से किनारा करते रहे हैं। चाहे वह दिल्ली में नीति आयोग की बैठक हो या क्षेत्रीय परिषद की बैठक हो। नीतीश कुमार लगातार इन बैठकों में जाने से बचते रहे। जिन बैठकों में उन्हें खुद जाना जरूरी होता वहां वे राज्य सरकार के किसी मंत्री को भेज दिया करते थे। इससे पहले पश्चिम बंगाल के कोलकाता में हुई क्षेत्रीय परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री ने डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव और वित्त मंत्री विजय कुमार चौधरी को भेज दिया था और खुद बैठक से किनारा कर लिया था। इस बार पूर्वी क्षेत्रीय परिषद की बैठक की मेजबानी बिहार सरकार कर रही है तो मुख्यमंत्री का इस बैठक में शामिल होना बड़ी मजबूरी बन गई है। न चाहते हुए भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को इस बैठक में शामिल होने पड़ रहा है। राजग से अलग होने के करीब डेढ़ साल बाद मुख्यमंत्री का सामना केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से होगा। इसको लेकर मीडिया ने मुख्यमंत्री से सवाल किया तो उन्होंने शनिवार को कहा कि यह पुरानी परंपरा रही है और वे आने वाले लोगों का स्वागत करेंगे। सीएम नीतीश ने कहा कि, ह्यसभी लोग तो बैठक में रहेंगे ही। बैठक होगी और बैठक में जो भी बात सभी राज्यों को कहना होगा सारी बातों को कहेंगे.. ये तो पहले से ही परंपरा रही है.. यहां पर भी लोगों का स्वागत करेंगे। वहीं उत्तर प्रदेश और झारखंड में चुनावी सभा की बात को नीतीश टाल गए और सिर्फ इतना कहा कि वो तो बाद की बात है।

## बिहार टॉपर घोटाले में बच्चा राय के ठिकानों पर छापेमारी में ईडी ने मंगवाई रुपये गिनने की मशीन

● भारी मात्रा में नकदी मिलने का अनुमान

एजेंसी



**बिहार का सबसे बड़ा शिक्षा माफिया रहा है बच्चा राय**

वैशाली जिले में स्थित विशुन राय कॉलेज और उस कॉलेज का प्रिंसिपल बच्चा राय बिहार के शिक्षा महकमे में काबिज सबसे बड़े माफिया के तौर पर सामने आया था। बात 2016 की है जब पहली बार बिहार के शिक्षा महकमे में माफिया का खुलासा हुआ था। इसमें यह स्पष्ट हुआ था कि किस तरह शिक्षा माफिया पैसे के दम पर बिहार बोर्ड को टॉपर बनाने की फैक्टरी की तरह चला रहे हैं।

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार के वैशाली जिले में टॉपर घोटाले के मुख्य आरोपित अमित कुमार उर्फ बच्चा राय के ठिकानों पर शनिवार को की गयी छापेमारी में भारी मात्रा में नकदी मिलने का अनुमान है। ईडी ने छापेमारी के दौरान शाम पैसे गिनने की दो मशीन मंगवाई है। बच्चा राय के वैशाली स्थित आवास और कॉलेज पर शनिवार को सुबह पटना से आई ईडी की 15 सदस्यीय टीम ने दबिश बनायी। भारी सुरक्षा के बीच भगवानपुर के किरतपुर राजाराम स्थित आवास और कॉलेज पर जांच चल रही है। इस दौरान कुछ कागजात भी बरामद किये जाने की सूचना है। हालांकि, इसकी अधिकारिक तौर पर जानकारी अब तक नहीं दी गयी है। टॉपर घोटाले में ईडी ने बच्चा राय की 42 डिसमिल जमीन को अटैच किया था और ईडी ने उक्त जमीन पर अपना बोर्ड भी लगाया था लेकिन नियम कानून का उल्लंघन कर उक्त जमीन पर निर्माण कार्य कराया जा रहा है, जिसको लेकर ईडी ने भगवानपुर थाना में बच्चा राय पर 18 नवंबर को केस भी दर्ज कराया था और उसी मामले को लेकर यह रेड चल रही है। बच्चा राय कॉलेज में बच्चों को अच्छे नंबर दिलाने और टॉपर बनाने का सिंडिकेट चलाता था। एफआईआर होने के बाद बच्चा राय की गिरफ्तारी हुई और ईडी ने बच्चा राय के कॉलेज सहित उसके कई संपत्तियों को जब्त कर लिया था। अब ईडी ने बच्चा राय के खिलाफ एक बार फिर मामला दर्ज कराया है। ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर राजीव रंजन ने भगवानपुर थाने में जो आवेदन दिया है उसके अनुसार, ईडी की ओर से जब्त जमीन पर माफिया बच्चा राय ने दोबारा कब्जा कर लिया है।

## खनन विभाग की टीम पर हमले का एक आरोपित गिरफ्तार



किशनगंज। जिले में बीते पांच सितंबर को अवैध बालू खनन और भंडारण के विरुद्ध छापेमारी करने गई खनन विभाग की टीम पर बालू माफियाओं ने जानलेवा हमला कर दिया था। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपित इनामुल हक को गिरफ्तार किया है जबकि अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

इस मामले में पोठिया थाना में 21 नामजद लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, जिसका थाना कांड संख्या 262/23 है। पोठिया थानाध्यक्ष निशाकांत कुमार ने बताया कि मामले में पुलिस ने एक आरोपित इनामुल हक को गिरफ्तार किया है। अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी गौतम कुमार ने बताया कि अवैध खनन को लेकर छापेमारी करने गये खान निरीक्षक की टीम पर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया। घटना का केस अनुसंधान में है। उन्होंने बताया कि वीडियो की मदद से आरोपितो को चिन्हित किया जा रहा है।

## घुटने की चोट के कारण अबरार पहले टेस्ट से हुए बाहर



**पर्थ।** पाकिस्तान के लेग स्पिनर अबरार अहमद घुटने की चोट के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से शुरू होने वाले तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला के पहले मुकाबले से बाहर हो गए हैं। रविवार को पीसीबी की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि अबरार टीम के साथ रहेंगे और पर्थ में इलाज कराएंगे। इसके बाद बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच से पहले बाकी दौरे पर उनकी उपलब्धता को लेकर फैसला किया जाएगा। पीसीबी ने अभी तक उन्हें मेलबर्न या सिडनी में होने वाले टेस्ट मैचों में खेलने की संभावना इंकार नहीं किया है, लेकिन स्पिन पैनल को मजबूत करने के लिए साजिद खान को टीम शामिल किया है।

## अजान अवैस की शतकीय पारी से भारत आठ विकेट से हारा



अजान अवैस की 105 रनों की नाबाद शतकीय और कप्तान साद बेग 68 रनों की अर्धशतकीय पारी की बदौलत पाकिस्तान ने रविवार को अंडर 19 एशिया कप के ग्रुप ए के मुकाबले में भारत को आठ विकेट से हरा दिया है। 260 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरे पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज शमील हुसैन आठ रन को पांचवें ओवर में अभिषेक ने आदर्श के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये अजान अवैस ने शाहजेब खान के साथ दूसरे विकेट के लिये 110 रनों की साझेदारी की। शाहजेब 63 रन 28वें ओवर की पांचवीं गेंद पर मुशीर खान को कैच थमा बैठे। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे साद बेग ने अवैस के साथ मिलकर मैच जीताऊ साझेदारी कर पाकिस्तान को 47 ओवरों में दो विकेट के नुकसान पर 263 बनाकर जीत दिला दी। भारत की ओर से एक मात्र सफल गेंदबाज मुरुगन अभिषेक को दो विकेट मिले। इसके अलावा कोई भी गेंदबाज पाकिस्तान के बल्लेबाजों को आउट नहीं कर सका। भारत की ओर से मैच में सात गेंदबाजों का इस्तेमाल किया। इससे पहले सलामी बल्लेबाज आदर्श सिंह (62) और कप्तान उदय सहारन (60) के बीच तीसरे विकेट के लिये 93 रन की साझीदारी की मदद से भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ निर्धारित 50 ओवर में नौ विकेट खोकर 259 रन बनाया था। आईसीसी अकादमी स्टेडियम पर टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही जब उनके दो बल्लेबाज मात्र 46 रन पर पवेलियन लौट चुके थे। ऐसे में आदर्श और सहारन ने संयम से खेलते हुये टीम को मुकाबले में वापस पहुंचाया। आदर्श पारी के 32वें ओवर में विकेट के पीछे लपके गये जबकि सहारन को उबेद शाह ने अपना शिकार बनाया। बाद के ओवरों में सचिन दास (58) ने दो चौके और तीन छक्कों की मदद से स्कोरबोर्ड को तेजी से चलाया जिसके चलते भारत 250 रन के आंकड़े के पार पहुंच सका।

# धीरज साहू केश कांड के आरोप में भाजपाइयों ने कांग्रेस पार्टीऔर इंडी गठबंधन को घेरा

● जहां जहां कांग्रेस की सहभागिता या सत्ता वहीं भ्रष्टाचार की दलदल में खिलता कमल का फूल

खबर मन्त्र संवाददाता



**गोड्डा।** आज शाम जिला गोड्डा के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ गोड्डा विधायक अमित मंडल और पूर्व विधायक महगामा अशोक भगत, राजीव कुमार जिला अध्यक्ष, कृष्ण कन्हैया जिला महासचिव, कृष्ण मुरारी चौबे महासचिव महगामा, पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप सिंह, भाजपा नेता बबलू सिंह, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष लक्ष्मी चक्रवर्ती, संजीव टेकरीवाल के संयुक्त नेतृत्व में नुक्कड़ सभा का आयोजन कारगिल चौक स्थित शहीद फूलो झानो की प्रतिमा के प्रांगण में की गई। इस नुक्कड़ सभा के आयोजन का मुख्य मुद्दा भ्रष्टाचार और धीरज साहू कांग्रेस के तीसरे बार निर्वाचित हुए राज्य सभा सदस्य के घर से मिल रहे नोटों के बंडल जो 300करोड़ से भी अधिक नोट छापेमारी में प्राप्त हो चुकी है और अभी गिनती जारी है। इस मुदे को लेकर भाजपा की पूरी टीम सड़कों पर उतर आई है। नोट गिनने मशीन भी हांफती हुई बेदम सी हो रही है लेकिन अभी और भी नोट गिनने बाकी है। गोड्डा सांसद निशी कांत दुबे है प्रधान मंत्री मोदी के हनुमान बन कर कांग्रेस के भ्रष्टाचार की लंका जला रहे हैं मोदी जी ने कहा है न खाऊंगा न खाने दूंगा और उसी स्वघोषित नीति पर चल रहे हैं इसी भ्रष्टाचार के विरुद्ध बीजेपी मांग के मुताबिक आरोपी सांसद धीरज साहू पर आईडी की जांच हो गिरफ्तारी हो और सांसद की सदस्यता खत्म हो, झारखंड सरकार पर 70000करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार के आरोप हैं, जमीन जंगल बालू पत्थर पदाधिकारियों और कर्मचारियों का एक ही काम रह गया है नीचे से ऊपर तक भ्रष्टाचार फैली हुई है। भाजपा का एक ही मुद्दा है भ्रष्टाचार खत्म हो और दोषियों को सजा दिलवाना। जनता अब समझ चुकी है इस बार राज्य की हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकेगी। सभी वक्ताओं ने अपनी अपनी बातें रखी लेकिन मुख्य मुद्दा भ्रष्टाचार पर प्रहार का ही संदेश था। झारखंड प्रदेश के द्वारा आए हुए युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी जी मुख्य रूप से उपस्थित थे। आईटी द्वारा छापा मारी में मिलने के बाद भाजपा पूरे राज्य के सभी जिलों में प्रैस कांफ्रेंस कर राज्य की जनता को कांग्रेस के इण्डिया गठबंधन के नेताओं के काले कृत्य के बारे में बताने का निर्देश प्राप्त हुआ है। आज के इस नुकक्कड़ सभा कार्यक्रम का संचालन जिला के महामंत्री कृष्ण कन्हैया ने किया, धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य सह पूर्व नगर अध्यक्ष अजित सिंह ने किया। नुक्कड़ सभा कार्यक्रम जिला अध्यक्ष राजीव मेहता ने किया जिसमें युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी की गरिमामई उपस्थिति में हुई। आज के मुख्य वक्ता में समाजसेवी सुभाष यादव जिला मीडिया प्रभारी बिमंत साह, संजीव टेकरीवाल, युवा मोर्चा के महामंत्री सूरज सिंह, बावेसानंद बाबा, प्रमंडलीय युवा प्रभारी सौरभ कास्यप, युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष किसलय तिवारी ने हेमंत सोरेन को सबसे भ्रष्टाचारी और राज्य के सभी खनिज पदार्थों की चोरी को लेकर निशाना साधा। विधायक ने कहा धीरज साहू जी के यहां इतनी बड़ी राशि मिली ये झारखंड राज्य के जनता की गाड़ी कमाई हैं, ये हेमन्त सोरेन की जगल राज पार्ट टू की शुरूवात हैं, अशोक भगत ने भी हेमंत सोरेन की सरकार को अब तक की सबसे भारत सरकार कहा।

## स्पीड न्यूज

### चेम्पियन ट्रॉफी क्रिकेट टूनार्मेंट का हिरणपुर में शुभारम्भ



**हिरणपुर।** पूर्व विधायिका स्व.सुशीला हांसदा की पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को हिरणपुर स्थित फुटबॉल मैदान में झारखण्ड चैंपियन ट्रॉफी क्रिकेट टूनामेंट आयोजित हुई। जिसका शुभारम्भ बरिष्ठ समाजसेवी लुत्फुल हक के द्वारा फीता काटकर किया गया। 12-12 ओवर की इस टूनामेंट में झारखण्ड सहित बिहार, बंगाल के नामीगिरामी टीम भाग ले रहा है। इसमे विजेता टीम को ट्रॉफी सहित 65000 रुपये की नगद राशि व उप विजेता टीम को 50000 की राशि देकर पुरस्कृत किया जाएगा। खेल प्रारम्भ होने के पूर्व अतिथि लुत्फुल हक का गर्मजोशी से आयोजक कमिटी के सदस्यों द्वारा स्वागत किया गया। इसके बाद दोनो टीम के खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर परिचय प्राप्त किया गया। वही विधिवत खेल का शुभारम्भ किया गया। प्रारंभिक खेल राजमहल व मुंगेर टीम के बीच खेला गया। जिसमें राजमहल टीम विजय हुई। आयोजक कमिटी के अध्यक्ष विकास रविदास ने बताया कि फाइनल खेल आगामी 31 दिसम्बर को होगी। सफल रूप से आयोइस अवसर पर कमिटी के उपाध्यक्ष कुंदन रविदास, सचिव जितेंद रविदास, कोषाध्यक्ष विक्की रविदास, सामा, राजेश हेम्ब्रम आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### एसपी के निर्देश पर पुलिस ने चलाया एलआरपी अभियान



**लिट्टीपाड़ा।** पाकुड़ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर रविवार को लिट्टीपाड़ा एवं सिमलोंग ओपी क्षेत्र के आधा दर्जन से अधिक गांव में पुलिस ने एलआरपी अभियान चलाकर गांव का जायजा लिया एवं ग्रामीणों को जागरूक किया गया।एलआरपी अभियान का नेतृत्व लिट्टीपाड़ा थाना प्रभारी अरुणिमा बागे एवं सिमलोंग ओपी प्रभारी टिंकू रजक संयुक्त रुप से किया। प्रभारी ने बताया अभियान के तहत लिट्टीपाड़ा क्षेत्र के लब्दाघाटी, सुरजबेड़ा, बरमसिया, बड़ा जारा, बीच पहाड़ एवं ओपी क्षेत्र के जापानी, मोहनपुर, सहानी, बड़ा एवं छोटा घाघरी, लीलातारी, सहित अन्य गांव का भ्रमण कर ग्रामीणों को गांवों को अपराध मुक्त बनाने, महिला उत्पीड़न को रोकने व साइबर अपराधों के प्रति सजग रहने के लिए जगरुक किया। साथ ही उन्होंने गांव में किसी भी अनजान व्यक्ति को गांव में पनाह नही देने,बाहरी लोगों का गांव में अगर कोई गतिविधि करता है तो 100 डायल के जरिए पुलिस को सूचना देने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों को मानव तस्करी को रोकने के लिए ग्रामीणों को जागरूक करते हुए कहा अगर गांव में कोई व्यक्ति बाहर में काम दिलाने का लालच देकर गांव के बहु बेटी को ले जाने की बात करे तो इसकी सूचना पुलिस को तुरंत दे पुलिस करवाई करेगी। मौके पर एसआई विकास प्रसाद, एएसआई छोटेलाल यादव सहित पुलिस के जवान मौजूद थे।

### दुमका बार एसोसिएशन के अध्यक्ष बने निशिकांत

**दुमका।** झारखंड में दुमका जिला अधिवक्ता संघ के नये कार्यकारिणी समिति के सदस्यों के चुनाव परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। झारखंड स्टेट बार कौंसिल द्वारा प्रतिनियुक्त पर्यवेक्षक बालेश्वर प्रसाद सिंह की मौजूदगी में रविवार को 11 बजे दिन से मतगणना शुरू हुई। निवार्ची पदाधिकारी अमर जीवन के नेतृत्व में सहायक निवार्ची पदाधिकारी मो. राजा और शिव शंकर चौधरी द्वारा तीन अलग-अलग टेबुल पर मतगणना शुरू हुई। 15 चक्र में 369 मत पत्रों की गिनती करीब 3 बजे तक पूरी कर निर्वाचित उम्मीदवारों की घोषणा कर दी गई।

## खबर एक नजर में

### आरपीएफ ने 224 बोतल कोरेक्स कफ सिरप के साथ एक को गिरफ्तार किया



**सहरसा।** जिले में नशाबंदी कानून के सख्ती सें क्रियान्वयन को लेकर आरपीएफ एवं उत्पाद विभाग द्वारा सभी ट्रेन में सामानों की सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।इसी कड़ी मे सहरसा जंक्शन पर बहुत बड़ी सफलता मिली। एक युवक को 224 बोतल कोरेक्स के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी की पहचान रोशन कुमार के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने बताया कि कोरेक्स बेचने के लिए सहरसा ले जा रहा था। सभी बोतल हिमाचल प्रदेश द्वारा निर्मित है। सभी कोरेक्स की कीमत 41440 रुपए की बताई जा रही है। फिलहाल आरोपी को पकड़ कर मामला सहरसा उत्पाद विभाग को सुपुर्द कर दिया है। जानकारी अनुसार 18 वर्षीय रोशन कुमार, पिता मुकेश कुमार सिंह, सोनबरसा कचहरी स्थित ग्राम हरिपुर वार्ड नंबर 15 का निवासी है।वह पाटलिपुत्र से सहरसा जनहित एक्सप्रेस से प्लेटफार्म नंबर तीन पर उतरा था। इस दौरान आरपीएफ सब इंस्पेक्टर एसके मिश्रा अपने टीम के अलावा उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर पंकज कुमार प्लेटफार्म पर गश्त कर रहे थे। जैसे ही सहरसा जंक्शन पर जनहित एक्सप्रेस ट्रेन से एक युवक संदिग्ध अवस्था में बैग और ट्राली लेकर नीचे उतारा। पूछताछ के बाद बैग और ट्राली से 224 बोतल कोरेक्स बरामद किया गया। इसके बाद आरपीएफ ने आगे की कार्रवाई के लिए मामले को उत्पाद विभाग को सौंप दिया गया।

### सड़क दुर्घटना में घायल की इलाज के दौरान मौत, पुलिस ने बंधक चालक और खलासी को छुड़ाया



**अररिया।** फारबिसगंज थाना क्षेत्र के मार्केटिंग यार्ड परिसर स्थित बिहार राज्य खाद्य निगम के गोदाम के पास शुक्रवार की शाम ट्रक की चपेट में आने से घायल 25 साल के मजदूर कुंदन कुमार की शनिवार को पूर्णिया में इलाज के दौरान मौत हो गई। इससे पहले हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने ट्रक के ड्राइवर और खलासी को बंधक बनाकर एसएफसी के गोदाम में बंद कर दिया था, जिसे शनिवार को पुलिस थाने ले गई। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है। बताया जाता है कि उत्तरप्रदेश के उरई से मटर को लोड कर फारबिसगंज लाया गया था, जहां शुक्रवार की शाम को मजदूरों के द्वारा ट्रक को खाली किया गया। ट्रक से माल उतारने में कुंदन कुमार शामिल था। ट्रक खाली होने के बाद ले जाने के क्रम में ट्रक के पहिया के नीचे कुंदन आ गया, जिससे वह बुरी तरह जख्मी हो गया। स्थानीय लोग आनन-फानन में उसे लेकर फारबिसगंज अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचे, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उसे पूर्णिया रेफर कर दिया गया। इधर, घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उत्तरप्रदेश के कानपुर के रहने वाले चालक अमित कुशवाहा और कानपुर देहात के रहने वाले सह चालक शीलू कमल को पकड़ कर एसएफसी के गोदाम में बंद कर बंधक बना लिया। फारबिसगंज थाना पुलिस ने सूचना के बाद उसे मुक्त कराया और थाने ले गई। पुलिस ने ट्रक संख्या (यूपी 78 एचएन 4748) को जब्त कर लिया है। ट्रक के मालिक कानपुर के ही रहने वाले ज्ञानेंद्र सिंह हैं।

### समारोह आयोजित कर समाजसेवी लुत्फुल हक किया गया सम्मानित



**पाकुड़।** बैंक कॉलोनी स्थित मैरिज हॉल में रविवार को शहर के समाजसेवी लुत्फुल हक के सम्मान में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। आयोजित समारोह में आमंत्रित अतिथियों ने लुत्फुल हक को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। उन्हें मोमेंटो भी प्रदान किया। इस दौरान समारोह स्थल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। अतिथियों ने अपने संबोधन के जरिए लुत्फुल हक की जमकर प्रशंसा की। जरुरतमंदों की सेवा में लुत्फुल हक के द्वारा किए जा रहे कार्यों की खुब सराहना की। जिसके लिए उन्हें देश-विदेश में भी सम्मान मिला। इससे पूर्व लुत्फुल हक और सभी अतिथियों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया गया। अतिथियों में शामिल सिविल सर्जन डॉ. मंटू कुमार टेकरीवाल, रेड क्रॉस सोसाइटी के डॉ. बिंदु भूषण, फेस संस्था की सचिव रितु पांडेय, सारस्वत स्मृति के अध्यक्ष एवं शिक्षाविद रामरंजन सिंह, केकेएम कॉलेज के प्रोफेसर डॉ. मनोहर कुमार, इंसानियत फाउंडेशन के अध्यक्ष बानिज शेख, मिथलेश ठाकुर, अजीजुर रहमान आदि ने समारोह को संबोधित किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान मंच संचालक के रूप में मौजूद बिहार के सीतामढ़ी से पहुंचे उर्दू के शायर जमील अख्तर शफीक ने अपने शेरो शायरी से न सिर्फ मौजूद लोगों का मनोरंजन किया।

## पेज 1 का शेष

### आदिवासी नेता विष्णु...

**तीनों पर्यवेक्षकों ने एक-एक से राय ली :** बैठक में भाजपा के तीनों पर्यवेक्षकों ने जीतकर आये विधायकों से अलग अलग से बात की और उनकी राय भी पर्यवेक्षकों ने मांगी। सभी विधायकों ने अपनी अपनी राय भी सीएम के नाम को लेकर रखा। सीएम के नाम को लेकर चल रही रायशुमारी के दौरान प्रदेश प्रभारी ओम माथुर और चुनाव सह प्रभारी नितिन नवीन भी मौजूद रहे। **शाह ने पूरा किया वादा :** विष्णु देव साय के समर्थन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कुनकुरी में चुनावी सभा में लोगों से कहा था, आप इनको विधायक बना दो, उनको बड़ा आदमी बनाने का काम हम करेंगे। अब श्री साय प्रदेश के चौथे सीएम होंगे। वहीं आदिवासी समुदाय से दूसरे मुख्यमंत्री होंगे। छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद प्रथम आदिवासी मुख्यमंत्री अजीत जोगी बने थे। श्री साय का जन्म 21 फवरी 1964 में जशपुर जिले के बगिया गांव में एक किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत 1989 में ग्राम पंचायत बगिया के पंच के रूप में की थी। वह 2020 में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद और केंद्रीय मंत्री भी रहे हैं। उनकी गिनती संघ के करीबी नेताओं में होती है। वह रमन सिंह के भी करीबी हैं।

### कोल इंडिया से 78270...

राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर भी व्यापक चर्चा हुई। बैठक में सदस्य राज्यों के मुख्य सचिव और वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल थे। बैठक में झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने केंद्रीय गृह मंत्री से कहा कि कोल कंपनियों द्वारा राज्य सरकार की 80 हजार एकड़ से भी अधिक सरकारी भूमिका उपयोग किया गया है। बदले में सरकार को अब तक कुल 78270 करोड़ रुपये की राशि भुगतान नहीं किया गया है। उन्होंने गृह मंत्री से इस बकाया राशि का भुगतान कराने के लिए कोल इंडिया को निर्देश देने की मांग की। उन्होंने कहा कि कोल इंडिया का यह दायित्व बनता है कि बंद खदानों का विधिवत माइंस क्लोजर कराये। पर वह इस ओर ध्यान नहीं दे रही। इसके कारण जान माल का नुकसान हो रहा है। अवैध खनन को भी बढ़ावा मिल रहा है। उनके साथ मंत्री चंपई सोरेन, मुख्य सचिव ख्यांगते और वित्त सचिव अजय कुमार सिंह भी उपस्थित थे। वित्त मंत्री ने पंचैत एवं मैथन डैम की फ्लड क्युजन कैपेसिटी बढ़ाने के लिए भू अर्जन को जरूरी बताया। पर जन विरोध के कारण ऐसा करना संभव नहीं हो पा रहा है। डीवीसी ने तैयार 18000 चेक डैम की विवरणी राज्य सरकार को अनेकों पत्राचार के बाद उपलब्ध नहीं कराया। इससे रिनोवेशन की कार्य योजना तैयार करने का काम शुरू नहीं हो सकी। वित्त मंत्री ने कहा कि बंगाल और बिहार के बीच हुए समझौते के तहत रूपांकन के अनुरूप संचालन के लिए तेनुघाट जलाशय की जल ग्रहण क्षमता 817 फीट से 852 फीट तक रखी गयी है, पर न्यूनतम भंडारण के लिए जलस्तर 836 फीट से 852 फीट के बीच किया जाना जरूरी है।

# गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों शूटर समेत चार गिरफ्तार

एजेंसी



**करणी सेना अध्यक्ष के हत्या के वांछित रोहित राठौर और नितिन फौजी चंडीगढ़ में राजस्थान पुलिस के हत्थे चढ़े**

**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में हुए श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के दोनों शूटर सहित अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जयपुर पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने रविवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि इस मामले के दोनों शूटर रोहित राठौड़ एवं नितिन फौजी और फरारी के दौरान इनकी मदद करने वाले आरोपी उदम सिंह सैन को शनिवार देर रात चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया गया और उन्हें राजस्थान लाया गया है तथा उनसे पूछताछ की जा रही है। श्री जोसेफ ने बताया कि गत पांच दिसंबर को श्री गोगामेड़ी की हत्या के बाद ये दोनों शूटर जयपुर शहर से फरार होने में सफल हो गए थे। इसके बाद आरोपियों को चिह्नीकरण एवं दस्तयाब करना पुलिस के लिए बड़ी चुनौती थी लेकिन पुलिस को कुछ तकनीकी इनपुट मिले और उसकी मदद से उनका सुराग ढूंढते हुए पुलिस ने उनका पीछा किया लेकिन सात दिसंबर तक पुलिस टीम दोनों आरोपियों से छह या आठ घंटे पीछे थी।


इस बीच एसआईटी के पास अहम सूचना मिली कि आरोपियों को डीडवाना में देखा गया है। इससे पहले इन आरोपियों को जयपुर शहर में अन्य लोगों द्वारा क्या सुविधाएं दी गई, ये कहां कहां गए, कहां रुके, कहां खाना खाया और कौन से वाहन का उपयोग किया गया इन सबका अनुसंधान किया गया जो रिकार्ड में आ गया। इससे भी मदद मिली और आरोपियों को पकड़ने का काम भी जारी रहा। उन्होंने बताया कि दोनो शूटर डीडवाना से एक टैक्सी लेकर सुजानगढ़ पहुंचकर वहां से दिल्ली जाने वाली वाल्वो बस में सवार हो गए और बाद में धारुहेड़ा उतरकर ऑटो के माध्यम से रेवाड़ी रेलवे स्टेशन जाकर सायं करीब 4.40 बजे रवाना होकर हिसार पहुंच गए जहां उदम सिंह निवासी हिसार के साथ टैक्सी लेकर मनाली पहुंचे और वहां दो दिन होटल में रुके और नौ दिसंबर सायं करीब पांच-छह बजे चंडीगढ़ आ गए और वहां होटल कमल पैलेस सैक्टर 22 ए में रुके। इस दौरान रात करीब आठ बजे तीनों को पकड़ लिया गया।

श्री जोसेफ ने बताया कि पुलिस का अब मकसद इस हत्याकांड के पीछे जिसका हाथ है और जिसने यह तैयार किया है उन तक पहुंचना और उन्हें कानून के सामने लाने का है। उन्होंने बताया कि पुलिस इस मामले की सभी सूचनाओं को कड़ी से कड़ी जोड़ने का काम कर रही है और इस मामले को एनआईए को सौंपने से पहले यह सारा काम कर लिया जायेगा।

# सर्वे में ट्रंप को बढ़त

## चुनाव से पहले राष्ट्रपति पद की रेस में बाइडन से आगे निकले डोनाल्ड ट्रंप

एजेंसी



**न्यूयॉर्क।** डोनाल्ड ट्रंप 2024 के राष्ट्रपति पद के चुनाव के लिए आगे निकल गए हैं। एक सर्वे से यह पता चला है। अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा कैलिफोर्निया में एक कार्यक्रम में ट्रंप को नीच करार दिए जाने के एक दिन बाद यह सर्वे सामने आया। वॉल स्ट्रीट जर्नल सर्वे में बाइडेन को उनके राष्ट्रपति पद के लिए सबसे कम रेटिंग के साथ दिखाया गया है। यह निष्कर्ष मोटे तौर पर अन्य हालिया अध्ययनों के अनुरूप है, जिसने मतदाताओं के चुनाव में जाने से एक साल से भी कम समय पहले डेमोक्रेटिक हलकों में चिंता पैदा कर दी है।डब्ल्यूएसजे ने कहा कि यह दिखाता है कि ट्रंप बाइडेन से चार अंकों से आगे चल रहे हैं। 47 प्रतिशत के मुकाबले 43 प्रतिशत। इस सर्वे से पता चला है कि पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति आमने-सामने मुकाबले में पसंदीदा बने हुए हैं। बाइडेन ने दूसरे कार्यकाल के लिए लड़ने की इच्छा जताई है, लेकिन डेमोक्रेटिक पार्टी में कई लोग उनकी बढ़ती उम्र के डर से उन्हें पद से हटते देखना चाहते हैं। वो 81 साल के हो गए हैं।

**बाइडन की राह हो सकती है मुश्किल :** दरअसल वाल स्ट्रीट जर्नल ने यह सर्वे किया है। सर्वे में एक और बात जो गौर करने वाली है वो ये है कि जो बाइडन की अप्रूवल रेटिंग अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंच गई है। इससे प्रतीत होता है कि जो बाइडन की अगले टर्म के लिए उम्मीदवार बनने की कोशिशों को झटका लग सकता है। डेमोक्रेटिक पार्टी में भी जो बाइडन को दूसरा कार्यकाल देने में मतभेद उभर रहे हैं।

हालांकि जो बाइडन कह चुके हैं कि वह अगले साल होने वाले चुनाव में भी उम्मीदवारी पेश करेंगे। सबसे बड़ी चिंता जो बाइडन की उम्र को लेकर उभर ही है क्योंकि जब अगले साल चुनाव होंगे, तब बाइडन 81 साल के हो जाएंगे और अगला टर्म खत्म होने पर उनकी उम्र 86 साल होगी। साथ ही जो बाइडन के बेटे हंटर बाइडेन के खिलाफ भी टैक्स मामले में आरोप लगे हैं, इससे भी जो बाइडन की मुश्किलें बढ़ी हैं।

**ट्रंप की लगातार बढ़ रही लोकप्रियता :** डोनाल्ड ट्रंप कई मुकदमों का सामना कर रहे हैं लेकिन इसके बावजूद उनकी लोकप्रियता में उछाल आ रहा है। अपने रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवारों से डोनाल्ड ट्रंप काफी आगे चल रहे हैं। ये बात शायद बाइडन भी महसूस कर रहे हैं तभी शुक्रवार को कैलिफोर्निया में एक फंड जुटाने के कार्यक्रम में जो बाइडन ने ट्रंप पर सीधा हमला बोला और ट्रंप समर्थकों के यूएस कैपिटोल पर हमले को लेकर निशाना साधा। साथ ही ट्रंप के उस बयान की भी आलोचना की, जिसमें ट्रंप ने कहा था कि वह सिर्फ एक दिन के लिए तानाशाह बनेंगे।




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को नई दिल्ली में राजघाट के पास गांधी दर्शन एवं स्मृति परिसर में महात्मा गांधी की 10 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया। रक्षा मंत्री ने इस प्रतिमा को राष्ट्रपिता के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि बताया, जिन्होंने भारत को विदेशी शासन से मुक्त कराने में केंद्रीय भूमिका निभाई और समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए काम किया, ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें।

# विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' की बैठक 19 को

**नयी दिल्ली।** विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) की राष्ट्रीय राजधानी में 19 दिसंबर को होने वाली अगली बैठक में एक मुख्य सकारात्मक एजेंडा बनाना, सीटों के बंटवारे और संयुक्त रैलियां आयोजित करने के कार्यक्रम को लेकर चर्चा हो सकती है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन इंडिया के नेताओं की चौथी बैठक मंगलवार, 19 दिसंबर को अपराह्न तीन बजे नई दिल्ली में होगी। यह बैठक हाल में संपन्न विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के खराब प्रदर्शन की पृष्ठभूमि में होगी। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मुकाबला करने के लिए विपक्षी दलों का इरादा एकजुटता बनाये रखते हुए मैं नहीं, हम नारे के साथ आगे बढ़ने का है। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री एवं टीएमसी की प्रमुख ममता बनर्जी 17 से 19 दिसंबर तक राजधानी में रहेंगी और बैठक में भाग लेने की संभावना है।

# भूल-भुलैय्या-3 में सारा अली खान के साथ नजर आ सकते हैं कार्तिक आर्यन



**मुंबई।** कार्तिक आर्यन की फिल्म भूल भुलैया 2 ब्लॉकबस्टर हिट रही थी। अब इस फिल्म के अगले भाग का दर्शकों को इंतजार है। अब इस फिल्म में सारा अली खान की एंट्री हो गई है। वर्ष 2020 में आई लव आजकल के बाद यह जोड़ी किसी फिल्म में नजर नहीं आई है। इस जोड़ी को एक साथ लाकर निमार्ता भूल भुलैय्या-3 को भी हिट फिल्मों में शामिल करवाना चाहते हैं। लव आजकल के दौरान कार्तिक और सारा अली खान के रिलेशनशिप के चर्चे आम हो रहे थे। हालांकि फिल्म के प्रदर्शन के बाद दोनों के रिश्तों में दूरी आ गई हालांकि वे कई बार एक साथ नजर आए हैं। बॉलीवुड हंगामा की एक रिपोर्ट के मुताबिक फरवरी 2024 में इइ2 की शूटिंग शुरू कर दी जाएगी। फिल्म में सारा अली खान के अलावा कियारा आडवाणी और तब्बू के भी नजर आने की खबर है। कार्तिक आर्यन, अनीस बज्मी और भूषण कुमार ने फिर एक बार इस सुपरहिट फ्रेंचाइजी को आगे बढ़ाने का फैसला किया है। भूल भुलैया भूषण कुमार और कार्तिक आर्यन की पसंदीदा फ्रेंचाइजी है और पार्ट 3 के लिए वो इसका बजट बढ़ाना चाहते हैं। जानकारी के मुताबिक मेकर्स ने स्क्रिप्ट लॉक करने के लिए काफी तेजी से काम किया है। अब फरवरी 2024 तक इसकी शूटिंग भी शुरू कर दी जाएगी। कार्तिक आर्यन और सारा अली खान की फिल्म 'लव आज कल 2' बुरी तरह फ्लॉप हुई थी।

# बरेली में डंपर से टकराई कार, आठ लोगों की मौत

**बरेली ।** बरेली-नैनीताल मार्ग पर टायर फटने से अनियंत्रित हुई एक कार डिवाइडर तोड़कर सड़क के दूसरी ओर डंपर से टकरा गई जिसके बाद उसमें आग लग गई। घटना में आठ लोगों की आग में झुलसकर मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि शनिवार देर रात बरेली-नैनीताल मार्ग पर दुभौरा गांव के पास कार का टायर फट गया जिससे वह अनियंत्रित होकर डिवाइडर तोड़ते हुए सड़क की दूसरी तरफ पहुंच गई और वहां सामने से आ रहे एक डंपर से उसकी टक्कर हो गई। इससे कार में आग लग गई जिसमें झुलस कर कार में सवार आठ लोगों की मौत हो गई। एसपी सुशील चंद्रभान ने घटना में एक बच्चे समेत आठ लोगों की मौत की पुष्टि की है। पुलिस महानिरीक्षक डॉक्टर राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस टीम बहेड़ी क्षेत्र के जाम गांव भेजी गई है, गांव के लोग ही शवों को देखकर मृतकों की पहचान कर पाएंगे। मरने वालों में कार चालक फुरकान, शादाब , आलम , अयूब , आरिफ आसिफ और आसिफ शामिल हैं। दुर्घटनाग्रस्त हुई कार बरेली के बहेड़ी स्थित रामलीला मोहल्ले में रहने वाले किराना व्यवसायी सुमित गुप्ता की है। गुप्ता ने बताया कि नारायण नगला निवासी ग्राहक आसिफ अक्सर दुकान पर आता था। उसने भतीजे की शादी में जाने के लिए शनिवार सुबह उसकी कार मांगी थी।

# मायावती ने भतीजे आनंद को बनाया अपना उत्तराधिकारी

**उत्तर प्रदेश को छोड़कर पूरे देश में पार्टी संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई : उदयवीर सिंह**

एजेंसी



**लखनऊ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने रविवार को अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। पार्टी के एक नेता ने यह जानकारी दी। मायावती द्वारा लोकसभा चुनाव की तैयारी के सिलसिले में बुलाई गई पार्टी पदाधिकारी की बैठक में शामिल होने आए बसपा की शाहजहांपुर इकाई के जिला अध्यक्ष उदयवीर सिंह ने संवाददाताओं से कहा कि बसपा अध्यक्ष ने बैठक में अपने भतीजे आकाश आनंद को अपना उत्तराधिकारी घोषित किया है। उन्होंने बताया कि यहां बसपा कार्यालय में हुई देश भर के पार्टी नेताओं की बैठक में मायावती ने यह घोषणा की। मायावती द्वारा किए गए ऐलान के बारे में खासतौर से पूछे जाने पर सिंह ने कहा कि उन्होंने (मायावती) कहा कि वह (आकाश) उनके बाद उनके उत्तराधिकारी होंगे। सिंह ने कहा कि उन्हें (आकाश) उत्तर प्रदेश को छोड़कर पूरे देश में पार्टी संगठन को मजबूत करने की जिम्मेदारी दी गई है। हालांकि, पार्टी के आधिकारिक बयान में ऐसे किसी घोषणा का उल्लेख नहीं किया गया है।

# सात कंपनियों का मार्केट कैप 3.04 लाख करोड़ बढ़ा

## एचडीएफसी बैंक और एलआइसी में सबसे ज्यादा वृद्धि

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** देश की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण बीते सप्ताह 3.04 लाख करोड़ रुपये बढ़ गया। इसमें एचडीएफसी बैंक और एलआईसी में सबसे ज्यादा वृद्धि दर्ज की गई। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, पिछले सप्ताह देश की शीर्ष 10 में से सात कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 3,04,477.25 करोड़ रुपये बढ़ गया। इसके पीछे शेयर बाजार में जारी तेजी की अहम भूमिका रही। पिछले सप्ताह बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स 2,344.41 अंक यानी 3.47 प्रतिशत बढ़ गया। कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन शुक्रवार को 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 303.91 अंक यानी 0.44 प्रतिशत बढ़कर अपने सर्वकालिक उच्च स्तर 69,825.60 अंक पर पहुंच गया। इस सप्ताह बाजार पूंजीकरण में सबसे ज्यादा वृद्धि भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी), आईसीआईसीआई बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और रिलायंस इंडस्ट्रीज में दर्ज की गई। निजी क्षेत्र के एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 74,076.15 करोड़ रुपये बढ़कर 12,54,664.74 करोड़ रुपये हो गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 65,558.6 करोड़ रुपये बढ़कर 4,89,428.32 करोड़ रुपये हो गया। गुरुवार को एलआईसी के शेयर 52 सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंचते ही बीमा कंपनी ने पांच लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को छू लिया था। आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण 45,466.21 करोड़ रुपये बढ़कर 7,08,836.92 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 42,732.72 करोड़ रुपये बढ़कर 13,26,918.39 करोड़ रुपये हो गया। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का बाजार पूंजीकरण 42,454.66 करोड़ रुपये बढ़कर 16,61,787.10 करोड़ रुपये हो गया। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का बाजार पूंजीकरण 37,617.24 करोड़ रुपये बढ़कर 5,47,971.17 करोड़ रुपये हो गया। इन्फोसिस का शेयर 15,916.92 करोड़ रुपये बढ़कर 6,18,663.93 करोड़ रुपये हो गया। हालांकि, हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार मूल्यांकन 9,844.79 करोड़ रुपये घटकर 5,92,414.19 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का 8,569.98 करोड़ रुपये घटकर 5,61,896.90 करोड़ रुपये रह गया।आईटीसी का पूंजीकरण भी 935.48 करोड़ रुपये घटकर 5,60,223.61 करोड़ रुपये रह गया।इसके साथ ही रिलायंस इंडस्ट्रीज देश की सबसे मूल्यवान कंपनी के स्थान पर कायम है। इसके बाद टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड, भारती एयरटेल, आईटीसी, एसबीआई और एलआईसी हैं।

# डॉ. अनीश शाह ने फिक्की के अध्यक्ष का कार्यभार संभाला

**नयी दिल्ली।** भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) ने महिंद्रा एंड महिंद्रा के प्रबंध निदेशक और समूह सीईओ डॉ. अनीश शाह को 2023-2024 के लिए अध्यक्ष नियुक्त किया है। फिक्की के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. अनीश शाह ने नई दिल्ली में आयोजित चेंबर के 96वें वार्षिक सम्मेलन में शुभ्रकांत पांडा से अध्यक्ष का पदभार संभाला लिया। फिक्की ने रविवार को जारी एक बयान में जानकारी दी कि डॉ. अनीश शाह ने 2023-2024 के लिए चेंबर के अध्यक्ष का पदभार संभाल लिया है। शाह ने शुभ्रकांत पंडा का स्थान लिया है, जिनका कार्यकाल पिछले दिनों समाप्त हो गया। इमामी लिमिटेड के उपाध्यक्ष और प्रबंध निदेशक हर्ष वर्धन अग्रवाल को फिक्की का वरिष्ठ उपाध्यक्ष, आरपीजी ग्रुप के उपाध्यक्ष अनंत गोयनका को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

## एक नजर में

### नेपाल में 30 किलो सोना बरामद



**काठमांड।** नेपाल में 24 घंटे के भीतर तस्करी करके लाया गया 30 किलो सोना बरामद किया गया है। इसमें से 14 किलो सोना दुबई से विमान के जरिये और 2 किलो चीन से सड़क मार्ग के रास्ते लाया गया था। 6 किलो सोना इजिप्ट के नागरिक के पास से त्रिभुवन विमानस्थल पर बरामद किया गया। इसी नागरिक की निशानदेही पर काठमांडू के न्यूरोड की एक दुकान से तस्करी करके लाया गया 8 किलो सोना बरामद किया गया है। सोने की बरामदगी के इन अलग-अलग मामलों में कुल आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नेपाल में गुरुवार की मध्यरात्रि को दुबई से लाया गया 14 किलो सोना पकड़ा गया। यह सोना दुबई से एक फ्लाइट के जरिये देर रात 11:56 बजे काठमांडू विमानस्थल पर लाया गया था। पुलिस ने नेपाली नागरिक मीन बहादुर घलो को गिरफ्तार किया था। बाद में पुलिस ने उसके एक और सहयोगी को काठमांडू से गिरफ्तार किया था।सोने की इस तस्करी में अभी पुलिस की तलाशी और छापेमारी पूरी भी नहीं हुई थी कि शुक्रवार को चीन से सड़क मार्ग से लाया गया 2 किलो सोना पकड़ा गया। काठमांडू रेंज के पुलिस एआईजी दीपक थापा ने बताया कि चीन से नेपाल के रसुवा नाका होते हुए लाए गए 2 किलो सोने को काठमांडू के नागढुंगा प्रवेश नाका से बरामद किया गया है। साथ ही पुलिस ने तस्करी के आरोप में रसुवा के ही ग्यालसिंग तामांग, विरू तामांग और सुनील भुजेल को गिरफ्तार किया है।

### पाक : सारा हत्याकांड पर 14 को फैसला

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद के एक ट्रायल कोर्ट ने कनाडा मूल की शादीशुदा सारा इनाम (37) की हत्या के मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया। पाकिस्तान के प्रमुख अखबार डॉन के अनुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश नासिर जावेद राणा इस जघन्य हत्याकांड के लगभग एक साल बाद 14 दिसंबर को फैसला सुनाएंगे। डॉन के अनुसार इस बहुचर्चित हत्याकांड में मृतका सारा का पाकिस्तानी पति शाहनवाज अमीर मुख्य आरोपित है। शाहनवाज मुल्क के पूर्व राजनेता और प्रतिष्ठित पत्रकार अयाज अमीर का बेटा है। इस केस में पुलिस ने अयाज अमीर, उनकी पत्नी समीना शाह और पूर्व पत्नी को भी आरोपित के रूप में नामित किया था। सारा इनाम की पिछले साल 22 सितंबर को इस्लामाबाद के शहजाद टाउन के फार्म हाउस में हत्या कर दी गई थी। वह एक दिन पहले ही दुबई से लौटी थी। वह शहनवाज की तीसरी पत्नी थी।

### कर्नाटक : गड्ढे में गिरी कार, चार छात्रों की मौत

**चिक्कबल्लापुर (कर्नाटक)।** चिक्कबल्लापुर के बाहरी इलाके में राजमार्ग पर अंडरपास के पास एक कार के कथित तौर पर पलट जाने और गड्ढे में गिर जाने से कॉलेज के चार छात्रों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। घटना शनिवार रात को हुई जब चारों छात्रों में से दो अपने साथियों को छोड़ने के लिए बेंगलुरु से चिक्कबल्लापुर जा रहे थे। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक कार एक छात्र चला रहा था। दुर्घटना तब हुई जब चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया जिससे वाहन पलट गया और गड्ढे में गिर गया। उन्होंने बताया कि से तीन छात्रों की मौके पर ही मौत हो गई। एक छात्र गंभीर रूप से घायल हो गया और उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### सड़क हादसे में दूल्हा, दुल्हन समेत पांच मरे

**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर-चांपा जिले में रविवार को एक ट्रक की चपेट में आकर कार सवार नवविवाहित जोड़े समेत पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना मुलमुला थाना क्षेत्र के अंतर्गत पकरिया झूलन गांव के पास तड़के हुई जब पीड़ित विवाह के बाद शिवरीनारायण कस्बे से बलौदा लौट रहे थे। जानकारी के अनुसार जिले के बलौदा गांव निवासी शुभम सोनी की शादी शनिवार की रात शिवरीनारायण कस्बे में हुई थी। उन्होंने बताया कि जब दूल्हा, दुल्हन और परिवार के तीन अन्य सदस्य अपनी कार में बलौदा लौट रहे थे, तभी विपरीत दिशा से आ रहे एक ट्रक से उनकी टक्कर हो गई, जिससे दुल्हन समेत कार में सवार चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि गंभीर रूप से घायल दूल्हे को अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतकों में दूल्हे के पिता ओमप्रकाश सोनी भी शामिल हैं, जो कार चला रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस दल को मौके पर भेजा गया और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। उन्होंने बताया कि ट्रक चालक का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है, जो अपना वाहन छोड़कर मौके से भाग गया है।

### कश्मीर में कई स्थानों पर पारा शून्य से नीचे

**श्रीनगर।** कश्मीर घाटी में शनिवार रात पारा शून्य से कई डिग्री नीचे जाने के कारण ठंड का प्रकोप जारी है। अधिकारियों ने रविवार को बताया कि जम्मू कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर में शनिवार रात को पारा शून्य से 4.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया जबकि एक रात पहले पारा शून्य से 4.6 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि अमरनाथ यात्रा के आधार शिविरों में शामिल दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से 5.5 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया जबकि इससे एक रात पहले न्यूनतम तापमान शून्य से 5.0 डिग्री सेल्यियस दर्ज किया गया था। अधिकारियों ने बताया कि बारामूला जिले में प्रसिद्ध पर्यटक स्थल गुलमर्ग में पारा शून्य से 4.2 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया है। काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से 3.0 डिग्री सेल्सियस नीचे, कोकेरनाग में शून्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस नीचे और कुपवाड़ा में शून्य से 3.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया। मौसम विभाग कार्यालय ने कहा कि सामान्य रूप से बादल छाए रहेंगे लेकिन मौसम 16 दिसंबर तक मुख्यत: शुष्क रहेगा।


वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | |
|---|---|
| Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 |
| Science Practical | ₹ 65 |
| S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 |
| Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 |
| Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 |

| Class - IX | |
|---|---|
| Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar – II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

# जनजातीय सशक्तिकरण, बदलता भारत





**नरेन्द्र मोदी**

भारत तभी समृद्ध होगा जब हमारे जनजातीय समुदाय संपन्न होंगे, जनजातीय समुदायों का कल्याण हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

विविधता में एकता भारत की आबादी की सबसे शानदार विशेषताओं में से एक है। भारत में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी जनजातीय आबादी है। 2011 की जनगणना के अनुसार, भारत में जनजातीय जनसंख्या कुल जनसंख्या का लगभग 8.9 प्रतिशत है। पूरे देश में जनजातीय लोगों के पास अद्वितीय जीवनशैली और रीति-रिवाजों के साथ समृद्ध परंपराएं, संस्कृतियां और विरासत हैं।

खासी-गारो आंदोलन, मिजो आंदोलन, कोल आंदोलन आदि जैसे जनजातीय आंदोलन भारत के इतिहास और स्वतंत्रता संग्राम के अभिन्न अध्याय हैं। गोंड महारानी वीर दुर्गावती की वीरता हो या रानी कमलापति का बलिदान, देश इसे भूल नहीं सकता। वीर महाराणा प्रताप के संघर्ष की कल्पना उन वीर भीलों के बिना नहीं की जा सकती जिन्होंने कंधे से कंधा मिलाकर लड़ाई लड़ी और अपने जीवन का बलिदान किया। ऐसे कई जनजातीय नायक हैं जिन्होंने देश की आजादी की लड़ाई में अपने प्राणों की आहुति दी।

जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए और उनकी विरासत को चिह्नित करते हुए केंद्र सरकार ने महान स्वतंत्रता सेनानियों में से एक भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को 15 नवंबर, 2021 से जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया। स्वतंत्रता के बाद देश में पहली बार जनजातीय समाज की कला तथा संस्कृति और स्वतंत्रता आंदोलन एवं राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को गर्व के साथ याद किया जा रहा है और उन्हें इतने बड़े पैमाने पर सम्मानित किया जा रहा है। यह घोषणा जनजातीय समुदायों के गौरवशाली इतिहास को स्वीकार करती है और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में उनके प्रयासों को मान्यता देती है।

इसके अलावा, 15 नवंबर, 2023 को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू गांव का दौरा करने वाले पहले प्रधान मंत्री बने। इसके अलावा, प्रधान मंत्री ने विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के समग्र विकास के लिए लगभग 24,000 करोड़ रुपये के बजट के साथ प्रधान मंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जनमन) आधिकारिक रूप से शुभारंभ किया। मिशन को 9 मंत्रालयों के 11 हस्तक्षेपों के अभिसरण के माध्यम से कार्यान्वित किया जाएगा।

18 राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों में 75 पीवीटीजी हैं जो लगभग 28 लाख की आबादी वाले 22,544 गांवों (220 जिलों) में रह रहे हैं। ये जनजातियां बिखरी हुई, दूररदराज के इलाकों और दुर्गम बस्तियों, अक्सर वन क्षेत्रों में रहती हैं। इसलिए पीवीटीजी परिवारों और बस्तियों को सड़क व दूरसंचार कनेक्टिविटी, बिजली, सुरक्षित आवास, स्वच्छ पेयजल और स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य व पोषण तथा स्थायी आजीविका के अवसर तक बेहतर पहुंच जैसी बुनियादी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए एक मिशन की योजना बनाई गई है।

जनजातीय सशक्तिकरण के लिए एक अन्य पहल में, अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (संक्षेप में एफआरए) को संसद द्वारा वनों में रहने वाली अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वन निवासियों को मान्यता देने और वनों में उनके निहित हितों की रक्षा करने के लिए अधिनियमित किया गया था। ये वनवासी पीढ़ियों से वन भूमि में निवास कर रहे हैं लेकिन पैतृक भूमि और उनके आवास पर उनके अधिकारों को पर्याप्त रूप से मान्यता नहीं दी गई है, जो उनके साथ बड़ा अन्याय है। यह अधिनियम 31 दिसंबर 2007 को लागू हुआ। अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) नियम, 2007 को 01 जनवरी 2008 को अधिसूचित किया गया था।

इस अधिनियम के तहत, मई 2014 तक कुल 23,578 सामुदायिक अधिकार दिये गये जबकि 2014 से जून 2023 की अवधि के दौरान देशभर में 86,621 सामुदायिक अधिकार दिये गये हैं। एफआरए की शुरूआत से मई 2014 तक की अवधि के दौरान वितरित भूमि की कुल सीमा 55.30 लाख एकड़ थी, जबकि 2014 से जून 2023 की अवधि के दौरान 122.60 लाख एकड़ जमीन दी गई है, जो मई, 2014 तक की अवधि के दौरान वितरित की गई भूमि का लगभग दोगुना है। देशभर में 30 जून 2023 तक कुल 177.90 लाख एकड़ वन भूमि (47.56 लाख एकड़ व्यक्तिगत और 130.34 लाख एकड़ सामुदायिक) वितरित की गई है।

**जनजातीय समुदायों के समग्र कल्याण के लिए अन्य पहल**

जनजातीय कार्य मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के अलावा, सरकार के अन्य मंत्रालयों के अंतर्गत की गई पहलों द्वारा जनजातीय कल्याण पर ध्यान केन्द्रित किया गया, चाहे वह किसी भी क्षेत्र और प्रांत के हों। प्रधानमंत्री आवास योजना और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत क्रमशः आवास और सड़क सम्?पर्क से लेकर जन धन खातों के माध्यम से वित्तीय सशक्तिकरण, स्वयं सहायता समूहों का गठन और मुद्रा योजना तक, विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों ने जनजातीय समुदायों को बहुत लाभ पहुंचाया है। स्वच्छ भारत, गोबरधन योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना कुछ अन्य ऐसी योजनाएं हैं, जिनकी चर्चा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनजातीय गौरव दिवस 2022 के अवसर पर अपने संबोधन में की थी। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि भगवान बिरसा मुंडा और करोड़ों जनजातीय वीरों के सपनों को साकार करने के लिए राष्ट्र 'पंच प्रण' की ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है।

भारत के जनजातीय समुदायों का सम्मान और उनकी सराहना

उन राज्यों में 10 जनजातीय स्वतंत्रता सेनानियों के संग्रहालय स्वीकृत किए गए हैं जहां जनजातीय समुदाय रहते थे, उन्?होंने अंग्रेजों के खिलाफ संघर्ष किया और झुकने से इंकार किया। प्रधानमंत्री नरेन्?द्र मोदी ने 01 नवम्?बर, 2022 को राजस्थान के बांसवाड़ा जिले में मानगढ़ धाम को विकसित करने के लिए एक रोडमैप तैयार करने का आह्वान किया। राजस्थान-गुजरात सीमा के नजदीक स्थित, मानगढ़ धाम, वह स्थान है जहां 1913 में अंग्रेजों की सामूहिक गोलीबारी में 1500 से अधिक भील स्वतंत्रता सेनानियों की जान चली गई थी। मानगढ़ धाम को जनजातीय विरासत और उनकी समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर को प्रदर्शित करने वाले एक राष्ट्रीय स्मारक के रूप में राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र की सरकारों की संयुक्त परियोजना के रूप में विकसित किया जाएगा।

सरकार का ध्यान मुख्य रूप से अनुसूचित जनजातियों के समग्र विकास और उन्हें देश के अन्य समुदायों के समकक्ष लाने पर रहा है। सरकार ने अनुसूचित जनजातियों के लिए विकास कार्य योजना (डीएपीएसटी) के तहत वचनबद्ध मंत्रालयों/विभागों की योजनाओं के तहत जनजातीय समुदायों के विकास के लिए कई कदम उठाए हैं। अनुसूचित जनजातियों (एसटी) की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में उल?लेखनीय सुधार हुआ है। उदाहरण के लिए, एसटी की साक्षरता दर 2011 में 59 प्रतिशत (जनगणना) से बढ़कर आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के अनुसार जुलाई 2020-जून 2021 में 71.6 प्रतिशत हो गई है, जिसके परिणामस्?वरूप समग्र और एसटी साक्षरता के बीच का अंतर 2001-2011 के बीच 14 प्रतिशत से घटकर 2011-2021 के बीच 7.5 प्रतिशत पर आ गया। उच्च प्राथमिक स्तर पर सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) 91.3 (2013-14) से सुधरकर 98 (2021-22) हो गया है; माध्यमिक स्तर (क-) पर अनुसूचित जनजातीय छात्रों के लिए जीईआर 70.2 (2013-14) से बढ़कर 78.1 (2021-22) हो गया है; वरिष्ठ माध्यमिक स्तर (क-कक) पर एसटी छात्रों के लिए जीईआर 35.4 (2013-14) से बढ़कर 52.0 (2021-22) हो गया है और उच्च शिक्षा स्तर पर एसटी छात्रों के लिए जीईआर 13.7 (2014-15) से बढ़कर 18.9 (2020-21) हो गया है। सरकार द्वारा उठाए गए अन्य कदमों के साथ-साथ इन सभी पहलों ने जनजातीय समुदायों को उनकी संस्कृतियों, विरासतों और जीवन के तरीकों का सम्मान करते हुए मुख्यधारा में लाने का मार्ग प्रशस्त किया है।

## जनजातीय समुदायों का आर्थिक सशक्तिकरण

नरेन्द्र मोदी

जनजातीय समुदायों के कल्याण को प्राथमिकता देते हुए, जनजातीय कार्य मंत्रालय का बजट आवंटन 2013-14 के 4295.94 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 2023-24 में 12461.88 करोड़ रुपये कर दिया गया है जो लगभग 190.01 प्रतिशत की वृद्धि है।

संविधान के अनुच्छेद 275(1) के तहत राज्यों को धन जारी किया जाता है ताकि वे जनजातीय कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य द्वारा शुरू की जा सकने वाली विकास योजनाओं की लागत को पूरा करने में सक्षम हो सकें। प्रधानमंत्री वनबंधु विकास योजना के तहत, एसटी युवाओं द्वारा उद्यमिता/स्टार्ट-अप परियोजनाओं को बढ़ावा देने के लिए एक उद्यम पूंजी कोष स्थापित किया गया है। लघु वन उपज के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सुनिश्चित किया जाता है और प्रधानमंत्री जनजातीय विकास मिशन के माध्यम से जनजातीय उत्पादों के लिए विपणन सहायता प्रदान की जाती है। इस मिशन के तहत, स्वीकृत वन धन विकास केंद्र (वीडीवीके) की कुल संख्या 3958 है जबकि 398.49 करोड़ रुपये का वितरण किया गया है। इस योजना से कुल 183412 जनजातीय लोग जुड़े हुए हैं।

इसके अलावा, अनुसूचित जनजातियों के कल्याण के लिए काम करने वाले स्वयंसेवी संगठनों को शिक्षा, स्वास्थ्य और आजीविका में परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

ट्राइफेड, (भारतीय जनजातीय सहकारी विपणन विकास महासंघ) भारत के जनजातीय समुदायों के बीच आजीविका विकास के लिए खुदरा विपणन करने में मदद करता है। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक बजट अनुमान में 288 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया है, जिसे ट्राइफेड के माध्यम से विशेष रूप से स्वयं सहायता समूहों और उत्पादक उद्यमों के गठन के माध्यम से लागू किया जाएगा।

ट्राइफेड के तहत, 18 अप्रैल, 2023 को मणिपुर में पूर्वोत्तर क्षेत्र की अनुसूचित जनजातियों के लाभ के लिए एक केंद्रीय योजना 'उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के जनजातीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए विपणन और लॉजिस्टिक विकास (पीटीपी-एनईआर)' शुरू की गई थी।

### शैक्षिक सशक्तिकरण

आवासीय स्कूली सुविधाओं के माध्यम से दूरदराज के क्षेत्रों में एसटी छात्रों (कक्षा श्क-कक) को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) की स्थापना की गई है। अभी 401 ईएमआरएस में 1.2 लाख से अधिक छात्र पढ़ रहे हैं। यह उल्लेखनीय है कि ईएमआरएस में महिला छात्रों (60,815) की संख्या पुरुष छात्रों (59,255) से अधिक है। इसके अलावा, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के लिए कुल 38,000 शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों की भर्ती की जा रही है, जिससे 3.5 लाख जनजातीय छात्रों को लाभ होगा।

प्री-मैट्रिक और पोस्ट-मैट्रिक स्तर से लेकर विदेश में उच्च शिक्षा तक की पढ़ाई के लिए एसटी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए कई फेलोशिप और छात्रवृत्ति कार्यक्रम भी शुरू किए गए हैं। विशेष रूप से, पिछले नौ वर्षों के दौरान, कुल 3.15 करोड़ जनजातीय छात्रों को अप्रैल 2014 से सितंबर 2023 तक 17,087 करोड़ रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति/फेलोशिप दी गई है।

## आत्म निर्भर भारत की घोषणा के साथ एक दशक में विश्व पटल पर प्रसिद्ध होती खादी

पिछले 9 सालों में, भारतीय कारीगरों द्वारा खादी के चरखे पर बुनी गई क्रांति को पूरी दुनिया देख रही है। 'आत्मनिर्भर भारत' नाम की यह क्रांति भारतीयों के ह्यभावनात्मक मूल्योंह्न को दशार्ती है । यह स्वदेशी निर्मित वस्तुओं की आवश्यकता और महत्व का प्रतीक है। वर्तमान में ह्यखादीह्न हमारे राष्ट्र की प्रगति का अभिप्राय बन गई है।

खादी उद्योग, भारत के सबसे प्रमुख पारंपरिक उद्योगों में से एक है। यह उद्योग न केवल कारीगरों के लिए बिक्री और रोजगार के अवसरों को सृजित करता है, बल्कि निर्यात क्षमता, जीडीपी को भी मजबूत करता है। साथ ही ग्रामीण विकास और उद्यमिता को भी बढ़ावा देता है।

आर्थिक विकास

खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने भारत में सर्वश्रेष्ठ एफएमसीजी कंपनियों के कारोबार को भी पार कर लिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निरंतर समर्थन के कारण, केवीआईसी ने पहली बार 2022-23 में 1.34 लाख करोड़ रुपये का कारोबार किया है। देश में वर्ष 2013-14 में खादी और ग्रामोद्योग (केवीआई) उत्पादों का कारोबार 31,154 करोड़ रुपये था।

2013-14 से 2022-23 तक कारीगरों द्वारा निर्मित स्वदेशी खादी उत्पादों की बिक्री में 332% की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। पिछले 9 वर्षों में खादी वस्त्रों के उत्पादन में ऐतिहासिक बढ़ोतरी देखने को मिली है। वर्ष 2013-14 में खादी का उत्पादन 811 करोड़ रुपये था, 260% की उछाल के साथ 2022-23 में 2916 करोड़ रुपये के आंकड़े को छू गया है। 2013-14 से 2022-23 के बीच खादी वस्त्रों की मांग भी तेजी से बढ़ी है। 2013-14 में जहां इसकी बिक्री महज 1081.04 करोड़ रुपये थी, वहीं वर्ष 2022-23 के दौरान यह 450% बढ़कर 5942.93 करोड़ रुपये के आंकड़े को छू गई है।

खादी वस्त्रों के उत्पादन और बिक्री में हो रही वृद्धि का लाभ इस क्षेत्र से जुड़े कामगारों को भी मिल रहा है। 2013-14 के बाद से उनके पारिश्रमिक में 150% से अधिक की वृद्धि हुई है। इन कामगारों व बुनकरों के निरंतर प्रयासों और कड़ी मेहनत के कारण खादी क्षेत्र में यह उल्लेखनीय प्रगति संभव हुई है ।

ग्रामीण उद्योगों और सामुदायिक विकास सशक्त बनाती खादी

देश को आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य को पूरा करने में ग्रामीण पुनरोद्धार आवश्यक भूमिका निभाता है। बीते 9 वर्षों में इस क्षेत्र से जुड़े कारीगरों को डीबीटी के माध्यम से प्रदान की गई वित्तीय



सहायता, चरखा और करघे जैसी मौजूदा बुनियादी सुविधाओं का आधुनिकीकरण, डिजिटलीकरण, अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों के माध्यम से नई प्रौद्योगिकी और डिजाइनों के विकास में काफी वृद्धि हुई है। भारत सरकार के इन महत्वपूर्ण प्रयासों ने खादी एवं ग्रामोद्योग उत्पादों के विकास में अहम योगदान दिया है। केवीआईसी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए 2021 में एक सरकारी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ह्यईकिल्र्फह्ल का अनावरण किया, जो 50,000 से अधिक उत्पादों को प्रदर्शित करता है ।

देश में ग्रामीण पारंपरिक उद्योगों को बढ़ावा देने, विकसित करने और मजबूत करने के लिए खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी) ने कई अन्य पहल की है, उदाहरणार्थ केवीआईसी अपने ग्रामोद्योग कार्यक्रम के माध्यम से शहद और मधुमक्खी पालन, ताड़ के गुड़, मिट्टी के बर्तन, हस्तनिर्मित कागज और चमड़ा उद्योग, ग्रामीण इंजीनियरिंग आदि जैसे विभिन्न ग्रामीण उद्योगों में प्रशिक्षण प्रदान करने, आय बढ़ाने और आजीविका के अवसरों में सुधार करने के लिए कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर रहा है। इसके अलावा ग्रामीण महिलाओं को कार्यक्षेत्र में अग्रणी बनाने हेतु सिलाई मशीन प्रदान करने के साथ-साथ सिलाई प्रशिक्षण की व्यवस्था भी करता है। वर्ष 2013-14 से अब तक देश भर में 7.43 लाख लोगों को प्रशिक्षित किया गया है और कारीगरों को जरूरत आधारित टूल किट उपलब्ध कराए गए हैं। इसके अलावा, ₹वोकल फॉर लोकल₹ की अपील ने खादी को देश और विदेश में लोकप्रियता की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना

पिछले कुछ वर्षों में, केवीआईसी का मुख्य ध्येय कारीगरों और बेरोजगार युवाओं के लिए स्थायी रोजगार के अवसर सृजित करना रहा है । इसी प्रकार केवीआईसी ने वर्ष 2013-14 में सृजित 5 .6 लाख नये रोजगार अवसरों की तुलना में 2022-23 में कुल 9.5 लाख रोजगार के अवसर सृजित कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है ।

यही नहीं, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत, देश के युवाओं को स्वदेशी अभियान से जोड़कर राष्ट्र ने एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। पीएमईजीपी की 80% से अधिक इकाईयां ग्रामीण ईलाकों में स्थापित की जाती हैं, जिनमें से 50% से अधिक ईकाइयों का नेतृत्व अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला उद्यमियों द्वारा किया जाता है। इससे देश में महिला सशक्तिकरण और महिला उद्यमियों को बल मिला है। पीएमईजीपी के तहत, 2022-23 के दौरान 8.69 लाख नई परियोजनाओं की शुरूआत कर-के कुल 73.67 लाख लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान किए गए हैं, जिसमे 2008-09 से 2022-23 तक 21870.18 करोड़ रुपये की कुल मार्जिन मनी सब्सिडी वितरित की गयी है। इसके अलावा, केवीआईसी अपने प्रशिक्षण केन्द्रों और अन्य संवर्धनात्मक स्कीमों के माध्यम से बेरोजगार युवाओं के लिए कौशल विकास कार्यक्रम (एसडीपी) और उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम (ईएपी) आयोजित करता है ताकि पारंपरिक उद्योगों में स्व-रोजगार के अवसर तैयार किए जा सकें। संक्षेप में, खादी उद्योग न केवल भारत के स्वतंत्रता आंदोलन और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है, बल्कि आर्थिक विकास, रोजगार और सतत विकास का एक अनिवार्य स्रोत भी है। खादी उद्योग को बढ़ावा देकर राष्ट्र ने सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय लाभ प्राप्त किए हैं, जिससे देश की समग्र प्रगति में योगदान मिला है।

## बेहतर बुनियादी ढांचा और आजीविका के अवसर

**नरेन्द्र मोदी**

प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना (पीएमएएजीवाई) का उद्देश्य अधिक जनजातीय आबादी वाले गांवों में बुनियादी ढांचा प्रदान करना है। इस योजना के तहत, 50 प्रतिशत जनजातीय आबादी और 500 अनुसूचित जनजाति (एसटी) वाले 36428 गांवों की पहचान इन गांवों में बुनियादी ढांचा सुविधाएं प्रदान करने के लिए की गई है, जिसमें नीति आयोग द्वारा पहचाने गए आकांक्षी जिलों के गांव भी शामिल हैं। कुल आकांक्षी जिलों में से 86 जिले ऐसे हैं जिनमें 10509 गांव पीएमएएजीवाई के अंतर्गत आते हैं।



**बेहतर स्वास्थ्य परिणामों के लिए पहल**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन ने सिकल सेल रोग सहित हीमोग्लोबिनोपैथी को नियंत्रित करने और रोकने के लिए एक व्यापक दिशानिर्देश तैयार किया है और इसे राज्यों को भेजा गया है।

सरकार ने सिकल सेल रोग के लगभग पूर्ण उन्मूलन को सुनिश्चित करने के लिए काम किया है, जो मध्य, पश्चिमी और दक्षिणी भारत में जनजातीय आबादी को प्रभावित करने वाला एक आनुवंशिक रक्त विकार है। इस संबंध में प्रधानमंत्री ने 1 जुलाई 2023 को मध्य प्रदेश से सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन मिशन शुरू किया था। इस मिशन का लक्ष्य जागरूकता सृजन के माध्यम से सिकल सेल रोग की व्यापकता, जनजातीय क्षेत्रों के प्रभावित 278 जिलों में 0-40 वर्ष के आयु वर्ग के 7 करोड़ लोगों की जांच और केंद्रीय मंत्रालयों तथा राज्य सरकार के सहयोगात्मक प्रयासों के माध्यम से परामर्श के जरिये सभी सिकल सेल रोग से ग्रस्त लोगों को सस्ती और सुलभ देखभाल, एससीडी रोगियों के लिए देखभाल की गुणवत्ता और सिकल सेल बीमारी की मौजूदगी में कमी लाना है। इस मिशन के तहत कुल 58.6 लाख लोगों की जांच की गई है।

मिशन इंद्रधनुष जैसी अन्य स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का उद्देश्य दो साल तक के बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए सभी उपलब्ध टीकों के साथ पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करना और कोविड-19 के निःशुल्?क टीकों का प्रावधान करना है। इन योजनाओं के द्वारा जनजातीय समुदायों पर विशेष ध्?यान दिया गया है। जनजातीय समूहों के विशेष संदर्भ में एक और महत्वपूर्ण योजना निक्षय मित्र पहल है, जो तपेदिक का इलाज पाने वाले लोगों का अतिरिक्त नैदानिक, पोषण और व्यावसायिक सहायता सुनिश्चित करती है।

उपरोक्त के अलावा, जनजातीय अनुसंधान संस्थान (टीआरआई) को सहायता प्रदान करने वाली योजना का उद्देश्य अनुसंधान, दस्तावेज तैयार करने, प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण गतिविधियों को पूरा करने के लिए टीआरआई को मजबूत करना है तथा टीआरआई को समग्र जनजातीय विकास को पूरा करने वाले ज्ञान केंद्र के रूप में कार्य करने में सक्षम बनाना है।

नल जल आपूर्ति 13.69 करोड़ (71%) ग्रामीण परिवारों तक पहुंची

2024 तक नल जल कनेक्शन के माध्यम से देश के प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नियमित और दीर्घकालिक आधार पर निर्धारित गुणवत्ता की पर्याप्त मात्रा में पीने योग्य पानी सुनिश्चित करने में सक्षम बनाने के लिए, अगस्त 2019 से भारत सरकार राज्यों के साथ साझेदारी के तहत जल जीवन मिशन (जेजेएम) - हर घर जल को लागू कर रही है।

मिशन के उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए, जेजेएम के तहत निम्नलिखित घटकों की परिकल्पना की गई हैः

प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल के पानी का कनेक्शन प्रदान करने के लिए गांव में पाइप जलापूर्ति बुनियादी ढांचे का विकास।

जल आपूर्ति प्रणाली को दीर्घकालिक स्थिरता प्रदान करने के लिए विश्वसनीय पेयजल स्रोतों का विकास और/या मौजूदा स्रोतों का संवर्द्धन।

**थोक जल अंतरण, उपचार संयंत्र और वितरण नेटवर्क।**

जहां पानी की गुणवत्ता एक मुद्दा है, वहां दूषित पदार्थों को हटाने के लिए तकनीकी हस्तक्षेप।

55 एलपीसीडी के न्यूनतम सेवा स्तर पर एफएचटीसी प्रदान करने के लिए पूर्ण और चालू योजनाओं की रेट्रोफिटिंग।

ग्रेवॉटर प्रबंधन-उपचार और पुनः उपयोग; और

**समुदायों की गतिविधियों और क्षमता निर्माण में सहायता करना**

15 अगस्त 2019 को जल जीवन मिशन की घोषणा के समय, 3.23 करोड़ (17%) ग्रामीण घरों में नल के पानी के कनेक्शन होने की सूचना मिली थी। राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा 29.11.2023 को प्रदान किए आंकड़ों के अनुसार, अब तक लगभग 10.46 करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण परिवारों को नल के पानी के कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 29.11.2023 तक, देश के 19.24 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से, लगभग 13.69 करोड़ (71%) परिवारों के घरों में नल के पानी की आपूर्ति होने की सूचना है। 30.09.2023 और 29.11.2023 तक नल जल कनेक्शन का राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार विवरण संलग्न है।

9 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों गोवा, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब और तेलंगाना, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, दादरा नगर हवेली और दमन दीव और पुडुचेरी ने सूचित किया था कि उन्होंने 30 सितंबर 2023 तक संबंधित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश के सभी ग्रामीण घरों में नल के पानी के पानी का कनेक्शन प्रदान कर दिया था।

यह जानकारी जल शक्ति राज्य मंत्री श्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में प्रदान की।